''बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001.''

पंजीयन क्रमांक ''छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-1-03.''

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 47] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 24 नवम्बर 2006—अग्रहायण 3, शक 1928

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक. (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 नवम्बर 2006

क्रमांक ई-1-16/2004/एक/2.—भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 13017/18/2006-एआईएस (I), दिनांक 23-10-2006 द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम-5 (2) के अंतर्गत श्री मंदीप सिंह ब्रार, भा. प्र. से. (RR:2005) की सेवायें छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग से हरियाणा राज्य संवर्ग में स्थानांतरित किये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. पी. बगाई, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2006.

रायपुर, दिनांक 7 नवम्बर 2006

क्रमांक एफ-7-16/2005/1/6.—राज्य शासन, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 22 अक्टूबर, 2005 के तारतम्य में सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 27 की उपधारा (2) (ख) एवं (ग) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 24 (4) के तहत छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों से छूट प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नन्द कुमार, सचिव.

रायपुर, दिनांक 7 नवम्बर 2006

क्रमांक ई-7/35/2004/1/2.—श्री आर. एस. विश्वकर्मा, भा. प्र. से., कलेक्टर, राजनांदगांव को दिनांक 06-11-2006 से 17-11-2006 तक (12 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 05 नवम्बर, 2006 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री विश्वकर्मा, आगामी आदेश तक कलेक्टर, राजनांदगांव के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री विश्वकर्मा को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विश्वकर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री विश्वकर्मा के उक्त अवकाश अवधि में श्री डी. डी. सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजनांदगांव अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ कलेक्टर, राजनांदगांव का चालू कार्य सम्पादित करेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, उप-सचिव.

जल संसाधन (आयाकट) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 नवम्बर 2006

क्रमांक 37/06/आया/40.—छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी अधिनियम के अंतर्गत (1) छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी नियम, 2006 एवं (2) छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी निर्वाचन नियम, 2006 एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
दिलीप वासनीकर, संयुक्त सचिव.

"छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी नियम, 2006"

विषय – सूची

खण्ड :–

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ
2. परिभाषाएं
3. सिंचाई प्रणाली के कमांड क्षेत्र का अंकन
4. भू–धारक की सूची, मतदाता सूची तथा अन्य जल उपभोक्ताओं की सूची तैयार करना
5. वितरक क्षेत्रों का अंकन
6. परियोजना क्षेत्रों का अंकन
7. निर्वाचन संचलित करने की प्रक्रिया
8. वापस बुलाना
9. कृषक संगठनों के अधिकार
10. कृषक संगठनों के दायित्व
11. सदस्यों के अधिकार
12. वैयक्तिक जल उपभोक्ता के दायित्व
13. सामान्य सभा
14. साधारण निकाय का सम्मिलन
15. सम्मिलन की सूचना
16. साधारण निकाय के लिये गणपूर्ति
17. सम्मिलन का कार्यवृत
18. सामान्य सभा की शक्तियां

19. प्रबंधन समिति की बैठके

20. उपसमितियों का गठन व उसके कार्य

21. संकर्म हाथ में लेने की प्रक्रिया

22. अतिक्रमणों को हटाना

23. कृषक संगठन की सामाजिक संपरीक्षा

24. कार्य योजना और जल बजट

25. जल विधिनियम

26. लेखे/वित्त

27. अभिलेखों का संधारित किया जाना

28. शुल्कों का उद्ग्रहण और संग्रहण

29. वित्तीय संपरीक्षा

30. लेखा परीक्षक की शक्तियां

31. लेखा परीक्षक द्वारा बिना अनुमति किसी दस्तावेज को न हटाया जाना

32. लेखा परीक्षण की सूचना

33. खातों व स्टेटमेन्ट्स का अभिप्रमाणन

34. लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

35. प्रबंध समिति को भंग करना

36. अपराध एवं शास्तियां

37. सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति

38. सक्षम प्राधिकारी के कृत्य

प्ररूप :—

प्ररूप "क" — अधिसूचना

प्ररूप "ख" — प्ररुप "क" का संशोधन

प्ररूप "ग" — भू–धारियों की सूची

प्रारूप "घ" – सभी अन्य जल उपभोक्ताओं की सूची

प्रारूप "ङ" – नाम सम्मिलित करने पर आपत्ति

प्रारूप "च" – निर्वाचक नामावली में नाम प्रविष्टि हेतु आवेदन

प्रारूप "छ" – निर्वाचक नामावली में से प्रविष्टि निकालने हेतु आवेदन

प्रारूप "ज" – निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन हेतु सूचना

प्रारूप "झ" – घोषणा

प्रारूप "ञ" – सारणी

प्रारूप "ट" – सारणी

प्रारूप "ठ" – वापसी सूचना

प्रारूप "ड" – सत्यापन

प्रारूप "ढ" – तकनीकी स्वीकृति/प्रशासकीय स्वीकृति रजिस्टर

प्रारूप "ण" – कार्य खंडों का रजिस्टर

प्रारूप "त" – भवन एवं भूमि का रजिस्टर

प्रारूप "थ" – पौधे–घास–अन्य विविध संपत्ति का रजिस्टर

प्रारूप "द" – संयंत्र रजिस्टर

प्रारूप "ध" – जलाशय गैज एवं निस्सारण रजिस्टर

प्रारूप "न" – नहर–गैज–निस्सारण रजिस्टर

प्रारूप "प" – कमांड क्षेत्र रजिस्टर

प्रारूप "फ" – सिंचित क्षेत्र एवं मांग रजिस्टर

प्रारूप "ब" – रोकड़ बही

प्रारूप "भ" – अस्थायी प्राप्ति रसीद (मूल प्रति) / अस्थायी प्राप्ति रसीद (द्वितीय प्रति)

प्रारूप "भ–1" – अस्थायी प्राप्ति रसीद (मूल प्रति) / अस्थायी प्राप्ति रसीद (द्वितीय प्रति)

प्रारूप "भ–2" – प्राप्ति रसीद (मूल प्रति) / प्राप्ति रसीद (द्वितीय प्रति)

प्रारूप "भ–3" – प्राप्ति रसीद (मूल प्रति) / प्राप्ति रसीद (द्वितीय प्रति)

प्रारूप "भ–4" – रसीद बुक निर्गम

प्रारूप "म" – बिल रजिस्टर

प्रारूप "य" – चैक मेमो रजिस्टर

प्रारूप "य–1" – विशेष शुल्क रजिस्टर

प्रारूप "य–2" – कृषक संगठन के लेखों का लेखा परीक्षक का प्रतिवेदन

अधिसूचना

दिनांक 18-10-06

छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी अधिनियम, 2006 (क्रमांक 7, सन् 2006) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ** – (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम "छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी नियम, 2006" है.

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं** – इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों, –

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी अधिनियम, 2006;

(ख) "प्राधिकृत अधिकारी" से अभिप्रेत है, जिला कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत ऐसा अधिकारी जो नायब तहसीलदार का पदश्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो;

(ग) "प्ररूप" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न प्ररूप;

(घ) "कृषक संगठन" से अभिप्रेत है, प्राथमिक स्तर पर जल उपभोक्ता संथा द्वितीयक स्तर पर वितरिका समिति तथा परियोजना स्तर पर परियोजना समिति;

(ङ) "सूचना" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न सूचना;

(च) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के जो इस नियम में प्रयुक्त हैं, किंतु परिभाषित नहीं हैं उनके वे ही अर्थ होंगे जो छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी अधिनियम 2006 (क्रमांक 7 सन् 2006) एवं छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी निर्वाचन नियम 2006 में है।

3. **सिंचाई प्रणाली के कमांड क्षेत्र का अंकन** – (1) जिला कलेक्टर, अधिसूचना द्वारा अपने जिले के भीतर प्रत्येक सिंचाई प्रणाली के अधीन के कमांड क्षेत्र को जलीय आधार पर प्रशासनिक दृष्टि से व्यवहार्य रूप से अंकित कर सकेगा तथा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिये उसे जल उपभोक्ता क्षेत्र घोषित कर सकेगा और इस उपनियम के अधीन संशोधित अधिसूचना प्ररूप (क) में सुभिन्न कृषक संगठन के नाम द्वारा प्रकाशित कर सकेगा.

(2) कलेक्टर द्वारा कमांड क्षेत्र के अंकन हेतु अधिनियम 3 की उपधारा (1) और (2) के अनुसार सिंचाई व्यवस्था के अंतर्गत अधिसूचित जल उपभोक्ता संथा क्षेत्र की चिन्हित जल उपभोक्ता संथाओं के आयाकट नक्शों का निर्माण करवाया जायेगा। यह नक्शे जलीय सीमाओं पर आधारित होंगे, जिनमें प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का स्पष्ट उल्लेख होगा।

(3) इस नियम के प्रयोजन के लिए, प्रत्येक जल उपयोगकर्ता संथा किसी ग्राम के नाम से होगी जिसमें उसके सुभिन्न नाम से कमांड क्षेत्र का बड़ा हिस्सा स्थित है. यदि ऐसे ग्राम में एक से अधिक संथा है, तो ऐसी संथा सुभिन्न नाम में अंक जोड़ कर जानी जाएगी.

(4) कलेक्टर, प्रत्येक सिंचाई प्रणाली के लिए वितरण प्रणाली जैसे कमांड क्षेत्र से संबंधित संरचना के साथ वृहद, लघु तथा निकास दर्शाते हुए नक्शे या स्केच तैयार करावाएगा. नक्शे या स्कैच में ग्राम की सीमाएं, नालियां, आयाकट, सड़कें तथा समस्त संरचनाएं चिन्हित होंगी.

(5) प्रत्येक वितरिका एवं लघु नहर के अधीन सिंचित क्षेत्रों या सिंचित की जाने वाली योजनाएं लघु, सर्वे क्रमांकवार तैयार की जाएंगी.

(6) प्रत्येक जल उपभोक्ता क्षेत्र का अंकन जलीय आधार पर होगा. जिसमें कमांड क्षेत्र तथा सिंचाई प्रणाली के किसी सुभिन्न खंड द्वारा प्रत्येक के काम में आने वाले या नियंत्रित संरचना या उसके शीर्ष पर किसी यंत्र रचना के साथ उस कमांड क्षेत्र के लिए जल की आबंटित या परिकल्पित मात्रा के प्रदाय किया जाना हो.

(7) अंकित क्षेत्र में एक या अधिक वितरिकाओं या लघु या उपलघु या सीधे पाइप या निकास या उसके दो या अधिक संयोजन जो उसके कमांड में आने वाले हो सकेंगे. इसमें सुभिन्न सीमांकित सीमा जिसमें नाली या बंध या असैंच्यभूमि भी होगी.

(8) लघु सिंचाई प्रणाली की दशा में जिसमें तालाब, उपयोजन, जल सारणी, उद्वहन सिंचाई स्कीम (लिफ्ट इरीगेशन स्कीम), कुंए तथा प्रत्येक ऐसी अन्य लघु सिंचाई प्रणाली सम्मिलित है, एक जल उपभोक्ता क्षेत्र के रूप में माना जाएगा.

(9) वृहद तथा मध्यम सिंचाई प्रणाली की दशा में ऐसे जल उपयोग क्षेत्र एक से अधिक होंगे.

(10) प्रशासनिक रूप से जीवनक्षम होने के लिये आवश्यक है कि जल उपभोक्ता संथा के कार्यक्षेत्र की सीमा यथा संभव ग्राम सीमा अथवा उसी राजस्व मंडल के सेट हुये ग्राम की सीमा के साथ–साथ रहे। अपवाद प्रकरणों में जल उपभोक्ता संथा का कार्यक्षेत्र दूसरे तालुक अथवा जिले में भी बढ़ाया जा सकता है।

(11) प्रभारी नहर अधिकारी जो कि एक कार्यपालन अभियंता के पद से नीचे का व्यक्ति नहीं होगा व इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया जावेगा, सरकारी राजपत्र में प्रकाशन द्वारा उद्वहन सिंचाई योजना व ट्यूब वेल सिंचाई जल उपभोक्ता संथाओं के कमांड क्षेत्र का निहित दिशा निर्देशों एवं अधिनियम की धारा 23 के अनुसार अंकन करेगा व उन क्षेत्रों का उद्वहन सिंचाई या ट्यूब वेल सिंचाई जल उपभोक्ता संथाओं का कार्यक्षेत्र घोषित करेगा।

परंतु प्रत्येक उद्वहन सिंचाई योजना में एक उद्वहन सिंचाई जल उपभोक्ता संथा का होना अनिवार्य है। किसी उद्वहन सिंचाई परियोजना जिसका कमांड क्षेत्र 2000 हेक्टेयर से अधिक है वहां एक से अधिक उद्वहन सिंचाई जल उपभोक्ता संथा का होना अनिवार्य है।

साथ ही यह भी प्रावधान है कि ट्यूब वैलों के संकुल में एक ट्यूब वेल जल उपभोक्ता संथा होनी चाहिए व इस ट्यूब वेल जल उपभोक्ता संथा का कार्यक्षेत्र या कमांड क्षेत्र जहां तक संभव हो 40 से 300 हेक्टेयर के मध्य होना चाहिए एवं एक ट्यूब वेल इकाई के जल उपभोक्ता संथा के कार्य क्षेत्र की भौतिक दूरी दूसरे ट्यूब वेल जल उपभोक्ता संथा से दस कि.मी. से अधिक नहीं होनी चाहिये।

परंतु एक ट्यूब वेल जल उपभोक्ता संथा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक ट्यूब वेल इकाई हेतु एक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र होगा।

(12) इस अधिनियम के उपनियम (11) के अधीन लघु सिंचाई व्यवस्था के जल उपभोक्ता संथा हेतु बनाये गये प्रावधान, उद्वहन व ट्यूब वेल जल उपभोक्ता संथा के अंकन व कार्य निष्पादन में आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू किये जा सकेंगे।

(13) उपनियम (11) के अनुसार उद्वहन या ट्यूबवेल सिंचाई जल उपभोक्ता संथा के कार्यक्षेत्र के रूप में 3 चिन्हित क्षेत्रों में, भू–धारकों अर्थात छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 (क्र. 20 सन 1959) के अधीन अधिकारों के अभिलेख में इस रूप में अभिलिखित भू स्वामी या अभिधारकों के द्वारा उद्वहन या ट्यूबवेल जल उपभोक्ता संथा का गठन किया जावेगा।

(14) जलीय आधार पर प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सीमांकन के समय, प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों को उनकी जल स्त्रोत से दूरी के आधार पर शीर्ष, मध्य एवं अंतिम छोर के रूप में बांटा जावेगा।

(15) सीमांकित क्षेत्रों के संदर्भ में कलेक्टर द्वारा अधिसूचना जारी की जावेगी एवं यह सीमांकन, सिंचाई परियोजना से संबद्ध प्रभारी नहर अधिकारी के अनुशंसाओं पर आधारित होगा। नहर अधिकारी अपनी अनुशंसा योजना के अंतर्गत संभावित हितग्राहियों किसानों (कृषकों) से परामर्श के पश्चात् ही देगा।

(16) जिले कलेक्टर, जल उपभोक्ता क्षेत्रों को, जहां तक संभव हो समान रूप से वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजना के रूप में निम्नानुसार बांटेगा, परंतु यह प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र 12 से अधिक नहीं होंगे।

1000 हेक्टेयर तक	:	न्यूनतम 4 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र
1001 से 1500 हेक्टेयर तक	:	8 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र तक
1501 से 2000 हेक्टेयर तक	:	12 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र तक

(17) जिला कलेक्टर जल उपभोक्ता क्षेत्रों को, जहां तक संभव हो समान रूप से लघु सिंचाई परियोजना के रूप में निम्नानुसार बांटेगा, परंतु यह प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र 10 से अधिक नहीं होंगे।

200 हेक्टेयर तक	:	न्यूनतम 4 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र
201 हेक्टेयर से 600 हेक्टेयर तक	:	6 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र तक
601 हेक्टेयर से 1000 हेक्टेयर तक	:	8 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र तक
1001 हेक्टेयर से 2000 हेक्टेयर तक	:	10 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र तक

टिप्पणी :– सीधे पाइप निकासी से कमांड क्षेत्र दो भागों में विभक्त नहीं होगा जबकि प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र विभाजित हुए हों.

(18) कमांड क्षेत्र के कार्य क्षेत्र में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण, जल उपभोक्ता क्षेत्र के मसौदे, नक्शे (मानचित्र) या स्कैच तैयार किए जाएंगे. प्ररूप "क" में प्रत्येक ऐसे प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में स्थित भूमि के सर्वे क्रमांक में अंतर्विष्ट ब्यौरे भूमि धारक का सूचना देने के लिए ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत के सूचना फलक पर ऐसे मानचित्र या स्कैच के साथ प्रदर्शित करेगा.

(19) जल उपभोक्ता क्षेत्र या प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के किसी भाग के अंकन के विरूद्ध आपत्तियां या सुझाव, यदि कोई हो, कार्यक्षेत्र में भूमि धार द्वारा प्रदर्शन की तारीख कों अपवर्जित करते हुए सात दिन की कालावधि भीतर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी.

(20) जिला कलेक्टर, ऐसी आपत्तियां या सुझावों के प्राप्त होने के दो दिन के भीतर संक्षिप्त जांच करने के पश्चात् जब कभी आवश्यक हो, उसके कारणों को सम्यक रूप से अभिलिखित करते हुए नक्शे (मानचित्र) या स्कैच में ऐसे परिवर्तन करेगा या उन्हें रूपांतरित करेगा, जिसका उस पर विनिश्चय अंतिम होगा.

(21) जिला कलेक्टर द्वारा उपनियम (13) के अनुसरण में अंतिम नक्शा या स्कैच, ग्राम पंचायत या जनपद पंचायत के कार्यालय मे प्ररूप "ख" में शीघ्र प्रदर्शित किया जाएंगा.

(22) जब कभी किसी जल उपभोक्ता संथा का कार्यक्षेत्र एक से अधिक जिलों में हो, तो राज्य का सचिव संबंधित किसी जिले के कलेक्टर को ऐसे क्षेत्रों के लिये कलेक्टर के रूप में कार्य करने एवं शक्तियों का प्रयोग करने हेतु निर्देशित करेगा।

(23) नये तथा कार्य प्रगति पर वाली योजनाओं में, जल उपभोक्ता संथा के कार्यक्षेत्र को तय करने हेतु कमाण्ड क्षेत्र सीमांकन, इस नियम के अंतर्गत विहित रीति से किया जाना चाहिये।

4. **भू–धारक की सूची, मतदाता सूची तथा अन्य जल उपभोक्ताओं की सूची तैयार करना** – (1) जिला कलेक्टर, प्ररूप "ग" में अधिकार अभिलेख के आधार पर भू–धारकों की सूची तैयार करेगा या प्राधिकृत अधिकारी से तैयार करवाएगा। ऐसी सूची में भू–धारक की पत्नी का नाम, जो कि भू–धारक नहीं है, को अधिनियम के अंतर्गत भू–धारक मानकर सम्मिलित किया जाएगा। इस प्रकार तैयार की गई सूची के आधार पर, वह प्ररूप "घ" में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाताओं की सूची उन भू–धारकों को, जिनमें भू–धारक की पत्नी सम्मिलित है, मिलाकर तैयार करेगा या तैयार करवाएगा जिन्होंने कि किसी जल उपभोक्ता क्षेत्र में जल उपभोक्ता संथा अध्यक्ष तथा प्रबंध समिति के सदस्यों के निर्वाचन कराने के लिये अधिसूचना जारी होने की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है.

(2) उपनियम (1) के अधीन तैयार की गई सूची, संबंधित ग्राम पंचायत या जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी.

(3) उपनियम (1) में उल्लेखित सूची को अंतिम रूप देने से पूर्व, जिला कलेक्टर प्ररूप "च" में किसी नाम या नामों का सम्मिलित करने तथा प्ररूप "छ" में किसी नाम या नामों को हटाने के लिए उपनियम (2) के अंतर्गत प्रदर्शित की गई सूची के लिए एक सप्ताह के भीतर प्ररूप ड में आपत्तियां आमंत्रित करेगा. आपत्तियों के प्राप्त होने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिला कलेक्टर एक सप्ताह के भीतर ऐसी समस्त आपत्तियों पर विचार करेगा तथा ऐसी प्रत्येक सूची के अंत में हटाये गये या सम्मिलित किए गये नामों को जोड़कर ऐसी सूची को अंतिम रूप देगा तथा उसकी अंतिम सूचना प्ररूप "ज" में सत्यापन के लिये प्रकाशित करेगा.

(4) जल उपभोक्ता क्षेत्र में प्रत्येक भू-धारक का उक्त क्षेत्र में उसके भूमिघृति खाते को विचार में लाए बिना केवल एक मत होगा.

(5) (एक) उन मामलों में जहां कि भू-धारक किसी जल उपभोक्ता क्षेत्र के एक से अधिक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में भूमि रखता है तो भू धारक प्राधिकृत अधिकारी को प्ररूप "झ" में यथा विनिर्दिष्ट घोषणा करके एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए विकल्प लेगा.

(दो) उस मामलों में जहां भू-धारक द्वारा ऐसे विकल्प का प्रयोग नहीं किया जाता है, वहां प्राधिकृत अधिकारी उस निर्वाचन क्षेत्र के लिए उसका मत आबंटित करेगा जिसमें भू-धारक भूमि को अधिकतम सीमा धारण करता है, जहां ऐसी भूमि इस प्रकार धारित है तो उसे दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में से किसी एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आबंटित कर सकेगा.

(6) उपनियम (1) के अंतर्गत तैयार की गई सूची, छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी निर्वाचन नियम, 2006 के अनुसार पश्चात्वर्ती निर्वाचन प्रारंभ होने के 6 माह पूर्व पुनरीक्षित की जाएगी.

5. **वितरक क्षेत्रों का अंकन** – (1) सरकार, जीवनक्षम कार्य को ध्यान में रखते हुए तथा जिला कलेक्टर के परामर्श से वृहद परियोजना के अंतर्गत वितरिका समिति गठन करने के प्रयोजन के लिए इन नियमों में प्ररूप "ञ" में अधिसूचना द्वारा वितरक क्षेत्रों की ऐसी संख्या में कमांड क्षेत्र अंकित कर सकेगी जैसा वह, उचित समझे.

(2) उपनियम (1) के अनुसार अंकन संबंधित सिंचाई परियोजना से संबद्ध प्रभारी नहर अधिकारी एवं संबंधित जल उपभोक्ता संथाओं के संयुक्त अनुशंसाओं पर आधारित होगा।

(3) एक वितरक क्षेत्र में समीपस्थ दो या अधिक जल उपभोक्ता क्षेत्र अन्तर्विष्ट हो सकेंगे.

(4) किसी वितरक क्षेत्र को अंकित करते समय जल उपभोक्ता क्षेत्र को उसके भागों में विभक्त या बांटा नहीं जाएगा.

6. **परियोजना क्षेत्रों का अंकन** – (1) सरकार, जीवनक्षम कार्य को ध्यान में रखते हुए, तथा जिला कलेक्टर के परामर्श से वृहद सिंचाई परियोजना के अंतर्गत किसी परियोजना समिति या समितियों को गठित करने के प्रयोजन के लिए इन नियमों मे प्ररूप "ट" में अधिसूचना द्वारा एक या अधिक परियोजना क्षेत्रों में कमांड क्षेत्र को अंकित करेगी.

(2) उपनियम (1) के अनुसार अंकन सिंचाई परियोजना से संबद्ध प्रभारी नहर अधिकारी एवं परियोजना क्षेत्र की वितरिका समितियों के अध्यक्षों की संयुक्त अनुशंसाओं पर आधारित होगा।

(3) मध्यम सिंचाई परियोजना के अधीन पूर्ण कमांड क्षेत्र को एकल इकाई के रूप में माना जाएगा तथा परियोजना क्षेत्र के रूप में सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा.

7. निर्वाचन संचालित करने की प्रक्रिया –

(1) कृषक संगठन के अध्यक्ष के पद का या सदस्यों का निर्वाचन, छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी निर्वाचन नियम, 2006 के उपबंधों के अनुसार यथा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार संचालित किया जाएगा.

(2) कोई सदस्य जल उपभोक्ता संथा में एक से अधिक निर्वाचक पद धारण नहीं करेगा. यदि कोई व्यक्ति जल उपभोक्ता संथा के अध्यक्ष के रूप में तथा प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में भी निर्वाचित हो जाता है तो वह परिणाम की घोषणा होने की तारीख से 15 (पंद्रह) दिन के भीतर, संबंधित सक्षम अधिकारी को संबंधित पत्र द्वारा ऐसे पदों में से एक पद त्याग देगा. यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो वह जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति का सदस्य नहीं रह जाएगा. सक्षम अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी तथा वितरिका समिति के अध्यक्ष को, जहां कि ऐसी समिति विद्यमान हो, ऐसे पद त्यागने या पद पर नहीं बने रहने के तथ्य की जानकारी शीघ्र देगा. ऐसी आकस्मिक रिक्ति अधिनियम की धारा 20 के उपबंधों के अनुसार भरी जायेगी.

8. वापस बुलाना –

(1) सक्षम प्राधिकारी, प्रबंध समिति के सभापति (चेयरपर्सन) या अध्यक्ष या किसी सदस्य के संबंध में किसी कृषक संगठन से वापस बुलाने के लिये सूचना प्राप्त कर जिला कलेक्टर या उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट किसी अधिकारी को देगा.

(2) जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष या किसी सदस्य के संबंध में कुल मतदाताओं के एक तिहाई मतदाताओं और वितरिका समिति या परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष या किसी सदस्य के संबंध में साधारण निकाय के कुल सदस्यों के एक तिहाई सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित वापस बुलाने की सूचना प्ररूप "ठ" में होगी.

परंतु किसी पदधारी को वापस बुलाने के प्रस्ताव को इस पदधारी के उस पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के भीतर लाने की अनुमति नहीं होगी।

परंतु यह और भी कि वे सदस्य जिन्होंने जल शुल्क अदा नहीं किया है व बाकीदार हैं, उन्हें वापस बुलाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की अनुमति नहीं होगी।

(3) सक्षम प्राधिकारी ऐसी सूचना प्राप्त करने पर प्ररूप "ड" में सूचना का सम्यक सत्यापन करेगा.

(4) जिला कलेक्टर द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी, यथास्थिति, संबंधित कृषक संगठन के मतदाताओं का या साधारण निकाय के सदस्यों का सम्मिलन करने के लिए सूचना के सत्यापन करने के पश्चात् सात दिन के भीतर बुलाएगा.

(5) जब उपस्थित तथा मतदान करने वाले मतदाताओं के दो तिहाई बहुमत करने वाली संथा के सदस्यों की कुल संख्या के आधे सदस्यों द्वारा इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से बुलाये गये साधारण निकाय के सम्मिलन में वापस बुलाये जाने के लिए संकल्प के पक्ष में मतदान होता है तो संकल्प पारित किया गया समझा जाएगा.

(6) उपनियम (5) के अधीन प्रस्ताव पारित होने के पश्चात् सक्षम प्राधिकारी इसके पश्चात् संबंधित कृषकों के संगठन के संबंधित अध्यक्ष या सदस्य के प्रस्ताव की कार्यवाहियों को यह कथित करते हुए जारी करेगा कि वापस बुलाने का आदेश संकल्प पारित हो जाने की तारीख से प्रभावी हो गया है और तद्नुसार वह ऐसे पद पर नहीं रहेगा.

कृषक संगठनों के अधिकार — कृषक संगठनों के निम्नलिखित अधिकार होंगे :—

(i) समय पर जल उपलब्धता के संबंध में, मुख्य नहर के खुलने/बंद होने की, जल प्रदाय की मात्रा व समय की नहरों के बंद होने की जानकारी प्राप्त करना;

(ii) जल उपभोक्ताओं को साम्य व सामाजिक न्याय के आधार पर वितरण हेतु सिंचाई विभाग से बड़ी मात्रा में जल प्राप्त करना;

(iii) अनुमोदित निर्धारित कार्यक्रमानुसार जल प्रदान प्राप्त करना;

(iv) गैर सदस्यों को जल प्रदान प्राप्त करना;

(v) व्यवस्था के संधारण हेतु अलग से शुल्क लगाना;

(vi) प्रबंधन के खर्चों एवं अन्य खर्चों की पूर्ति हेतु कोई अन्य शुल्क या सेवा कर लगाना;

(vii) कृषक संगठन की आय में वृद्धि हेतु जलीय संरचनाओं को नुकसान/हानि पहुंचाये बिना नहर के दोनों किनारों पर इमारती काष्ठ, ईंधन, फलदार वृक्ष या घास लगाना;

(viii) फसल की नयी प्रजातियों की जानकारी, खरपतवार नियंत्रण से संबंधित जानकारी सदस्यों के उपयोगी कृषि विस्तार सेवा व बीज, खाद व कीटनाशकों को क्रय करना;

(ix) किसी विधि के तहत्/अधीन प्रतिबंधित फसल को छोडकर अन्य किसी भी फसल को लगाने की पूरी स्वतंत्रता व समीपवर्ती भूमि को नुकसान पहंचाये बिना कुल आबंटित जल के अनुसार फसल क्षेत्रों के समायोजन करना;

(x) सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था के योजना व रूपांकन में भाग लेना;

(xi) कमांड क्षेत्र मं सभी कृषकों को जल प्रदाय हेतु खेत जल सारणी/खेत नाली के ले आउट में सुधारे/परिवर्तन हेतु सुझाव देना;

(xii) भू–जल के प्रयोग व इसे बढावा देने हेतु योजना बनाना।

(xiii) अपने सदस्यों के आर्थिक उन्नयन हेतु कृषि आधारित गतिविधियों/कार्यों को करना।

(xiv) संगठन को जीवित बनाये रखने व इसकी आत्मनिर्भरता हेतु कमांड क्षेत्र में सदस्यों के समान हितों के अनुरूप सिंचाई कृषि या अन्य सहायक व्यवसायों से संबंधित कार्य करना।

(xv) केन्द्र या राज्य शासन के विभिन्न विकास कार्यक्रम से व अन्य राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय विकास संस्थाओं से सहयोग व आबंटन प्राप्त करना।

10. **कृषक संगठनों के दायित्व** – कृषक संगठनों के निम्नलिखित दायित्व है :–

(i) जल प्रदाय हेतु सरणी बनाना व संबंधित तक पहुंचना;

(ii) जल प्रदाय को दृष्टिगत रखते हुए फसल योजना निर्माण;

(iii) निर्धारित शर्तों पर कमांड क्षेत्र के सभी सदस्यों तक जल प्रदाय की व्यवस्था करना;

(iv) वितरिका प्रणाली (नालियों व अन्य संपत्तियों सहित) की समय–समय पर संधारण व सुधार करवाना;

(v) निशुल्क में या शुल्क लेकर, कृषकों द्वारा व्यवस्था का सुधार करवाना;

(vi) जल के दुरूपयोग व बरबादी को रोकना;

(vii) जल का उचित उपयोग सुनिश्चित करना व जल उपयोग सिंचित क्षेत्र, सिंचाई क्षमता, फसल आदि से संबंधित आंकडे जल संसाधन विभाग को उपलब्ध करवाना;

(viii) कमांड क्षेत्र में किसानों द्वारा जल के उपयोग का निरीक्षण सिंचित, फसल क्षेत्र का आंकलन व फसल के आंकडों का संग्रहण।

(ix) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जल की बरबादी या दुरूपयोग होने की दशा में, सिंचाई तंत्र से छेडछाड/नुकसान आदि की दशा में शास्ति अधिरोपित व वसूलने का अधिकार।

(x) कृषकों को खेत बनाने की व सिंचाई की आधुनिक पद्धति जैसे Border( ), Furrows( ), Graded bonding आदि की जानकारी देना।

(xi) कृषकों को फसल की नयी प्रजातियों, नये तरीकों, कीटनाशकों, खरपतवार नाशकों की जानकारी देना।

(xii) जहां आवश्यक हों व संभव हो, कृषि कार्य हेतु यंत्र/मशीनरी व उपकरण किरायें पर लेना।

(xiii) फसल की पर्याप्त पैदावार हेतु आबंटित जल के उचित व न्यायपूर्ण उपयोग हेतु व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना।

(xiv) जल के प्रवाह के दौरान व उपयोग के दौरान होने वाली बरबादी की रोकथाम।

11. **सदस्यों के अधिकार –**

सदस्य उपभोक्ताओं के निम्नलिखित अधिकार होंगे :–

(i) जल प्रदाय में सुधार/परिवर्तन हेतु सुझाव देना;

(ii) जल उपलब्धता, आबंटन, नहर व आउटलेट के खोलने व बंद करने, जल प्रदाय की अवधि व आदि की जानकारी लेने का अधिकार;

(iii) विर्निदिष्ट कोटे के अनुसार उपयोग हेतु जल प्राप्त करने का अधिकार;

(iv) किसी विधि के अधीन प्रतिबंधित फसल को छोडकर अन्य किसी भी फसल को लगाने की पूरी स्वतंत्रता व समीपवर्ती भूमि को नुकसान पहंचाये बिना कुल आबंटित जल के अनुसार फसल क्षेत्रों के समायोजन का अधिकार;

(v) संबंधित जल उपभोक्ता संथा की अनुमति से व अन्य सदस्यों के अधिकार को हानि पहुंचाये बिना, जल उपभोक्ता संथा के कार्य क्षेत्र के किसी जल उपभोक्ता को अपने जल अंश बेचने/अंतरित करने का अधिकार;

(vi) सामान्य सभा की बैठकों में भाग लेने व वार्षिक प्रतिवेदन प्राप्त करने का अधिकार;

(vii) संगठन से होने वाले लाभ से साम्यपूर्ण लाभ प्राप्त करने का अधिकार;

12. **वैयक्तिक जल उपभोक्ता के दायित्व** – वैयक्तिक जल उपभोक्ता के दयित्व निम्नलिखित हैं :–

(i) सूक्ष्म स्तरीय सिंचाई प्रणाली विशेषकर खेत जल सरणी खेत नाली व अन्य संरचनाओं को बनाये रखना;

(ii) प्रत्येक फसल सत्र हेतु कृषक संगठन द्वारा जल प्रदाय के लिये बनाये गये नियमों की जानकारी रखना;

(iii) जल प्रदाय के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य करना;

(iv) निर्माण द्वारा या अतिक्रमण द्वारा सिंचाई प्रणाली से छेडछाड कर लघु, उपलघु या खेत वितरिका व्यवस्था की संरचनाओं को नुकसान न पहुंचाना;

(v) समय या पारी पूरी होने पर टर्न आउट को पूरी तरह बंद करना;

(vi) जल को बचाना व सिंचाई प्रदाय का न्यायपूर्ण उपयोग;

(vii) निर्धारित समय पर जरूरत न होने पर, अन्य कृषकों को नुकसान से बचाने हेतु जल का व्यपवर्तन;

(viii) अवरोह क्षेत्र में पानी के रिसाव के कारण होने वाली जल मग्नता को रोकने हेतु व भूमि व जल के उचित उपयोग हेतु भूमि का समतलीयकरण;

(ix) जल शुल्क व अन्य शुल्कों का समय से भुगतान करना;

(x) जल का दुरूपयोग/बरबादी न करना, पारी से पहले, आबंटित समय से ज्यादा देर तक जल न लेना।

(xi) जल उपभोक्ता संथा के अनुसार खेत जल सारणी/खेत नाली को बनाये रखना व आवश्यकता पडने पर संधारण हेतु मजदूरी/खर्चों में अंशदान देना;

(xii) सक्षम प्राधिकारी या कृषक संगठनों द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों के सर्वेक्षण की अनुमति देना :–

(अ) सिंचित क्षेत्र

(ब) सिंचित क्षेत्र का माप

(स) कुंओं/बोरिंग/ट्यूब वेलों में जल स्तर का अवलोकन

(द) उत्पादन का पता लगाने हेतु फसल कटाई प्रयोग; एवं

(xiii) दूसरों के अधिकारों एवं परंपरागत प्रचलन का सम्मान करना।

13. **सामान्य सभा** (1) कृषक संगठनों की सामान्य सभा का गठन अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (3), धारा 7 की उपधारा (2), धारा 10 की उपधारा (2), और (3) में विनिर्दिष्ट जल उपभोक्ता संथा, वितरिका समिति और परियोजना समिति के सदस्यों को मिलाकर होगा।

(2) सामान्य सभा की सहायता हेतु अधिनियम की धारा 28 के अनुसार एक सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति की जावेगी। इस अधिकारी को बैठकों में शामिल होने का, अपने विचार रखने का अधिकार होगा पर मत डालने का अधिकार नहीं होगा।

14. **साधारण निकाय का सम्मिलन** – (1) साधारण निकायों के सम्मिलन, अधिनियम की धारा 17 के खंड (त), धारा 18 के खंड (ठ) एवं धारा 19 के खंड (त्र) के अधीन वर्ष में कम से कम दो बार, एक बार खरीफ के पूर्व तथा एक बार रबी सीजन के पूर्व होंगे. सम्मिलन, यथास्थिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में होंगे तथा उसकी अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्य अपने में से एक व्यक्ति को सम्मिलन की अध्यक्षता करने के लिए निर्वाचित करेंगे.

(2) साधारण निकाय का सम्मिलन अध्यक्ष या प्रबंध समिति के सदस्यों के बहुमत के संकल्प द्वारा या संगठन के उन सदस्यों के, जिन्हें मतदान का अधिकार है, कम से कम एक तिहाई सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित अध्यपेक्षा द्वारा किसी भी समय बुलाया जा सकेगा.

(3) साधारण निकाय का सम्मिलन राज्य सरकार या आयुक्त, आयाकट या अगली उच्च समिति या कृषक संगठन से निदेश की प्राप्ति पर, लोक महत्व के अत्यावश्यक विषयों के संबंध में, बुलाया जा सकेगा.

15. **सम्मिलन की सूचना** – (1) नियम 14 के उपनियम (2) अथवा (3) के अंतर्गत सूचना प्राप्त होने पर कृषक संगठन की प्रबंध समिति 20 दिन कि भीतर, सात दिन की पूर्व सूचना देकर सामान्य सथा का सम्मिलन आयोजित करेगी इस सूचना में सम्मिलन का स्थान, दिनांक, समय तथा एजेण्डा बताना आवश्यक होगा।

परंतु आपात मामलों में सम्मिलन, तीन दिन की अग्रिम की सूचना पर बुलाया जा सकता है.

(2) सूचना व्यक्तिशः या डाक द्वारा या प्रकाशित करके या डोंडी पिटवाकर दी जा सकेगी और सम्बद्ध संगठन के सूचना पट्ल पर चिपकाई जाएगी.

16. **साधारण निकाय के लिये गणपूर्ति** – (1) सम्मिलन के लिये गणपूर्ति, संबंधित संगठन के कुल सदस्यों के कम से कम एक तिहाई सदस्यों से होगी.

(2) यदि सम्मिलन के लिये गणपूर्ति नहीं है तो सम्मिलन स्थगित हो जायेगा तथा ऐसी तारीख तथा समय पर बुलाया जाएगा, जैसा कि प्रबंध समिति अवधारित करे. ऐसे स्थगित सम्मिलन के लिये गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी तथा उपस्थित सदस्य कारबार का संव्यवहार, जिसके लिये सम्मिलन बुलाया गया है, कर सकेंगे.

(3) साधारण निकाय के सम्मिलन में, केवल कार्यसूची में विनिर्दिष्ट मदों (आइटम) पर ही चर्चा की जाएगी. अन्य किन्हीं विषयों पर, अध्यक्ष का स्पष्ट अनुमति या सम्मिलन में उपस्थित सदस्यों के बहुमत के विनिश्चय के बिना चर्चा नहीं की जाएगी.

17. **सम्मिलन का कार्यवृत** – साधारण निकाय की प्रत्येक कार्यवाही, इस प्रयोजन के लिये रखी गई कार्यवृत्त पुस्तक में अभिलिखित की जाएगी तथा यथास्थिति अध्यक्ष या उस व्यक्ति द्वारा, जिसने सम्मिलन की अध्यक्षता की है, अधिप्रमाणीकृत की जाएगी. कार्यवृत की एक प्रति उसके ठीक उच्चतर समिति के प्राधिकारी को भेजी जायेगी.

18. **सामान्य सभा की शक्तियाँ** – सामान्य सभा की शक्तियां निम्नलिखित होगी, अर्थात् :–

(1) प्रत्येक फसल सत्र के लिये कार्ययोजना का अनुमोदन व कार्यक्षेत्र में इसके क्रियान्वयन का पुनरीक्षण;

(2) अनुमोदित कार्ययोजनानुसार वितरिका प्रणाली में जल के आंबटन हेतु प्रबंध समिति को अनुशंसा करना;

(3) जल वितरण के तरीकों पर निर्णय लेना;

(4) वार्षिक एवं लंबी अवधि के वित्तीय एवं कार्य योजना के निर्माण की अनुशसा व उसका अनुमोदन करना व सिंचाई व्यवस्था के संधारण/सुधार व पुनर्वास को वरीयता देना;

(5) वार्षिक वित्तीय बजट का अनुमोदन/स्वीकृति व पिछले वर्ष के बजट का पुनरीक्षण;

(6) वार्षिक लेखा परीक्षा /Concurrent लेखा अंकेक्षण हेतु लेखा परीक्षक की नियुक्ति व इस हेतु शुल्क निर्धारण;

(7) संगठन की विभिन्न गतिविधयों के लिये सदस्यों की उपसमितियों के गठन का अनुमोदन;

(8) विभिन्न गतिविधियों / कार्यो हेतु ऐसी निधि का सृजन अथवा गठन जैसी कि आवश्यक हो;

(9) जल उपभोक्ताओं से संबंधित मामलों में प्रबंधन समिति के निर्णय के विरूद्ध अपीलों की सुनवायी व निपटारे का अधिकार;

(10) अधिनियम की धारा 25 की उपधारा 3 के अधीन जल उपभोक्ता संथा व उच्च स्तरीय समिति या नहर अधिकारी के मध्य करार हेतु अध्यक्ष को प्राधिकृत करना;

(11) अधिनियम की धारा 32 के अधीन परिभाषित शुल्क लगाये जाने का अनुमोदन;

(12) अधिनियम की धारा 31 के अनुसार, संगठन के फायदे हेतु संसाधन बढ़ाने के लिये निर्णय लेने का अधिकार;

(13) अधिनियम की धारा 14 के अधीन वापस बुलाने की प्रकिया का पालन।

19. **प्रबंधन समिति की बैठकें :–** (1) प्रबंधन समिति की बैठके प्रत्येक माह मे कम से कम 1 बार संगठन के कार्यालय में होगी, यद्यपि आवश्यकता पड़ने पर विशेष बैठकें बुलायी जा सकती है। अध्यक्ष द्वारा बैठक बुलाये जाने की मांग प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर बैठक बुलायी जावेगी।

(2) कृषक संगठन की सामान्य सभा द्वारा प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक सिंचाई सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व सदस्यों को निम्न विषयों पर मार्गदर्शन व मदद हेतु बुलायी जावेगी :–

(i) जल वितरण कार्यक्रम व नहर से संबंधित सारणी;

(ii) सत्र के प्ररभ होने से पहले नहर प्रणाली का संधारण;

(iii) उच्च स्तरीय समितियों द्वारा पिछली बैठकों में लिये गये निर्णयों की जानकारी हेतु;

(3) बैठक की सूचना व्यक्तिगत रूप से डाक द्वारा या सूचना पटल पर प्रकाशित कर और मुनादी कराकर दी जानी चाहिये।

(4) प्रबंधन समिति की बैठकों में अध्यक्षता, अध्यंक्ष करेगा व उसकी अनुपस्थिति में कार्यनिषाद सदस्यगण एवं अपने बीच के किसी को बैठक की अध्यक्षता हेतु चुनेंगे।

(5) प्रबंधन समिति की बैठक का पूरा विवरण व समस्त कार्यवाही को किसी सदस्य द्वारा इस विभिन्न निमित्त पुस्तिका में लिखा जावेगा। इस विवरण की प्रतिलिपि प्रबंधन समिति से ऊपर के प्राधिकारी के पास भेजी जावेगी।

(6) बैठक की गणपूर्ति, खुद 1/3 एक तिहाई सदस्यों से पूर्ण होगी व सभी प्रस्ताव उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से पारित होगें।

(7) यदि किसी दिन गणपूर्ति पूरी नहीं होती तो उस दिन की बैठक स्थगित की जावेगी व बाद में बुलायी जावेगी। स्थगित बैठक के लिये गणपूर्ति आवश्यक नहीं है।

20. **उपसमितियों का गठन व उसके कार्य :–** (1) कृषक संगठन की प्रबंधक समिति, विशिष्ट कार्यो हेतु विशिष्ट उप समिति का गठन कर सकती है। इन उपसमितियों के गठन को कृषक संगठन के सामान्य सभा द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।

(2) निम्न उपसमितियों का गठन किया जा सकता है :–

(i) वित्त व संसाधन उप समिति;

(ii) कार्य उपसमिति;

(iii) जल प्रबंधन उपसमिति;

(iv) प्रशिक्षण व क्षमता वर्धन उप समिति;

(v) सामाजिक लेखा, मूल्यांकन व निगरानी उपसमिति;

(vi) विवाद निराकरण उपसमिति.

(3) प्रत्येक उपसमिति में एक समन्वयक व पांच अन्य सदस्य होंगे। ये सदस्य अलग–अलग प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से मनोनीत होंगे व इनका मनोनयन ईमानदारी, सत्यनिष्ठा या किसी विशेष क्षेत्र में समझ या अनुभव के आधार पर होगा।

(4) (क) उपसमिति का समन्वयक प्रबंधक समिति के अध्यक्ष को छोड़कर कोई सदस्य होगा।

(ख) परियोजना समिति में इस परियोजना के परियोजना समिति की सामन्य सभा से पांच से अधिक या उससे कम सदस्यों का चयन प्रत्येक उपसमिति हेतु किया जावेगा। इन सदस्यों में से दो महिला सदस्यों का होना अनिवार्य है।

(ग) वितरिका समिति के मामले में, वितरिका समिति के सामान्य सभा द्वारा प्रत्येक उप समिति हेतु पांच या उससे कम सदस्यों का चयन किया जावेगा व इनमें दो महिला सदस्यों का होना अनिवार्य है।

(घ) जल उपभोक्ता संथा के मामले में, जल उपभोक्ता संथा की सामान्य सभा से पांच या उससे कम सदस्यों का चयन किया जावेगा व इसमें दो महिला सदस्यों का होना अनिवार्य है।

(5) कोई भी सदस्य, एक से अधिक उपसमिति का सदस्य नहीं होगा।

(6) उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार, सदस्यों की संख्या आवश्यकता से कम पड़ती है, तो संबंधित प्रबंधन समिति का सदस्य प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्यों को शामिल कर सकता है।

परंतु किसी उप समिति में किसी जल उपभोक्ता संथा के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से एक से अधिक सदस्य को शामिल नहीं किया जावेगा।

(7) उपसमितियों के कार्य निम्नलिखित होगें :–

(1) वित्त व **संसाधन उपसमिति**

संसाधनों हेतु योजना बनाना व संसाधन इकटठा करना;

(ख) अधिनियम की धारा [illegible] के अनुसार अधिरोपित शुल्कों का सदस्यों व असदस्यों से संग्रहण;

(ग) संसाधन के उपयोग व बजट के संबंध में प्रबंधक कमेटी को अनुशंसा करना;

(घ) वित्तीय मामलों से संबंधित दस्तावेज व लेखा रखना.

(II) कार्य उपसमिति :

(क) प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्तावित कार्यो हेतु आवश्यक मदों की अनुशंसा करना;

(ख) कार्य कि निगरानी व गणुवत्ता एवं कार्य निर्धारित समयावधि में हो इसे सुनिश्चित करना;

(ग) कार्यो के भुगतान का अनुमोदन।

(III) जल प्रबंधन उपसमिति :

(क) जल विनियमन, जल प्रदाय के कार्यक्रम आदि पर प्रबंधन समिति व सामान्य सभा द्वारा लिये गये निर्णयों का परिपालन करना;

(ख) नहर, सरणी की निगरानी व जल के उपभोग को नियंत्रित करना;

(ग) सिंचाई व निकासी व्यवस्था की समय–समय पर जांच;

(घ) जल प्रदाय की लेखा रखना;

(ङ) जल उपयोग से संबंधित नियमों की अवेहलना की दशा में प्रबंधन समिति को सूचित करना;

(च) जल उपभोक्ताओं व भूस्वामियों का लेखा रखना।

(छ) जल के सही उपयोग के बारे में जागरूकता लाना।

(IV) प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण उपसमिति

(क) सदस्यों की प्रशिक्षण संबंधित आवश्यकताओं की पहचान।

(ख) सदस्यों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन,

(ग) कृषक संगठन के विकास से संबंधित गतिविधियों पर सदस्यों को जानकारी देना व उन्हें जागरूक करना।

(V) सामाजिक लेखा, निगरानी व मूल्यांकन उपसमिति

(क) नियम 23 के अनुसार सामाजिक लेखा संचालित करवाना,

(ख) प्रबंधन समिति द्वारा प्राधिकृत, कृषक संगठनों के सभी गतिविंधियों की निगरानी व मूल्यांकन।

(VI) विवाद निराकरण हेतु उपसमिति :

(क) जल उपभोक्ता संथा की प्रबंधन समिति की उपसमिति की दशा में उसके कार्यक्षेत्र में सदस्यों व जल उपभोक्ताओं के मध्य विवादों का निपटारा।

(ख) वितरिका समिति की प्रबंधन समिति की उपसमिति की दशा में उसके कार्यक्षेत्र में सदस्यों व जल उपभोक्ताओं के मध्य विवादों का निपटारा, और

(ग) परियोजना समिति की प्रबंधन समिति की उप समिति की दशा में उसके कार्यक्षेत्र में विभिन्न वितरिक समितियों के मध्य विवादों का निपटारा

(8) उपसमितियों की बैठकें आवश्यकता पड़ने पर आयोजित की जावेगी। उपसमिति का समन्वयक इस बैठक की अध्यक्षता करेगा व इसके चर्चाओं व निर्णयों का पूरा विवरण रखेगा व इसे आगे की कार्यवाही हेतु प्रबंधन समिति के पास भेजेगा।

(9) इस नियम में वर्णित उपसमितियों के अतिरिक्त कृषक संगठन कोई अन्य उपसमिति / उपसमितियों का गठन इस हेतु विहित प्रकिया के अनुसार कर सकते है।

(10) उपसमितियां, संगठन की संबंधित प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के सामान्य अधीक्षण, नियंत्रण व दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करेगी।

21. **संकर्म हाथ में लेने की प्रक्रिया** — अधिनियम की धारा 25 के खंड (ख), तथा (प), धारा 26 के खंड (ख) तथा (ञ) तथा धारा 27 के खंड (ख) तथा (झ) के अधीन संकर्मों को हाथ में लेने के प्रयोजनों के लिये संगठन द्वारा निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी :—

(1) संधारण संकर्म के लिये सिस्टम निदान (सिस्टम डायग्नोसिस) :—

(एक) प्रत्येक कृषक संगठन की प्रबंध समिति और सक्षम अधिकारी, प्रत्येक फसल सीजन (खरीफ तथा रबी) के प्रारंभ होने के पूर्व सामूहिक रूप से पैदल चलकर सिस्टम की स्थिति का अवधारण करने का कार्य हाथ में लेगा.

(दो) कृषक संगठन, प्रत्येक जलीय संरचना का निरीक्षण करेगा और इसकी भौतिक स्थिति को अभिलिखित करेगा.

(2) समस्त संकर्मों को निम्नानुसार प्रवर्गित किया जाएगा :—

(एक) सामान्य प्रचालन और संधारण संकर्म जिसमें सामान्य मरम्मत सम्मिलित है, जैसे कि :—

(क) डिसिल्टिंग;

(ख) जड़ों का निकालना;

(ग) तटों की मरम्मत;

(घ) पलस्तर लगाने का काम (रिवेटमेंट);

(ङ) शटर्स की मरम्मत;

(च) मेसनरी एवं लाइनिंग की मरम्मत;

(छ) स्क्रू गिररिंग शटर्स की सफाई तथा आइलिंग;

(ज) पेंटिंग, रंग रोगन आदि;

(झ) आकस्मिक टूट की मरम्मत और

(ञ) परीक्षण पथ की रखरखाव;

(दो) निर्धारित किये गये मरम्मत कार्य (पुनर्वास संकर्म) —

(क) स्लूस का पुनर्निमाण;

(ख) क्रास रेग्यूलेटर का पुनर्निमाण / मरम्मत;

(ग) जल माप उपकरणों का पुनर्निमाण;

(घ) प्रणाली का पुनरूद्धार; और

(तीन) मूल कार्य –

(क) प्रणाली का आधुनिकीकरण, और

(ख) सिंचाई प्रणाली में कोई अन्य निर्माण संकर्म, उपरोक्त कार्य जल संसाधन विभाग के पर्यवेक्षण के अधीन कृषक संगठन द्वारा अथवा कृषक संगठन द्वारा विशेष रूप से नियोजित व्यक्ति के द्वारा सामान्य सभा के अनुमोदन पर ऐसी दर पर निष्पादित किया जाएगा जो प्राक्कलित दर से अधिक न हो.

(3) सामान्य कार्य और संधारण संकर्म की पहचान भागीदारी वाक थ्रू सभापति (चेयरपर्सन) अध्यक्ष प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ कृषक संगठन के कार्यक्षेत्र के भीतर भागीदारिता वाकथ्रू आयोजित करेंगे और समस्त खतरनाक प्रभाव क्षेत्र की पहचान करेंगे जिन्हें कि उपरोक्त सूची के अनुसार मरम्मत की तुरंत आवश्यकता है. सक्षम अधिकारी, हाथ में लिए जाने वाले कार्यों की विस्तृत सूची तैयार करने में कृषक संगठन की सहायता करेगा.

(4) **पूर्विकता संकर्म** – कृषक संगठन की प्रबंध समिति इस प्रकार तैयार की गई सूची की चर्चा करेगी और तुरंत किये जाने वाले संकर्मों की पूर्विकता नियत करेगी.

(5) **प्राक्कलन तैयार करना** – सक्षम अधिकारी, जल संसाधन विभाग द्वारा यथा संधारित जलीय विशिष्टियों के अनुसार इस प्रकार की पूर्विकता के कार्य के लिए एक पखवाड़े के भीतर प्रचलित अनुसूची की दरों पर प्राक्कलन तैयार करेगा.

(6) **प्रशासकीय अनुमोदन** – कृषक संगठन की प्रबंध समिति निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन रहते हुए, तैयार किए गए प्राक्कलन के लिए प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान करेगी. प्रत्येक प्रशासकीय अनुमोदन, प्ररूप–1 में प्रशासकीय अनुमोदन के रजिस्टर में अभिलिखित किया जाएगा.

(7) **तकनीकी निर्बाधन** – (1) सक्षम प्राधिकारी द्वारा तकनीकी निर्बाधन प्रदान करने के लिये निम्नानुसार शक्तियां होंगी :–

(एक) विशेष मरम्मत –

(क) कार्यपालन यंत्री रू. 2,00,000/- तक

(ख) अधीक्षण यंत्री रू. 5,00,000/- तक

(ग) मुख्य अभियंता रू. 5,00,000/- से अधिक

(दो) सामान्य मरम्मत –

(क) सहायक यंत्री/अनुविभागीय अधिकारी रू. 50,000/- तक (सक्षम प्राधिकारी)

(ख) कार्यपालन यंत्री : कृषक संगठन को उपलब्ध कराई गई निधि के भीतर पूर्ण शक्तियां ;

(ग) कोई सक्षम प्राधिकारी उससे निम्नतर प्राधिकारी में निहित, तकनीकी निर्बाधन प्रदान कर सकेगा ;

(घ) सक्षम प्राधिकारी, नियमों में अनुलग्न प्ररूप–1 में तकनीकी निर्बाधन के रजिस्टर समस्त तकनीकी निर्बाधन, अभिलिखित करेगा, और

(ङ) तकनीकी निर्बाधन, प्रशासकीय अनुमोदन से अधिक नहीं होगा.

(च) वितरिका समिति, परियोजना समिति के संबंध में सक्षम प्राधिकारी खंड 7 (क) में उल्लेखित वित्तीय शक्तियों के अनुसार उसके नियंत्रणाधीन किसी समुचित अधिकारी द्वारा दी जाने वाली तकनीकी निर्बाधन कारित करवाएगा.

(8) **संकर्म हाथ में लेने की रीति :–**

(क) कृषक संगठन की प्रबंध समिति द्वारा यथा अनुमोदित संकर्म, कृषक संगठन द्वारा स्वयं निष्पादन के लिए हाथ में लिए जाएंगे;

(ख) कृषक संगठन का अध्यक्ष या प्रबंध समिति सदस्य अपनी व्यक्तिगत क्षमता में, कोई भी संकर्म प्रत्यक्ष रूप से निष्पादित नहीं करेगा;

(ग) निष्पादित किए गए संकर्म का मूल्य प्राक्कलित व्यय से अधिक नहीं होगा; और

(घ) सक्षम प्राधिकारी, कृषक संगठन द्वारा भुगतान करने हेतु किए गए कार्य का परिणाम स्थिर करने के लिए प्रारंभिक माप और अंतिम माप अभिलिखित करेगा.

(9) परिकल्पित जैबकीय विवरणों का संधारण और अनुशक्ति – सक्षम प्राधिकारी, अनुमोदित जलीय विवरण के संधारण और अनुशक्ति के लिए उत्तरदायी होगा. वह यह सुनिश्चित करेगा कि किसी सिंचाई प्रणाली का परिकल्पित जलीय विवरण परिवर्तित नहीं किया जाए, वह कृषक संगठन का पर्यवेक्षणीय संक्रर्म में मार्गदर्शन करेगा.

(10) संकर्मों पर परिसीमा – किसी भी कृषक संगठन को किसी सिंचाई प्रणाली के परिकल्पित जलीय विवरण में हस्तक्षेप करने की शक्ति नहीं होगी, किसी अतिक्रमण पर अधिनियम की धारा 23 के और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन दांडिक उपबंधों के अधीन कार्यवाही की जाएगी.

(11) हाथ में लिए जाने वाले संकर्मों की सूची का प्रकाशन – (क) हाथ में किए जाने वाले संकर्मों को कृषक संगठन के कार्यालय और क्षेत्र के भीतर के अन्य सार्वजनिक स्थानों और संथानों में प्रदर्शन के माध्यम से विस्तृत रूप से प्रचारित किया जाएगा.

(ख) सूची के साथ, संकर्मों के अन्य विवरण, प्राक्कलन, मूल्य और निष्पादन के तरीके की विस्तृत प्रचार दिया जाना चाहिये, और

(ग) यदि कोई सदस्य, हाथ में लिए गए संकर्म से संबंधित किसी अभिलेख को चाहता है तो वह कृषक संगठन द्वारा नियत की गई फीस के भुगतान पर ऐसा कर सकेगा.

(12) अन्य निधि या अतिरिक्त अभिदाय सम्मिलित करने की स्वतंत्रता – सदस्य या तो नगद में या सामग्री या श्रम के रूप में स्त्रोतों में अभिदाय करने के लिए स्वतंत्र है.

(13) किए गए संकर्म का सबूत – सक्षम प्राधिकारी, कृषक संगठन द्वारा किए गए कार्य को अभिलिखित करने के लिए लेवल फील्ड बुक और माप बुक संधारित करेगा.

(14) किये गये कार्य के लिए भुगतान — रूपये 1000/— से ऊपर के लिए गये संकर्मों के लिए समस्त भुगतान चेक द्वारा किए जाएंगे. कृषक संगठन, किए गए समस्त भुगतानों को तारीखवार रोकड़—बही में अभिलेख संधारित करेगा.

(15) मूल संकर्म — कोई कृषक संगठन, अपने कार्यक्षेत्र के भीतर किसी मूल संकर्म को निम्नलखित के अध्यधीन ले सकेगा, अर्थात :—

(क) विनिर्दिष्ट अनुमोदन — ऐसा करने के लिए ऐसी शक्तियों से निहित किए गए प्राधिकारी से प्राप्त किया जाएगा.

(ख) संकर्मों के लिए प्राक्कलन, जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा और संकर्म कृषक संगठन को जहां कही भी वे आगे आएं ऐसे संकर्मों के निष्पादन के लिये प्राक्कलित दरों पर भाड़े पर दिया जायेगा.

(ग) यदि कृषक संगठन, किसी संकर्म को हाथ में लेने को सहमत हो जाते हैं तो जल संसाधन विभाग के साथ एक करार किया जाएगा.

(घ) कृषक संगठन को संकर्म पारी के बाहर पैदावार के पाक्षिक आधार पर या उससे पूर्व भी जैसा कि परस्पर विनिश्चय किया जाए भुगतान किया जाएगा.

(ङ) जहां कृषक संगठन आगे नहीं आते है वहां "संकर्म विभाग निर्देशिका" के अधीन विहित की गई प्रक्रिया का सरकार द्वारा समय—समय पर दिये गए किसी निर्देश का अनुसरण किया जाएगा.

22. **अतिक्रमणों को हटाना** — अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (2) के अनुसार एक जल उपभोक्ता संथा अपने कार्य क्षेत्र में नहर व्यवस्था से संबंधित भूमि/संपत्ति पर से अतिक्रमण को हटा सकती है व इस हेतु निम्नलिखित कार्यवाही कर सकती हैं :—

(i) प्रबंधन समिति की बैठकों में अतिक्रमण पर चर्चा;

(ii) प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्य व मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत के आधार पर यह प्रस्ताव पारित कर सकती है कि उक्त अतिक्रमण अधिनियम की धारा 39 के अनुसार अपराध है;

(iii) प्रबंधन समिति द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार व इन नियमों के नियम 36 के अधीन जल उपभोक्ता संथा अतिक्रमण को हटाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही कर सकती है;

(iv) अतिक्रमण हटाये न जा सकने कि दशा में, उपरोक्त (I), (II) व (III) के संबंध में संबंधित नहर अधिकारी को सूचना देना;

(v) संबद्ध नहर अधिकारी को अतिक्रमण से संबंधित सर्वेक्षण व आधिकारिक रिर्पोट बनाने में सहयोग;

(vi) सरकार शासकीय प्रक्रिया के अनुसार, संबद्ध नहर अधिकारी को अतिक्रमण हटाने में सहायता।

23. कृषक संगठन की सामाजिक संपरीक्षा –

(1) प्रत्येक फसल सीजन की समाप्ति पर कृषक संगठन निम्नलिखित विवरण के अनुसार सामाजिक संपरीक्षा संचालित करेगा :–

(एक) सामाजिक संपरीक्षा, जल के बजट के विरूद्ध जल का उपयोग और प्रत्येक कृषक संगठन को उपलब्ध निधियों के संबंध में प्रणाली के संधारण के लिए उपगत व्यय दोनों ही के लिए की जाएगी.

(दो) सामाजिक संपरीक्षा निम्नलिखित के लिए होगी :–

(क) जल वितरण में समानता,

(ख) उत्पादन में वृद्धि,

(ग) उत्पादकता में वृद्धि,

(घ) फसल परिवर्तन,

(ङ) बहु फसल,

(च) जल उपयोग क्षमता,

(छ) संकर्मों के निष्पादन के लिए संसाधनों का उपयोग,

(ज) पूर्ववर्ती सीजन की तुलना में कृषक संगठन के जोते गए क्षेत्र में सुधार, और

(झ) किए गए संकर्मों की गुणवत्ता.

(न) इस अधिनियम एवं नियम के अधीन अन्य कृत्य !

(2) कृषक संगठन के अधीन समस्त हिताधिकारियों को इस प्रकार की गई सामाजिक संपरीक्षा प्रत्येक कृषक संगठन के कार्यालय के सूचना फलक पर एक सूची, जिसमें खर्च की गई निधियों के संदर्भ में उद्भूत लाभ अन्तर्विष्ट होंगे, चिपका कर अवगत कराया जाएगा.

(3) जब कभी भी कोई संकर्म हाथ में लिया जाए, संकर्म का प्राक्कलित मूल्य, निष्पादित किए जाने के लिए प्रस्तावित संकर्म की मद, संकर्म के निष्पादकों का विवरण आदि, संकर्म स्थल पर एक बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा. जिससे कि कृषक संगठन के अधीन प्रत्येक हिताधिकारी को निष्पादित किए जाने वाले संकर्म के विवरण तथा उपगत होने वाले व्ययों की जानकारी हो जाए.

(4) सक्षम प्राधिकारी, सामाजिक संपरीक्षा के संचालक में समस्त सहायता देगा. राजस्व और कृषि अधिकारी भी अपेक्षित सहायता देंगे.

(5) इस प्रकार संचालित की गई सामाजिक संपरीक्षा को अभिलिखित किया जाएगा और उसकी एक प्रति जल उपभोक्ता संथा (एसोसिएशन) के मामले में वितरिका समिति को, वितरिका समिति के मामले में परियोजना समिति को और परियोजना समिति की दशा में शीर्ष समिति और सरकार को भेजी जाएगी.

(6) संपरीक्षा, सामाजिक संपरीक्षा में पाई गई त्रुटियां, यदि कोई हों, के परिशोधन पर अपने विनिर्दिष्ट विचार के साथ अपनी वार्षिक संपरीक्षा रिपोर्ट में सामाजिक संपरीक्षा रिपोर्ट को सम्मिलित करेगा.

24. कार्य योजना और जल बजट –

कृषक संगठन के लिए जल बजट (1) संबंधित कृषक संगठन की प्रबंध समिति उसके नियंत्रण के अधीन कार्य क्षेत्र के लिए सक्षम प्राधिकारी की सहायता से नीचे दिए गये ब्यौरे के अनुसार जल बजट तैयार करेगी :–

(एक) परियोजना समिति, खरीफ सीजन के आरंभ के एक माह पूर्व, ऐसे निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए, जो कि सरकार द्वारा समय–समय पर दिए जाएं, जलाशय में प्रत्याशित भीतरी बहाव और विद्यमान उपलब्धता को बनाएगी और समस्त वितरिका समितियों को जल का आबंटन बनाए रखेगी, वितरिका समिति बदले में जल उपभोक्ता संथा को उसकी अधिकारिता में उपलब्ध कराए गए जल को आबंटित करेगी;

परंतु ऐसी मध्यम सिंचाई परियोजना जहाँ वितरिका समिति गठित नहीं है, वहां परियोजना समिति, जल उपभोक्ता संथा को जल आबंटित करेगी.

(दो) कोई कृषक संगठन, अपने सदस्य घटकों को जल वितरित करने में पेजयल के या किसी विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए, ध्यान रखेगा जैसा कि समय–समय पर संरकार द्वारा विनिश्चय किया जाए.

(तीन) परियोजना समिति रबी सीजन के प्रारंभ होने पर जल की वास्तविक उपलब्धता पर आधारित और कृषकों द्वारा "सहमत फसल पद्धति" के आधार पर सिंचाई के लिए खुले रखे जाने के लिए क्षेत्र का अवधारण करेगी. इस प्रकार उपलब्ध जल वितरिका समितियों और जल उपभोक्ता संथा के बीच साम्यापूर्ण आबंटित किया जाएगा. मध्यम या लघु सिंचाई प्रणाली की दशा में साम्यापूर्ण आबंटन, एक कालावधि के लिए प्रत्यय चक्रानुक्रम अपनाकर प्राप्त किया जाएगा.

(चार) कृषक संगठन में से प्रत्येक, ऐसी कार्य योजना तैयार करेंगे जो निर्धारित समयावधि पर निकाले जाने वाले जल की मात्रा विनिर्दिष्ट करेगा.

(पांच) जल निकालने की, कृषक संगठन द्वारा यथा विनिर्दिष्ट गेज बिंदु पर प्रत्येक दिन, मानिटर की जाएगी.

(छह) मंदोक्ती और वितरण का पुनर्विलोकन प्रत्येक कृषक संगठन द्वारा प्रत्येक पाक्षिक की समाप्ति पर और किए गये सुधार उपायों से किया जाएगा.

(सात) प्रत्येक सत्र की समाप्ति पर, तत्संबंधी कृषक संगठन, सिंचित किए गए क्षेत्र, जल आपूर्ति की मात्रा और फसलों की सीमा के साथ प्राप्त किए गए और उपयोग में लाए गए जल की गुणवत्ता की एक रिपोर्ट तैयार करेगी.

(आठ) कृषक संगठन, जल बजट में त्रृटियों और विचलन (भूल–आदि) का विशलेषण करेगा और निकटतम उच्चतर श्रेणी को रिपोर्ट करेगा.

(नौ) लघु सिंचाई प्रणाली की दशा में, जल उपभोक्ता संथा, कार्य योजना, जल निकासी का दिनांक का विनिश्चय करेगी जो कि तालाब में संग्रहण/भीतरी बहाव पर अवलंबित रहते हुए सिंचाई के लिए खुला छोड़ा जाएगा.

25. **जल विनियम** – (1) जल बजट तैयार करने के पश्चात्, कृषक संगठन, जल विनियमन की एक योजना निम्नानुसार तैयार करेगा :–

(क) निकासी और बंद का दिनांक समस्त सदस्यों को अग्रिम रूप से सूचित कर दी जाएगी.

(ख) समस्त उपभोक्ताओं में जल का साम्यापूर्ण वितरण, जल विनियमन में मुख्य सिद्धांत होगा.

(ग) कृषक संगठन जल निकालेगा और तैयार की गई कार्य योजना पर आधारित भीतरी बहाव को मानीटर करेगा.

(घ) किसी कृषक संगठन में प्रत्येक निकास के लिए एक बाराबन्दी अनुसूची (टर्नशेड्यूल) तैयार की जाएगी.

(ड) कृषक संगठन, सक्षम प्राधिकारी की सहायता से कमांड क्षेत्र में फसलवार क्षेत्र अभिलिखित करेगा.

(च) कृषक संगठन मानिटरिंग (अनुश्रवण) करने के प्रयोजन के लिए ऐसे यंत्रों को प्रतिस्थापित करेगा जो कि उसकी आधिकारिता के भीतर अपेक्षित हो.

26. **लेखे/वित्त** – (1) कृषक संगठन, किसी राष्ट्रीय बैंक में या सहकारी बैंक, अर्थात जिला सहकारी सेन्ट्रल बैंक या राज्य शीर्ष सहकारी बैंक में अपने नाम से एक खाता खोलेगा, यथास्थिति अध्यक्ष और प्रबंध समिति द्वारा यथानामनिर्दिष्ट प्रबंध समिति के एक सदस्य द्वारा खाते को संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा. कृषक संगठन, समुचित वाउचर और प्राप्तियों के साथ लेखा बही (केश बुक) और व्यय के लेखों को संधारित करेगा.

(2) प्रत्येक व्यय, एक पावती (रसीद) या वाउचर द्वारा समर्थित होना चाहिए जो कि अध्यक्ष द्वारा भुगतान के लिए सम्यक् रूप से जारी किया जाएगा.

(3) समस्त व्यय, वित्त उप समिति द्वारा एक माह में एक बार अनुमोदित किए जाएंगे.

(4) लेखा रजिस्टर का संधारित किया जाना – प्रत्येक कृषक संगठन, एक लेखा रजिस्टर संधारित करेगा. निम्नलिखित में से प्रत्येक अभिलेख में कृषक संगठन का नाम, पता और मुद्रा रहेगी और मशीन क्रमांकित रहेगी, अर्थात् :–

(क) रोकड़ बही;

(ख) बिल रजिस्टर;

(ग) आकस्मिक रजिस्टर;

(घ) रसीद बुक; और

(ड) चेक रजिस्टर.

27. **अभिलेखों का संधारित किया जाना** – प्रत्येक कृषक संगठन, अधिनियम और नियमों में विनिर्दिष्ट रूप से वर्णित अभिलेखों से भिन्न, निम्नलिखित अभिलेख संधारित करेगा, आयुक्त/सरकार के अधिनियम/नियमों/निर्देशों और आदेशों की एक अद्यतन प्रति रखेगा :–

(क) प्रत्येक जल उपभोक्ता संथा द्वारा निम्नलिखित मानचित्र संधारित किया जाएगा, अर्थात:–

(एक) संथा की सीमाओं और अधिकारिता, संथा की सीमाओं के भीतर जल हस्तांतरण पद्धति को दर्शाते हुए एक मानचित्र,

(दो) कृषक संगठन संविधान नियम, 2006 के नियम 3 के उपनियम (3) में यथा विहित अनुक्रमांक के साथ अधिसूचित कमांड क्षेत्र को दर्शाते हुए मानचित्र;

(ख) निम्नलिखित रजिस्टर संधारित किए जाएंगे, अर्थात :—

(1) संपत्ति रजिस्टर और अभिलेख — इन अभिलेखों में कृषक संगठन में निहित संपत्तियों आस्तियों और दायित्वों जैसे भूमियों, भवनों, नहर तटों आदि का विवरण अंतर्विष्ट रहेगा.

(एक) तालिका रजिस्टर (संघटक रजिस्टर) प्रारूप ण में एक तालिका रजिस्टर, जलीय विवरण की संरचना के ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे जिसमें नहर और उनकी जलीय विशिष्टियां सम्मिलित है;

(दो) रिक्त भूमि और भवनों का रजिस्टर प्रारूप त में;

(तीन) प्रकीर्ण संपत्ति रजिस्टर अन्य लघु संपत्तियां जैसे कि वृक्ष, घास आदि, प्ररूप थ में, और;

(चार) मशीनों का रजिस्टर जिसमें कार्यरत/खराब पड़ी हुई मशीनों की सूची प्ररूप (द) में

(2) सदस्यता रजिस्टर और अभिलेख, कृषक संगठन संविधान नियम, 1999 के नियम 4 के उपनियम (1), (2) तथा (3) में सदस्य से संबंधित यथाविनिर्दिष्ट रजिस्टर.

(3) जल बहाव रजिस्टर और अभिलेख — प्रत्येक कृषक संगठन को तैयार की गई कार्य योजना पर आधारित जल की आपूर्ति की जाएगी. इन भीतरी बहावों को प्रतिदिन कृषक संगठन द्वारा यथा विनिश्चय विनिर्दिष्ट परिस्थितियों पर मानीटर करने की आवश्यकता है :—

(एक) जलाशय गेज रजिस्टर : प्ररूप — **ध** में ;

(5) (क) विहित प्राधिकारी उन प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों को, जिसमें उपनियम (4) के अधीन स्थान आवंटित किये जाएंगे, नियत करने के प्रयोजन के लिये अन्य पिछड़े वर्गों तथा महिलाओं के लिए आरक्षित किये गये प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के लिये पृथक–पृथक रूप से लॉट निकालेगा।

(ख) वार्डों के आवंटन के प्रयोजन के लिये विहित प्राधिकारी संबंधित जल उपभोक्ता संथा के मुख्यालय पर सहजदृश्य स्थान पर एक सूचना यह दर्शाते हुए प्रकाशित करेगा कि लॉट उस कार्यालय से जिसका नाम ऐसी सूचना में दिया जायेगा तथा उसमें विनिर्दिष्ट तारीख तथा समय पर ऐसे व्यक्तियों के सामने निकालेगा जो लॉटों के निकालने के साक्ष्य के रूप में उपस्थित हों।

(ग) महिलाओं के लिये प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आवंटन के प्रयोजनों के लिये सामान्य प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों तथा अनुसूचित जातियों तथा/या अनुसूचित जनजातियों तथा/या अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की पृथक–पृथक पर्चियाँ तैयार की जायेंगी तथा ऐसी प्रत्येक पर्ची पर प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के पृथक–पृथक क्रमांक लिखे जायेंगे। सामान्य प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के लिये अभिप्रेत समस्त पर्चियाँ एक बर्तन में रखी जायेंगी तथा आरक्षित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के लिये अभिप्रेत पर्चियाँ पृथक/बर्तनों में रखी जायेंगी। सामान्य प्रवर्ग की महिलाओं के लिये स्थानों के आवंटन के लिये उतनी पर्चियाँ निकाली जायेंगी जितनी कि अपेक्षित हों तथा पर्ची में लिखे गये प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के क्रमांक पर्ची निकालते समय उपस्थित व्यक्तियों के समक्ष पढ़कर सुनाये जायेंगे। यही प्रक्रिया अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा/या अन्य पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिये प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आवंटन के लिये बर्तन में से पर्ची निकालने के निये अपनाई जायेगी।

(घ) कार्यवाहियाँ लेखबद्ध की जायेगी तथा विहित प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होंगी। ऐसी कार्यवाहियों पर कम से कम दो अशासकीय व्यक्तियों के हस्ताक्षर लॉट निकालने की साक्ष्य के बतौर भी अभिप्राप्त किये जायेंगे। उनके हस्ताक्षर के नीचे उनके नाम और पते भी लिखे जायेंगे।

(ङ) जल उपभोक्ता संथा के पश्चात्‌वर्ती सामान्य निर्वाचन में उन स्थानों के प्रवर्गों के लिये, जो लॉट निकालकर तथा चक्रानुक्रम में आरक्षित किये जाते हैं उन प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों को, जो पूर्व में आरक्षित किए गए हैं उस प्रवर्ग हेतु लॉट निकालने से तब तक के लिये छोड़ दिया जाएगा जब तक कि ऐसे समस्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का उपयोग न कर लिया जाए।

(च) अधिनियम की धारा 5 (11) के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण किसी भी दशा में जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के कुल स्थानों में आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

12. **वितरिका और योजना समिति में आरक्षण** – (1) अधिनियम की धारा 8 (6) और धारा 11 (6) के अनुसार वितरिका समिति और योजना समिति की प्रबंध समिति में अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के लिये आरक्षित रखे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या क्रमशः वितरिका और योजना क्षेत्र की ऐसी जाति या जनजाति या पिछड़े वर्ग के कुल जल उपभोक्ताओं के अनुपात में होगी। आधे से कम भाग को छोड़ दिया जायेगा और आधे या आधे से अधिक का एक माना जायेगा।

(2) उपनियम 1 के अनुसार और अधिनियम की धारा 8 और धारा 11 के अध्यधीन रहते हुए राज्य सरकार वितरिका समिति और योजना समिति की प्रबंध समिति में आरक्षण अवधारित करेगी।

अध्याय – चार

जल उपभोक्ता संथा के लिये निर्वाचन नामावली

13. जल उपभोक्ता संथा के लिये निर्वाचन नामावली –

छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी नियम, 2006 के नियम 4 के अंतर्गत बनायी गयी मतदाता सूची का ही जल उपभोक्ता संस्था के निर्वाचन नामावली के रूप में प्रयोग होगा।

14. नामावली की भाषा –

नामावली हिंदी में होगी, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर इसे अन्य भाषाओं में भी बनाया जा सकता है।

15. नामावली की प्रतियां तैयार करना –

चुनाव संपन्न कराने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्वाचन नामावली की जितनी प्रतियों की आवश्यकता होगी, उतनी प्रतियां तैयार की जावेगी।

कलेक्टर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी जल उपभोक्ता संस्थाओं की निर्वाचन नामावली की एक प्रति अभिलेख हेतु कलेक्टर के कार्यालय में रखी जावेगी। किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के सभी जल उपभोक्ता संस्थाओं के निर्वाचन संस्थाओं के निर्वाचन नामावलियों की एक प्रति संबंधित जल उपभोक्ता संस्था के कार्यालय में रखी जावेगी।

16. निर्वाचन नामावलियों की बिक्री व संरक्षण

(1) कलेक्टर द्वारा प्रक्रिया निर्धारण के पश्चात् समय–समय पर निर्वाचन नामावली की प्रतियां आम जनता को बेची जावेंगी व इससे प्राप्त आय को सरकार द्वारा इस मद हेतु निर्धारित खाते में जमा कराया जायेगा।

(2) एक प्रति कलेक्टर के कार्यालय में इसके अंतिम प्रकाशन के पांच वर्ष तक या नये नामवली का प्रकाशन – इन दोनों में से जो भी पहले हो तक रखा जावेगा।

अध्याय – पॉच

जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के सदस्य और अध्यक्ष का निर्वाचन

17. **निर्वाचन के लिए सार्वजनिक सूचना** – (1) अधिनियम के प्रारंभ होने के पश्चात् और जल उपभोक्ता संथा की अवधि का अवसान होने पर या मृत्यु, त्याग–पत्र या वापिस बुलाने पर ऐसे पद की रिक्ति होने पर जल उपभोक्ता संथा के गठन के प्रयोजन के लिए साधारण निर्वाचन किया जाएगा.

(2) संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी, उपनियम (1) के प्रयोजन के लिए, ऐसे निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए जैसा कि राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसरण में तथा अनुकूल इस निमित्त जारी किए जाएं. अधिनियम तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों तथा किए गए आदेशों के अनुरूप जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के सदस्य और अध्यक्ष के निर्वाचन के संचालन के लिए प्ररूप 1 में सूचना प्रकाशित करेगा.

(3) व्यतिक्रमी सूची, प्ररूप 1 में सूचना के प्रकाशन की तारीख के 15 दिन अग्रिम में प्रदर्शित की जाएगी.

स्पष्टीकरण : व्यतिक्रमी से अभिप्रेत है कि कोई व्यक्ति जिसके द्वारा छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी अधिनियम, 2006 (क्रमांक 7 सन् 2006) के अधीन उससे शौध्य किसी राशि का 3 वर्ष या अधिक कालावधि के लिए भुगतान नहीं किया गया है.

(4) निर्वाचन अधिकारी उपनियम (2) के अधीन सूचना जारी होने पर जल उपभोक्ता संथा के निर्वाचन के लिए प्ररूप–2 में हिंदी भाषा में सार्वजनिक सूचना देगा जो मुख्य स्थानों पर ऐसी रीति में प्रकाशित की जाएगी, जैसा कि निर्वाचन अधिकारी निर्देश दें.

(5) निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रमों के लिए नियत तारीखें, निम्नलिखित के अध्यधीन होगी:–

(क) नाम निर्देशन–पत्र भरने की अंतिम तारीख, उपनियम (2) में निर्दिष्ट सूचना के प्रकाशन के पश्चात् चार दिन से पूर्व की और दस दिन के पश्चात् की नहीं होगी, चाहे उस दिन सार्वजनिक अवकाश हो या न हो;

(ख) नाम निर्देशन–पत्रों की जांच की तारीख, नामनिर्देशन–पत्र भरने की अंतिम तारीख के ठीक अगले दिन की होगी, चाहे उस दिन सार्वजनिक अवकाश हो या न हो;

(ग) अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख तथा समय नामनिर्देशन–पत्रों की जांच के लिए नियत दिन के बाद आने वाले तीसरे दिन के अपरान्ह तीन बजे के पश्चात् का नहीं होगा, चाहे उस दिन सार्वजनिक अवकाश हो या न हो;

(घ) वह तारीख या वे तारीखें जिसको/जिनको कि मतदान किया जाएगा, वह तारीख या उन तारीखों में से प्रथम तारीख ऐसी तारीख होगी जो अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख के पश्चात् से दसवें दिन से पूर्व की नहीं होगी;

(ङ) मतदान, नियत दिन को पूर्वान्ह 8 बजे प्रारंभ होगा और अपरान्ह 2 बजे समाप्त होगा, मतदान के ठीक बाद, मतगणना प्रारंभ होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे.

18. **विशेष निर्वाचन कार्यक्रम** – इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जहां निर्वाचन प्रक्रिया में कोई व्यवधान होता है या किसी न्यायालय के आदेशों के कारण या लेखबद्ध किए जाने वाले अन्य वैध कारणों से निर्वाचन कार्यक्रम को परिवर्तित किया जाना हो तो निर्वाचन प्राधिकारी के लिए यह उचित होगा कि वह या तो सामान्यतया या विनिर्दिष्ट जल उपभोक्ता संथा के संबंध में निर्वाचन कार्यक्रम को, नियम 17 के उपनियम (5) को ध्यान में लाए बिना, इस प्रकार परिवर्तित करे, जैसा कि मामले की परिस्थितियों में वह ठीक समझे और निर्वाचन अधिकारी उसे प्रभावी करेगा :

परंतु जहां नामनिर्देशन से प्रारंभ होने वाले निर्वाचन कार्यक्रम इस नियम के अधीन पुनः अधिसूचित किया जाता है तो पूर्व में किए गए नाम निर्देशन अग्राह्य हो जाएंगे और नियम 21 के अधीन जमा राशि यदि कोई हो, लौटा दी जाएगी.

19. **अभ्यर्थियों का नामनिर्देशन** – (1) कोई भी व्यक्ति, जल उपभोक्ता संथा और वितरिका समिति की प्रबंध समिति के सदस्य और अध्यक्ष और परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद को भरने के लिए अभ्यर्थी के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जा सकेगा, यदि वह अधिनियम के उपबंधों के अधीन स्थान भरने के लिए चुने जाने के लिए अर्हित है, प्रत्येक नाम निर्देशन–पत्र जल उपभोक्ता संथा के लिए प्ररूप 3 में, वितरिका समिति के लिए प्ररूप 20 में और परियोजना समिति के लिए प्ररूप 30 में होगा और अभ्यर्थियों और उनके प्रस्तावक द्वारा सम्यकरूप से हस्ताक्षरित करके और नियत तारीख को या उसके पूर्व विनिर्दिष्ट समय के बीच **(नियम 17 के उपनियम (5))**अभ्यर्थी द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा व्यक्तिशः प्रस्तुत किया जाएगा. अभ्यर्थी, नाम निर्देशन–पत्र पर घोषणा पर, हस्ताक्षर करेगा.

(2) **जल उपभोक्ता संथा, वितरिका समिति के सदस्य या अध्यक्ष और परियोजना समिति के सदस्य या अध्यक्ष के पद के अभ्यर्थी और उनके प्रस्तावक वे व्यक्ति होंगे जिनके नाम क्रमशः उस जल उपभोक्ता संथा, वितरिका समिति या परियोजना समिति की मतदाता सूची में पंजीकृत हों.**

(3) प्रत्येक अभ्यर्थी का पृथक् से नामनिर्देशन–पत्र पर नामनिर्दिष्ट किया जाएगा.

(4) किसी अभ्यर्थी को एक ही निर्वाचक पद के लिए एक से अधिक प्रस्तावकों द्वारा अलग–अलग रूप से एक पृथक् नाम निर्देशन प्ररूप में नामनिर्दिष्ट किया जा सकेगा :

परंतु किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसकी ओर से चार से अधिक नामनिर्देशन–पत्र नहीं भरे जाएंगे.

20. **नामनिर्देशन पत्र का प्रस्तुत किया जाना और विधिमान्य नामनिर्देशन के लिए अपेक्षाएं** –

(1) प्रत्येक अभ्यर्थी, नियम तारीख को या उसके पूर्व या तो स्वयं या उसके प्रस्तावक द्वारा प्ररूप 3 में सम्यकरूप से पूर्ण और अभ्यर्थी द्वारा और प्रस्तावक के रूप में संबंधित जल उपभोक्ता संथा के पात्र मतदाता द्वारा हस्ताक्षरित नामनिर्देशन–पत्र नियम 17 के अधीन जारी की गई सूचना में विनिर्दिष्ट समय के दौरान और स्थान पर प्राधिकृत निर्वाचन अधिकारी को देगा.

(2) पत्र प्राप्त होने पर निर्वाचन अधिकारी उन्हें तत्काल उस क्रम में जमाएगा जिसमें कि वे प्रस्तुत किए गये और जल उपभोक्ता संथा के लिए प्ररूप 3 में, वितरिका समिति के लिए प्ररूप 20 में और परियोजना समिति के लिए प्ररूप 30 में यथा उपबंधित रसीद देगा और निर्वाचन अधिकारी या ऐसा अन्य प्राधिकृत व्यक्ति इस बात से स्वयं का समाधान कर लेगा कि नामनिर्देशन–पत्र में यथा दर्ज अभ्यर्थी और उसके प्रस्तावक के नाम तथा उनका संख्यांक, निर्वाचक नामावली में दर्ज नाम तथा संख्यांक के अनुरूप ही है। जहां आवश्यक हो वहां वह यह निर्देश दे सकेगा कि नामनिर्देशन प्ररूप को इस प्रकार संशोधित किया जाए जिससे वह निर्वाचक नामावली के अनुसार हो सके।

(3) निवार्चक अधिकारी, ज बवह मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि का निर्वचन कर रहा हो तो वह केवल लिपिकीय या मुद्रण संबंधी त्रुटियों पर ध्यान नहीं देगा, किन्तु नामनिर्देशन की छानबीन पर उसे औपचारिक रूप से स्वीकृत या नामंजूर करते समय वह अपने द्वारा अंगीकृत निर्वचन को उसके लिये कारण देते हुये अभिलिखित करेगा।

21. **प्रतिभूति निक्षेप** — (1) (क) जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के सदस्य और अध्यक्ष के पद के निर्वाचन के लिये कोई भी अभ्यर्थी तब तक सम्यक् रूप से नामनिर्दिष्ट किया गया नहीं समझा जायेगा जब तक कि उसने अपना नामनिर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये जाने के समय के पूर्व निर्वाचन अधिकारी के पास प्रतिभूति निक्षेप के रूप में दो सौ रूपये की राशि नकद जमा न की हो या करवाई हो और उसके लिये रसीद अभिप्राप्त न की हो।

(ख) वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य दोनों ही पद पर निर्वाचन लड़ने की वांछा रखने वाला अभ्यर्थी अपना नामनिर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये जाने के समय के पूर्व, निर्वाचन अधिकारी के पास क्रमशः रू. 500 (पांच सौ रूपये) और रूपये 300 (तीन सौ रूपये केवल) की राशि नकद प्रतिभूति निक्षेप के रूप में जमा करेगा या जमा करवाएगा । कोई भी अभ्यर्थी तब तक सम्यक्रूप से नामनिर्दिष्ट किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि उसने उक्त प्रतिभूति निक्षेप जमा न कर दिया हो ।

(ग) परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य के पदों पर, निर्वाचन लड़ने की वांछा रखने वाला अभ्यर्थी, नामनिर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये जाने के समय के पूर्व निर्वाचन अधिकारी के पास क्रमशः रूपये 1000 (रूपये एक हजार केवल) और रूपये 600 (रूपये छह सौ केवल) नकद राशि प्रतिभूति निक्षेप और उसके लिये अभिप्राप्त की गई रसीद जमा करेगा या जमा करवाएगा । कोई भी अभ्यर्थी तब तक सम्यक्रूप से नामनिर्दिष्ट किया गया नहीं समझा जायेगा जब तक कि उसने पूर्वोक्त प्रतिभूति निक्षेप न कर दिया हो :

परन्तु जहां कोई अभ्यर्थी एक से अधिक नामनिर्देशन–पत्रों में नामनिर्दिष्ट किया गया हो वहां उससे एक से अधिक प्रतिभूति निक्षेप की अपेक्षा नहीं की जाएगी ।

(2) यदि उस निमित्त नियत किये गये समय के भीतर कोई नामनिर्देशन–पत्र प्राप्त नहीं होता है तो किसी ऐसे व्यक्ति के, जिसके द्वारा या जिसकी ओर से उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रतिभूति निक्षेप जमा किया गया है या ऐसे किसी व्यक्ति के, जिसका नामनिर्देशन रद् हो गया है या यदि वह नियम–24 के उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट रीति में और समय के भीतर अपनी अभ्यर्थिता वापस ले लेता है, संबंध में जमा प्रतिभूति निक्षेप की राशि उस व्यक्ति को तत्काल लौटा दी जायेगी । जिसके द्वारा वह जमा की गई हो यदि मतदान प्रारंभ होने के पूर्व किसी अभ्यार्थी की मृत्यु हो जाती है तो ऐसी कोई प्रतिभूति निक्षेप की राशि, जो उसके द्वारा जमा की गई हो उसके विधिक प्रतिनिधि को लौटा दी जाएगी, यदि अभ्यर्थी द्वारा जमा नहीं की गई हो तो उस व्यक्ति को लौटा दी जायेगी जिसके द्वारा वह जमा की गई हो।

(3) यदि कोई अभ्यर्थी, जिसके द्वारा या जिसकी ओर से उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रतिभूति निक्षेत्र जमा किया जा चुका हो, निर्वाचित नहीं होता है और उसे मतदान में प्राप्त वैध मतों की संख्या सभी अभ्यर्थियों द्वारा मतदान में प्राप्त वैध मतों की कुल संख्या के एक अष्टमांश (1/8) से अधिक नहीं है तो उसका जमा प्रतिभूति निक्षेप सरकार को समपहृत हो जाएगा।

(4) किसी अभ्यर्थी के संबंध में जमा प्रतिभूति निक्षेप, यदि उसे उपनियम (3) के अधीन समपहृत नहीं किया गया है तो वह यथास्थिति अभ्यर्थी को या उस व्यक्ति को, जिसने कि उसकी ओर से उसे जमा किया हो, नियम–52 के अनुसार निर्वाचन के परिणाम के प्रकाशन के पश्चात् तीस दिन के भीतर लौटा दिया जाएगा।

(5) उपनियम (4) के अधीन किसी व्यक्ति को लौटाये जाने के लिये अपेक्षित प्रतिभूति निक्षेप, यदि ऐसे व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है तो उसके वैध प्रतिनिधि को लौटाया जाएगा।

(6) इन नियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी निर्वाचन अधिकारी या जिला निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा, निमित्त प्राधिकृत कोई व्यक्ति, निर्वाचन के परिणाम के प्रकाशन के तुन्रत पश्चात् एक आदेश पारित करेगा कि क्या उपनियम (1) के अधीन किया गया प्रतिभूति निक्षेप वापिस किया जाएगा या समपहृत किया जाएगा । संबंधित जल उपभोक्ता संथा का सक्षम प्राधिकारी, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से तीस दिन के भीतर, उस व्यक्ति को, जिसने प्रतिभूति निक्षेप किया है या उसके वैध प्रतिनिधि को प्रतिभूति निक्षेप लौटा देगा, यदि ऐसा प्रतिभूति निक्षेप प्रतिदेय है। उस नियम (2) के अधीन प्रतिभूति निक्षेप के समपहरण की दशा में, निर्वाचन अधिकारी संबंधित व्यक्ति को, जिसने प्रतिभूति निक्षेप जमा किया है ऐसे समपहरण के लिये कारणों को देते हुये एक आदेश संसूचित करेगा।

(7) यथास्थिति, जल उपभोक्ता संथा/वितरिका समिति/परियोजना समिति में जमा निर्वाचन प्रतिभूति निक्षेप, आक्षेप फीस आदि के मुद्दे प्राप्त की गई रकमें, संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा, इन नियमों में उपबंधित किसी कारण के लिये संबंधित व्यक्ति को किये गये किन्ही प्रतिदायों की कटौती करने के पश्चात् सरकारी खाते में विप्रेषित की जाएगी।

22. **नामनिर्देशनों का प्रकाशन** — उक्त प्रयोजन के लिये नियत की गई तारीख पर, नाम निर्देशन–पत्रों की प्राप्ति के लिये विनिदष्ट समय का अवसान होने के ठीक पश्चात् निर्वाचन अधिकारी या ऐसा अन्य प्राधिकृत व्यक्ति, प्राप्त किये गये समस्त नामनिर्देशनों की एक सूची, जल उपभोक्ता संथा के लिये प्ररूप 4 में, वितरिका समिति के लिये प्ररूप 21 में और परियोजना समिति के लिये प्ररूप 31 में हिन्दी भाषा में उसके कार्यालय में एक सूचना सहित प्रकाशित करेगा कि विनिर्दिष्ट स्थान, तारीख औरं समय पर नामनिर्देश पर जांच के लिये निर्वाचन अधिकारी द्वारा लिये जायेंगे ।

23. **नामनिर्देशन–पत्रों की जांच** — (1) नामनिर्देशन की जांच के लिए नियम की गई तारीख पर अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा लिखित में सम्यक् रूप से प्राधिकृत किया गया एक अन्य व्यक्ति, ऐसे समय और स्थान पर, जैसा कि नियम 23 के अधीन विनिर्दिष्ट किया जो उपस्थित हो सकेगा. कोई अन्य व्ययक्ति उपस्थित होने के लिए हकदार नहीं होगा. तथापि निर्वाचन अधिकारी ऐसे अन्य व्यक्तियों को उसकी सहायता करने के लिये प्रवेश दे सकेगा. जैसा कि वह उचित समझे. निर्वाचन अधिकारी ऐसे व्यक्तियों को समस्त अभ्यर्थियों के नामनिर्देशन–पत्रों की, जो कि पूर्वोक्तानुसार प्राप्त किए गए हैं, जांच करने के लिये समस्त युक्तियुक्त सुविधाएं देगा.

(2) निर्वाचन अधिकारी तब नामनिर्देश–पत्रों की जांच करेगा और ऐसी समस्त आपत्तियों पर, जो कि किसी नामनिर्देशन पर कि जाए विनिश्चय करेगा और या तो ऐसी आपत्ति पर या स्व–प्रेरणा से संक्षिप्त जांच के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, किसी नाम निर्देशन को निम्नलिखित आधारों में से किसी आधार पर नामंजूर कर सकेगा, अर्थात :–

(क) अभ्यर्थी, अधिनियम की धारा 19 के अधीन, यथा स्थिति जल उपभोक्ता संथा, वितरिका समिति के सदस्य या अध्यक्ष के रूप में और परियोजना समिति के **अध्यक्ष** के रूप में निर्वाचन के लिए निरर्हित है; या

(ख) कि अभ्यर्थी या उसके प्रस्तावक या दोनों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है; या

(ग) कि अभ्यर्थी या उसका प्रस्तावक नियम 19 या 21 के किन्हीं उपबंधों का पालन करने में असफल रहा है; या

(घ) कि नामनिर्देशन–पत्र में अभ्यर्थी या प्रस्तावक के हस्ताक्षर या अंगूठे की छाप सही नहीं है :

परंतु निर्वाचन अधिकारी लिपिकीय अथवा मुद्रण संबंधी त्रुटि या ऐसी कमी, जो सारवान स्वरूप की नहीं है के आधार पर नामनिर्देशन–पत्र अस्वीकार नहीं करेगा.

(3) निर्वाचन अधिकारी, प्रत्येक नामनिर्देशन–पत्र पर उसके स्वीकार करने या अस्वीकार करने के अपने विनिश्चय को पृष्ठांकित करेगा और यदि नामनिर्देशन–पत्र अस्वीकृत कर दिया जाता है तो वह ऐसी अस्वीकृति के लिए उसके कारणों का एक संक्षिप्त विवरण लेखबद्ध करेगा. जांच यथा समय नियम, 23 के अधीन इस नियत की गई तारीख को पूर्ण की जाएगी और कार्यवाहियों का कोई भी स्थगन किसी अभ्यर्थी को उसकी अभ्यर्थिता के विरूद्ध उद्भूत किए गए किसी प्रतिविरोध का खंडन करने के लिए अवसर उपलब्ध कराने के सिवाय सामान्यतया अनुज्ञेय नहीं होगा.

(4) इस नियम के प्रयोजन के लिए यथा जल उपभोक्ता संथा/वितरिका समिति/ परियोजना समिति में प्रवृत्त मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि की सत्यापित प्रति इस तथ्य का निश्चायक साक्ष्य होगी कि उस प्रविष्टि में निर्दिष्ट व्यक्ति उस जल उपभोक्ता संथा/वितरिका समिति/परियोजना समिति का तब तक एक निर्वाचक है जब कि कि यह सिद्ध न हो जाये कि वह अधिनियम में उल्लेखित किसी निरर्हता के अध्यधीन है.

(5) समस्त नामनिर्देशन—पत्रों की जांच और उनकी स्वीकृति या अस्वीकृति से संबंधित विनिश्चय को अभिलिखित करने के तुरंत पश्चात् निर्वाचन अधिकारी, विधिमान्य नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगा और ऐसी सूची, यथास्थिति जल उपभोक्ता संथा के लिए प्ररूप 5 में वितरिका समिति के लिए प्ररूप 22 में और परियोजना समिति के लिए प्ररूप 32 में अपने कार्यालय के सूचना पटल पर चिपकाएगा.

24. **अभ्यर्थिता वापस लेना** — (1) कोई भी अभ्यर्थी जल उपभोक्ता संथा के लिए प्ररूप 6 में, वितरिका समिति के लिए प्ररूप 23 में और परियोजना समिति के लिये प्ररूप 33 में स्वयं के द्वारा हस्ताक्षरित लिखित सूचना द्वारा और ऐसी सूचना ऐसे अभ्यर्थी द्वारा या तो व्यक्तिगत रूप से या उसके प्रस्तावक द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा, उसके नामनिर्देशन पत्र के प्रस्तुतीकरण के पश्चात् और जल उपभोक्ता संथा के मामले में नामनिर्देशकों की जांच के लिये नियत किये गये दिन के उत्तरवर्ती तीसरे अपरान्ह 3 बजे तक और वितरिका समिति और परियोजना समिति के मामले में उसी तारीख को अपरान्ह 1.00 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे के मध्य किसी भी समय, न कि उसके पश्चात्, चाहे उस दिन सार्वजनिक अवकाश हो या न हो, निर्वाचन अधिकारी को परिदत्त करने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले सकेगा. निर्वाचन अधिकारी वापसी की सूचना और उसे परिदत्त करने वाले व्यक्ति की पहचान की विशुद्धता के बारे में स्वयं का समाधान होने पर जल उपभोक्ता संथा हेतु प्ररूप 6 में, वितरिका समिति के लिये प्ररूप 23 में परियोजना समिति के लिये प्ररूप 33 में उपबंधित किये गये अनुसार लिये रसीद देगा.

(2) निर्वाचन अधिकारी, उपनियम (1) के अधीन वापसी की सूचना प्राप्त होने पर, यथाशक्य शीघ्र, जल उपभोक्ता संथा के लिये प्ररूप 7 में, वितरिका समिति के लिये प्ररूप 24 में और परियोजना समिति के लिये प्ररूप 34 में वापसी की सूचना प्रकाशित करवाएगा.

(3) ऐसा अभ्यर्थी, जिसने उपनियम (1) के अधीन अपनी अभ्यर्थिता वापिस ले ली है, उसी निर्वाचन के लिये एक अभ्यर्थी के रूप में वापसी को रद्द करने या पुनः नामनिर्दिष्ट किये जाने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी.

25. **निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन** — (1) निर्वाचन अधिकारी, नामनिर्देशनों की जांच के दो दिन पश्चात्, जल उपभोक्ता संथा के लिये प्ररूप 8 में और उसी दिन वितरिका समिति के लिये प्ररूप 25 में और परियोजना समिति के लिये प्ररूप 35 में हिंदी भाषा में ऐसे व्यक्तियों की, जिनके नामनिर्देशन अस्वीकृति नहीं किये गये हैं और जिन्होंने अपनी अभ्यर्थिता वापिस नहीं ली है एक सूची तैयार करेगा और उसके कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित करेगा.

(2) सूची में अभ्यर्थियों के नाम हिंदी में वर्णानुक्रम के अंतर्विष्ट होंगे और उन्हें उनके नामनिर्देशन पत्र के अनुसार किया जाएगा और यदि मतदान आवश्यक पाया जाए तो उसमें उप नियम (3) के अधीन उन्हें आबंटित सुभिन्न चिन्ह भी विनिर्दिष्ट किए जायेंगे.

(3) यदि मतदान आवश्यक समझा जाए तो निर्वाचन अधिकारी, प्रत्येक अभ्यर्थी को, से निदेशों के अध्यधीन रहते हुए, जो कि संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त जारी किए जाएं, एक सुभिन्न चिन्ह न्यस्त करेगा.

(4) ऐसे प्रत्येक मामले में, जहां कोई चिन्ह उपनियम (3) के अधीन अभ्यर्थी को न्यस्त किया जाए, ऐसे अभ्यर्थी को या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऐसे न्यस्त किये गये चिन्ह से संबंधित सूचना तत्काल दी जाएगी और उसका प्रतिरूप (स्पेसीमेन) प्रदान किया जाएगा.

26. **अविरोध अभ्यर्थी के परिणाम की घोषणा** – (1) यदि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या एक से अधिक है तो मतदान कराया जाएगा.

(2) यदि विधिमान्यतः नामनिर्दिष्ट एक ही अभ्यर्थी है तो निर्वाचन अधिकारी तुरंत ऐसे अभ्यर्थी को जल उपभोक्ता संथा के लिये प्ररूप 9 में, वितरिका समिति के लिये प्ररूप 28 में और परियोजना समिति के लिये प्ररूप 38 में सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित करेगा और उसे संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी तथा जिला निर्वाचन प्राधिकारी को भेजेगा.

27. **मतदान से पूर्व अभ्यर्थी की मृत्यु** – यदि किसी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाती है और मतदान के प्रारंभ होने के पूर्व उसकी मृत्यु की रिपोर्ट प्राप्त हो जाती है तो निर्वाचन अधिकारी, अभ्यर्थी की मृत्यु के तथ्य का समाधान होने पर, मतदान प्रत्यादिष्ट कर देगा और निर्वाचन संबंधी कार्यवाहियां सभी प्रकार से नये सिरे से प्रारंभ की जाएंगी, मानो कि नया निर्वाचन हो:

परंतु किसी ऐसे अभ्यर्थी के मामले में कोई नया नामनिर्देशन आवश्यक नहीं होगा जो कि मतदान के प्रत्यादिष्ट होने के समय विधिमान्यतः नामनिर्दिष्ट रहा था:

परंतु यह और भी कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसने मतदान प्रत्यादिष्ट होने के पूर्व नियम 24 के अधीन अपनी अभ्यर्थिता की वापसी की सूचना दे दी है, ऐसे प्रत्यादिष्ट होने के पश्चात् निर्वाचन के लिये अभ्यर्थी के रूप में नामनिर्दिष्ट किये जाने के लिये अपात्र होगा.

28. **अभिकर्ताओं की नियुक्ति** – (1) (क) किसी जल उपभोक्ता संथा के अध्यक्ष के पद के किसी निर्वाचन का कोई अभ्यर्थी, किसी एक व्यक्ति को अपना निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्त कर सकेगा. ऐसी नियुक्ति प्ररूप 10 में उसे दो प्रतियों में निर्वाचन अधिकारी को अग्रेषित करते हुए दी जायेगी जो नियुक्ति में उसके अनुमोदन के प्रमाण स्वरूप उसकी एक प्रति पर अपनी मुद्रा लगाकर हस्ताक्षर करके एक प्रति निर्वाचन अभिकर्ता को वापस करेगा.

(ख) निर्वाचन अभिकर्ता निर्वाचन से संबंधित ऐसे कृत्यों का पालन कर सकेगा, जैसा कि इन नियमों के द्वारा या उसके अधीन एक निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा संपादित किए जाने के लिए प्राधिकृत हों.

(2) (क) ऐसे मतदान अभिकर्ताओं की संख्या जो कि किसी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त किए जाएंगे, प्रत्येक मतदान केंद्र के संबंध में एक अभिकर्ता और एक रिलीफ अभिकर्ता होगा.

(ख) प्रत्येक ऐसी नियुक्ति प्ररूप 11 में की जाएगी और मतदान केन्द्र पर प्रस्तुत करने के लिये मतदान अभिकर्ता को सौंपी जायेगी.

(ग) किसी भी मतदान अभिकर्ता को मतदान केन्द्र में तब तक प्रवेश नहीं दिया जायेगा जब तक उसने उपनियम (2) के अधीन उसकी नियुक्ति का दस्तावेज सम्यक् रूप से पूर्ण करते हुए और उसमें अंतर्विष्ट घोषणा पर पीठासीन अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षर करके, पीठासीन अधिकारी को परिदत्त न कर दिया हो.

(घ) कोई मतदान अभिकर्ता, मतदान से संबंधित से कृत्यों का पालन कर सकेगा जो कि इन नियमों द्वारा या उसके अधीन प्राधिकृत हों.

(3) (क) प्रत्येक अभ्यर्थी मतगणना के लिये नियम स्थान या स्थानों पर उतनी संख्या में मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति कर सकेगा, जो कि जिला निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं.

(ख) प्रत्येक ऐसी नियुक्ति प्ररूप 12 में दो प्रतियों में की जायेगी जिसकी एक प्रति निर्वाचन अधिकारी को अग्रेषित की जायेगी, जबकि दूसरी प्रति मतगणना अभिकर्ता को, निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये मतगणना के लिये नियत किये गये समय के एक घंटे अपश्चात् उपलब्ध कराई जायेगी.

(ग) मतगणना अभिकर्ता, मतों की गणना के संबंध में ऐसे कृत्यों का पालन कर सकेगा जो कि इन नियमों द्वारा या उसके अधीन प्राधिकृत किए जाएं.

(4) (क) प्रत्येक निर्वाचन में, जहां कि मतदान हो, ऐसे निर्वाचन में निर्वाचन लड़ने वाला प्रत्येक अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन अभिकर्ता को किसी भी मतदान केन्द्र पर उपस्थित होने का अधिकारी होगा.

(ख) कोई निर्वाचन लड़ने वाला अभ्यर्थी स्वयं या उसका निर्वाचन अभिकर्ता ऐसा कोई कार्य या बात कर सकेगा जो कि ऐसे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी का कोई मतदान अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता, यदि नियुक्त किया जाता तो इन नियमों द्वारा या उनके अधीन करने के लिये प्राधिकृत होता, या वह कोई ऐसा कार्य या बात करने में किसी मतदान अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता या ऐसे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की सहायता कर सकेगा.

(5) जहां कोई कार्य या बात, मतदान या मतगणना अभिकर्ताओं की उपस्थिति में किये जाने के लिये इन नियमों द्वारा या उनके अधीन अपेक्षित या प्राधिकृत हैं तो इस प्रयोजन के लिये नियत किये गये समय और स्थान पर किसी ऐसे अभिकर्ता या अभिकर्ताओं की अनुपस्थिति, यदि कार्य या बात सम्यक्रूप से अन्यथा कर दी गई है, किये गये कार्य या बात को अविधिमान्य नहीं करेगी.

29. **मतदान** – (1) यदि मतदान किया जाना हो तो निर्वाचन अधिकारी, प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक या अधिक पीठासीन अधिकारियों को तुरंत नियुक्त करेगा और उनकी सेवाओं के लिये सरकार द्वारा नियत किये गये पारिश्रमिक का संदाय कर सकेगा. निर्वाचन अधिकारी, प्रत्येक पीठासीन अधिकारी के लिये इतनी संख्या में मतदान अधिकारी की व्यवस्था करेगा जितने कि आवश्यक हों, और यदि आवश्यक हो तो निर्वाचकों की पहचान करने के लिये पीठासीन अधिकारी की सहायता करने हेतु एक या अधिक पहचान अधिकारी भी नियुक्त कर सकेगा.

(2) पीठासीन अधिकारी यह देखेगा कि निर्वाचन निष्पक्ष रूप से संचालित हों और उस उद्देश्य के लिये एक समय में प्रवेश दिये जाने के लिये निर्वाचकों की संख्या को विनियमित करने के लिये मतदान केन्द्र पर व्यवस्था बनाए रखेगा और –

(क) अभ्यर्थियों और प्रत्येक बूथ पर प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा लिखित में नियुक्त किया गया एक मतदान अभिकर्ता,

(ख) कर्त्तव्य पर उपस्थित पुलिस या अन्य लोक सेवक,

(ग) मतदान अधिकारी और ऐसे व्यक्ति, जिन्हें पीठासीन अधिकारी समय–समय पर निर्वाचकों की पहचान करने के प्रयोजन के लिये प्रवेश दें,

(घ) सरकार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति,

(ङ) निर्वाचक के साथ उसकी गोद में का बालक, और

(च) ऐसा व्यक्ति जो किसी दृष्टिहीन या अशक्त निर्वाचक के साथ है जो कि बिना सहायता के नहीं चल सकता, को छोड़कर समस्त व्यक्ति अपवर्जित रहेंगे.

(3) जहां कोई महिला निर्वाचक परदा करने के कारण, उपनियम (1) के अधीन नियुक्त किये गये पहचान अधिकारी द्वारा पहचानी न जो सके तो उससे अपने किसी निकटतम नातेदारों द्वारा पहचाने जाने की अपेक्षा तब तक की जा सकेगी, जब तक कि वह अपनी पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी का अन्यथा समाधान नहीं कर देती है.

स्पष्टीकरण – यदि कोई प्रश्न उद्भूत होता है कि क्या कोई व्यक्ति इस उप निमय के अर्थ के अंतर्गत निकटतम नातेदार है या नहीं तो इसका विनिश्चय पीठासीन अधिकारी द्वारा किया जायेगा और उसका विनिश्चय अंतिम होगा.

30. **मताधिकार** – समस्त निर्वाचक, नियमों के अधीन उपलब्ध कराये गये मतदान केन्द्र पर व्यक्तिगत रूप से मतदान करेंगे.

31. **मतदान केन्द्र की व्यवस्था** – (1) प्रत्येक मतदान केन्द्र के बाहर निम्नलिखित प्रमुख रूप से प्रदर्शित किये जायेंगे :–

(क) मतदान क्षेत्र, सुसंगत मतदाता सूची में उन निर्वाचकों का अनुक्रमांक, जो मतदान केन्द्र पर, मतदान के हकदार हैं और जब मतदान क्षेत्र में एक से अधिक मतदान केन्द्र हों तो इस प्रकार हकदार मतदाताओं का विवरण विनिर्दिष्ट करते हुए एक सूचना;

(ख) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची की प्रति, उनके अनुक्रमांक और उन्हें दिये गये चिन्ह; और

(ग) प्रत्येक मतदान केन्द्र में एक या अधिक पृथक् प्रकोष्ठ अन्तर्विष्ट होंगे जिसमें निर्वाचक मतदान करेंगे.

नोट :– मतदान केन्द्र में संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा यथा विनिर्दिष्ट मतदाताओं को सुव्यवस्थित करने की व्यवस्था होनी चाहिए.

(2) मतदान बूथ पर दो मतपेटियां होंगी, उनमें से एक प्रबंध समिति के सदस्य के लिये और दूसरी जल उपभोक्ता संथा के अध्यक्ष के लिये रहेगी :

परंतु जहां जल उपभोक्ता संथा के निर्वाचन के लिये मतदाताओं की संख्या कम है, वहां जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या पर निर्भर रहते हुए अध्यक्ष और प्रबंध समिति के सदस्यों को निर्वाचित करने के लिये मत डालने हेतु एक मतपेटी का उपयोग कर सकेगा.

(3) निर्वाचन अधिकारी प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निर्वाचक नामावली या उसके ऐसे भाग की प्रतियों के साथ जिनमें मतदान के हकदार निर्वाचकों के नाम अंतर्विष्ट हों पर्याप्त संख्या में मतपेटियां और ऐसे कागज (पेपर) तथा मतपत्रों पर चिन्ह लगाने हेतु निर्वाचकों के लिये आवश्यक वस्तुएं, स्टेशनरी और प्ररूप, जो आवश्यक समझे जाएं, उपलब्ध करायेगा.

31. **मतपेटियों का तैयार किया जाना –** (1) जहां मतपेटी सुरक्षित रखे जाने के लिये पेपर सील का उपयोग किया जाता हो, वहां पीठासीन अधिकारी, पेपर सील पर अपने हस्ताक्षर करेगा और उस पर उपस्थित ऐसे अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं या मतदान अभिकर्ताओं के, जो कि उस पर करने की वांछा करें, हस्ताक्षर अभिप्राप्त करेगा.

(2) पीठासीन अधिकारी इसके पश्चात् मतपेटी में उसके लिये नियम स्थान में इस प्रकार हस्ताक्षरित पेपर सील चिपकायेगा और तब सुनिश्चित करेगा और ऐसी रीति में पेटी को सुरक्षित करके सील करेगा कि उसमें मतपत्र डालने के लिये स्थान खुला हो.

(3) किसी मतपेटी को सुरक्षित रखने के लिये उपयोग में लाई गई सील ऐसी रीति में की जायेगी कि पेटी बंद हो जाने के पश्चात् बिना सील तोड़े उसका खोला जाना संभव नहीं हो.

(4) जहां पेपर सील का उपयोग मतपेटी सुरक्षित रखने के लिये आवश्यक नहीं है, वहां पीठासीन अधिकारी ऐसी रीति में मतपेटी सील कर सुनिश्चित करेगा कि उसमें मत डालने के लिये स्थान खुला हो और उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं को, यदि वे ऐसी वांछा करें तो उन्हें सील लगाने के लिए अनुज्ञात करेगा.

(5) किसी मतदान केन्द्र पर उपयोग की गई प्रत्येक मतपेटी के भीतर तथा बाहर दोनों तरफ लेबिल के साथ निम्नलिखित चिन्हित होगा :

(क) मतदान केन्द्र का वर्णन,

(ख) मतपेटी का अनुक्रमांक (केवल मतपेटी के बाहरी तरफ लेबिल पर मतपत्र के एक ओर भरा जायेगा), और

(ग) मतदान की तारीख.

(6) पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के ठीक पूर्व, उपस्थित मतदान अभिकर्ता तथा अन्य व्यक्तियों को यह प्रदर्शित करेगा कि मतपेटी खाली है और उपनियम (5) में निर्दिष्ट लेबिल हैं.

(7) मतपेटी तब बंद की जाएगी, सील की जाएगी, सुरक्षित की जाएगी और पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अभिकर्ताओं की नजर में रखी जाएगी.

(8) पीठासीन अधिकारी, मतदान प्रारंभ होने के ठीक पूर्व मतदान अभिकर्ता तथा उपस्थित अन्य को मतदान के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली मतदाता सूची की यथास्थिति, चिन्हित प्रति या चिन्हित प्रतियां प्रदर्शित करेगा.

32. **मतपत्र का प्ररूप** — (1) प्रत्येक मतपत्र उससे संलग्न प्रतिपर्ण (काउण्टर फाइल) के साथ होगा और उक्त मतपत्र तथा प्रतिपर्ण ऐसे प्ररूप में होगा जैसा कि संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी, आदेश द्वारा, निर्देश दें.

(2) प्रत्येक मतपत्र किसी निर्वाचक को जारी किये जाने के पूर्व :—

(क) मुद्रांकित होगा और उसके पीछे ऐसे ब्यौरे लिखे होंगे जैसा कि संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए.

मतदान केन्द्र का नाम तथा क्रमांक,

जल उपभोक्ता संस्था का नाम,

राजस्व सर्किल का नाम,

(ख) पीठासीन अधिकारी द्वारा उसके पीछे पूर्ण हस्ताक्षर किये जायेंगे.

33. **मतपत्र का जारी किया जाना** — (1) किसी निर्वाचक को कोई मतपत्र जारी किया जाता है उसके अव्यवहित पूर्व पीठासीन अधिकारी, —

(क) मतदाता सूची में यथा कथित रूप से निर्वाचक का क्रमांक, नाम तथा विवरण आहूत करेगा, और

(ख) उसके प्रतिपर्ण पर मतदाता सूची की चिन्हित प्रति में यथा प्रविष्ट निर्वाचक की मतदाता सूची का क्रमांक रिकार्ड करेगा तथा उक्त प्रतिपर्ण पर उक्त निर्वाचक के हस्ताक्षर अभिप्राप्त करेगा या अंगूठे का निशान लगवाएगा :

परंतु कोई मतपत्र निर्वाचक को तब तक परिदत्त नहीं किया जायेगा, जब तक कि वह उक्त मतपत्र के प्रतिपर्ण पर अपने हस्ताक्षर नहीं कर देता है या अंगूठे का निशान नहीं लगा देता है.

(2) यथास्थिति, पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी प्रत्येक मामले में मतदाता सूची की चिन्हित प्रति में उस निर्वाचक से संबंधित प्रविष्टि के नीचे लाइन खीचेंगा तथा जहां निर्वाचक कोई महिला है वहां महिला निर्वाचक के नाम के बांये हाथ की तरफ भी सही (√) का निशान लगायेगा.

(3) यथास्थिति, पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी, उसके बांए हाथ की तर्जनी (फोर फिंगर) की त्वचा और नाखून की जड़ के बीच के कोर पर अलोप्य स्याही से चिन्ह लगायेगा.

(4) मतदान केन्द्र में कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचक को जारी किये गये मतपत्रों का अनुक्रमांक नोट नहीं करेगा.

34. निर्वाचक द्वारा मतदान की गोपनीयता को बनाये रखने तथा मतदान की प्रक्रिया –

(1) प्रत्येक निर्वाचक जिसे नियम 33 के अधीन या इन नियमों के किन्हीं अन्य उपबंधों के अधीन मतपत्र जारी किया जाता है, मतदान केन्द्र के भीतर गोपनीयता बनाए रखेगा और उस प्रयोजन के लिये इसके पश्चात् अधिकथित मतदान प्रक्रिया का पालन करेगा:–

(2) निर्वाचक यथास्थिति मतपत्र या मतपत्रों को प्राप्त कर, शीघ्र –

(क) मतदान प्रकोष्ठों में से एक में जायेगा,

(ख) मतपत्र पर उक्त प्रयोजनों के लिये प्रदाय किये गये साधन से अभ्यर्थी को जिसको कि वह मत देने का आशय रखता हो, आबंटित चिन्ह पर या उसके पास निशान अंकित करेगा,

(ग) मत पत्र या मतपत्रों को पहले खड़ा और उसके बाद आड़ा इस प्रकार मोड़ेगा कि मत गुप्त बना रहे,

(घ) मुड़ा हुआ मतपत्र विनिर्दिष्ट मतपेटी में डालेगा, और दिये गये निकास द्वारा मतदान केन्द्र छोडेगा.

(3) प्रत्येक निर्वाचक बिना किसी असम्यक विलंब के मत डालेगा.

(4) किसी भी निर्वाचक को मतदान प्रकोष्ठ में प्रवेश की अनुज्ञा नहीं होगी जबकि कोई दूसरा निर्वाचक उसके भीतर हो.

(5) यदि ऐसा निर्वाचक जिसको मतपत्र जारी किया गया है, उपनियम (2) में अधिकथित प्रक्रिया का पालन करने हेतु पीठासीन अधिकारी द्वारा चेतावनी देने के बाद भी इंकार करता है तो उसे जारी किये गया मतपत्र, चाहे उसने उस पर अपना मत अभिलिखित किया हो या नहीं, पीठासीन अधिकारी द्वारा या उसके निर्देश के अधीन मतदान अधिकारी द्वारा उससे वापस ले लिया जायेगा.

(6) पीठासीन अधिकारी मतपत्र वापस लेने के पश्चात् उसके पीछे शब्द "रद्द किया गया" मतदान प्रक्रिया अतिक्रमण को अभिलिखित करेगा और इन शब्दों के नीचे अपने हस्ताक्षर करेगा तथा ऐसे समस्त मतपत्रों को एक पृथक् लिफाफे में रखा जाएगा जिसके ऊपर शब्द "मतपत्र–मतदान प्रक्रिया अतिक्रमित" अंकित रहेंगे.

(7) किसी अन्य शास्ति पर, जिसके लिये ऐसा निर्वाचक, जिससे उपनियम (5) के अधीन ऐसा मतपत्र वापस लिया गया है, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और ऐसे मतपत्र पर अभिलिखित मत की, यदि कोई हो, गणना नहीं की जाएगी.

35. दृष्टिहीन तथा अशक्त मतदाता – (1) यदि कोई निर्वाचक अन्धत्व या अन्य शारीरिक अशक्तता के कारण मतपत्र पर चिन्ह पहचानने तथा उस पर निशान लगाने में असमर्थ है, तो पीठासीन अधिकारी, निर्वाचक की इच्छानुसार मतपत्र पर उसका मत रिकार्ड करेगा, उसे इस प्रकार मोड़ेगा कि मत गुप्त रहे, और मतपेटी में उसे डालेगा.

(2) पीठासीन अधिकारी इस नियम के अधीन कार्य करते समय गोपनीयता का पालन करेगा और प्रत्येक ऐसे दृष्टांतों का संक्षिप्त रिकार्ड रखेगा किंतु उस रीति को इसमें कोई मत दिया गया है, इसमें उपदर्शित नहीं किया जायेगा.

36. **महिला निर्वाचकों को सुविधाएं** — महिला निर्वाचकों को संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त जारी किये गये निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार विशेष सुविधाएं दी जा सकेंगी.

37. **निर्वाचकों की पहचान** — जब कोई व्यक्ति स्वयं मतदान के लिये उपस्थित होता है और उसे मतपत्र प्रदान किये जाने से पूर्व किसी भी समय पीठासीन अधिकारी स्वप्रेरणा से और यदि किसी अभ्यर्थी या उसके मतदान अभिकर्ता द्वारा ऐसा अपेक्षित किया जाए, तो ऐसे व्यक्ति से निम्नलिखित में से या तो एक या दोनों प्रश्न कर सकेगा :—

(एक) क्या आप निम्नलिखित रूप से नामांकित व्यक्ति है (नामावली से समस्त प्रविष्टि पढ़कर)

(दो) क्या आपने वर्तमान निर्वाचन में इस मतदान केन्द्र पर या किसी अन्य मतदान केन्द्र पर पूर्व में मतदान किया है ? और व्यक्ति को तब तक मतपत्र नहीं दिया जाएगा जब तक कि वह उसे पूछे बिना शर्त उत्तर, ऐसे प्रश्नों में से प्रथम सकारात्मक और द्वितीय नकारात्मक में नहीं दे देता, इसमें उल्लिखित के सिवाय प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में पाया जाता है, मतपत्र दिये जाने हेतु हकदार होगा.

38. **निविदत्त मत** — (1) यदि कोई व्यक्ति स्वयं को विशिष्ट मतदाता दर्शाते हुए किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा ऐसे मतदाता के रूप में पूर्व मे ही मतदान कर लिये जाने के पश्चात् मतपत्र के लिये आवेदन करता है तो वह अपनी पहचान से संबंधित ऐसे प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने पर, जैसा कि पीठासीन अधिकारी पूछे, निम्नलिखित उपबंध के अधीन रहते हुए मतपत्र को (इसमें इसके पश्चात् इन नियमों में "निविदत्त मतपत्र के रूप में निर्दिष्ट" है) उसी रीति में, जैसा कि कोई अन्य मतदाता चिन्हित करें, चिन्हित करने का हकदार होगा.

(2) प्रत्येक ऐसा व्यक्ति, निविदत्त मतपत्र प्रदाय किया जाने के पूर्व प्ररूप 13 में की सूची में उससे संबंधित प्रविष्टि के सामने अपने हस्ताक्षर करेगा.

(3) निविदत्त मतपत्र मतदान में उपयोग में लाए गए मतपत्र के समान होगा, सिवाय इसके कि वह :—

(क) मतदान केन्द्रों में उपयोग के लिये जारी किये गये मतपत्रों के बंडल के नीचे से उत्तरोत्तर मामलों में क्रमवार लिया जाएगा; और

(ख) पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने स्वयं के हाथ से तथा अपने हस्ताक्षर से शब्द "निविदत्त मतपत्र" सहित उसके पीछे पृष्ठांकित किया जाएगा.

(4) निर्वाचक, मतदान प्रकोष्ठ में निविदत्त मतपत्र देने के पश्चात् और उसके मोड़कर मतपेटी में डालने के स्थान पर पीठासीन अधिकारी को देगा जो उसे इस प्रयोजन के लिये विशिष्टतया रखे गये एक लिफाफे में रखेगा.

39. **पहचान को चुनौती** — (1) कोई भी मतदान अभिकर्ता, कोई विशिष्ट निर्वाचक होने का दावा करने वाले व्यक्ति की पहचान को चुनौती, पीठासीन अधिकारी को प्रत्येक ऐसी चुनौती के लिये पांच रूपये की राशि नकद में पहले जमा करने पर दे सकेगा.

(2) इस प्रकार जमा किये जाने पर पीठासीन अधिकारी :—

(क) चुनौती दिये गये व्यक्ति को प्रतिरूपण की शास्ति की चेतावनी देगा;

(ख) मतदाता सूची में सुसंगत प्रविष्टि पूर्णतः पढ़ेगा और उससे पूछेगा कि क्या वह प्रविष्टि में निर्दिष्ट किया गया व्यक्ति ही है;

(ग) प्ररूप 14 में आपत्ति किये गये मतों की सूची में उसके नाम तथा पते की प्रविष्टि करेगा; और

(घ) उससे अपेक्षा करेगा कि वह उक्त सूची में अपना हस्ताक्षर करे या अंगूठे का निशान लगाए,

(3) पीठासीन अधिकारी इसके पश्चात् चुनौती के बारे में संक्षिप्त जांच करेगा और उस प्रयोजन के लिये :—

(क) चुनौती के सबूत में साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु चुनौतीकर्ता और उस व्यक्ति से, जिसे चुनौती दी गई है, अपनी पहचान के सबूत की साक्ष्य प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा;

(ख) उस व्यक्ति से, जिसे चुनौती दी गई है, अपनी पहचान स्थापित करने के प्रयोजन हेतु कोई भी आवश्यक प्रश्न पूछ सकेगा तथा शपथ पर उसके उत्तर की अपेक्षा कर सकेगा; और

(ग) चुनौतीकर्ता तथा किसी अन्य व्यक्ति को, जो साक्ष्य देना चाहता हो, शपथ दिला सकेगा.

(4) यदि जांच के पश्चात् पीठासीन अधिकारी यह समझता है कि चुनौती सुस्थित नहीं हुई है तो वह उस व्यक्ति को, जिसे चुनौती दी गई है, मत देने के लिये अनुज्ञात करेगा तथा यदि वह समझता है कि चुनौती सुस्थित हो चुकी है, तो वह उस व्यक्ति को, जिसे चुनौती दी गई है, मतदान करने से वंचित कर देगा.

(5) यदि पीठासीन अधिकारी की यह राय है कि चुनौती तुच्छ है या सद्भावनापूर्ण नहीं दी गई है तो वह निर्देश देगा कि उपनियम (1) के अधीन किया गया निक्षेप, सरकार को समपहृत हो जायेगा और किसी अन्य दशा में वह जांच की समाप्ति पर उसे चुनौतीकर्ता को वापस कर देगा.

40. **प्रतिरूपण के विरुद्ध संरक्षण** — (1) प्रत्येक निर्वाचक जिसकी पहचान के बारे में, यथास्थिति, पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी का समाधान हो जाता है तो पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी, उसकी बांयी तर्जनी का निरीक्षण किये जाने की तथा अलोप्य स्याही से उस पर निशान लगाए जाने की अनुज्ञा देगा.

(2) किसी निर्वाचक की बांयी तर्जनी के संबंध में इस नियम में किसी संदर्भ का यह अर्थ लगाया जाएगा कि उसका संदर्भ उसके बांये हाथ की किसी अन्य उंगली से है और ऐसे मामले में, जहां उसके बांये हाथ की सभी उंगलियां नहीं है तो वहां यह अर्थ लगाया जाएगा कि उसका संदर्भ उसके दाहिने हाथ की तर्जनी या किसी अन्य उंगली से है और ऐसे मामले में, जहां उसके दोनों हाथों की उंगलियां नहीं है वहां यह अर्थ लगाया जाएगा कि उसका संदर्भ उसकी बांयी या दांई भुजा से, जो भी वह रखता हो, है.

(3) पीठासीन अधिकारी को यह स्वतंत्रता होगी कि वह किसी व्यक्ति को मतदान केन्द्र में मतदान करने के लिये मतपत्र देने से इंकार कर दें, यदि मतपत्र के लिये आवेदन करते समय ऐसे व्यक्ति को उपनियम (1) तथा (2) में निर्दिष्ट अलोप्य स्याही का निशान पूर्व से ही लगा है.

खराब तथा वापस लिया गया मतपत्र — (1) ऐसा निर्वाचक, जिसने अपने मतपत्र के प्रति अनवधानता की है, पीठासीन अधिकारी को अपना मतपत्र परिदत्त करने पर और उसकी अनवधानता से उसका समाधान हो जाने पर उसे दूसरा मतपत्र दिया जा सकेगा और इस प्रकार वापस किये गये मतपत्र तथा ऐसे मतपत्र के प्रतिपर्ण पर पीठासीन अधिकारी द्वारा यथा "खराब रद्द किया गया" चिन्हित किया जायेगा.

(2) यदि कोई निर्वाचक मतपत्र प्राप्त करने के पश्चात् विनिश्चय करता है कि उसका उपयोग नहीं करना है तो वह पीठासीन अधिकारी को उसे वापस कर देगा और इस प्रकार वापस किया हुआ मतपत्र तथा मतपत्र का प्रतिपर्ण, पीठासीन अधिकारी द्वारा यथा "वापस किया गया रद्द किया गया" चिन्हित किया जायेगा.

(3) उप नियम (1) तथा उपनियम (2) के अधीन रद्द किये गये समस्त मतपत्र, एक पृथक, पैकेट में रखे जायेंगे.

42. **मतदान बंद किया जाना और मतदान के पश्चात् मतपेटियों और लिफाफों को सील करना** — (1) पीठासीन अधिकारी, नियम 17 के उपनियम (5) के खंड (ड) के अधीन मतदान बंद करने के लिये नियत किये गये समय पर मतदान को बंद कर देगा और उसके पश्चात् मतदान केन्द्र में किसी भी निर्वाचक को प्रवेश नहीं देगा :

परंतु मतदान बंद होने के पूर्व मतदान में उपस्थित समस्त निर्वाचकों को मत देने हेतु अनुज्ञात् किया जायेगा.

(2) यदि कोई प्रश्न उद्भूत होता है कि क्या कोई निर्वाचक मतदान बंद होने के पूर्व मतदान केन्द्र में उपस्थित था तो यह पीठासीन अधिकारी द्वारा विनिश्चित किया जायेगा और उसका विनिश्चिय अंतिम होगा.

(3) प्रत्येक मतदान केन्द्र का पीठासीन अधिकारी, यथाशक्य शीघ्र, मतदान के बंद होने के पश्चात् मतपेटी के दीर्घ छिद्र (स्लिट) को बंद करेगा और जहां मतपेटी में दीर्घ छिद्र को बंद करने के लिये यांत्रिकी युक्ति नहीं हैं तो वह दीर्घ छिद्र को सील करेगा और किसी भी उपस्थित मतदान अभिकर्ता को अपनी मुद्रा लगाने के लिये अनुज्ञात करेगा, उसके पश्चात् मतपेटी को सील बंद किया जाएगा तथा उसे सुरक्षित रखा जाएगा.

(4) जहां प्रथम मतपेटी पूरी भर जाने के कारण दूसरी मतपेटी का उपयोग किया जाना आवश्यक हो तो दूसरी मतपेटी का उपयोग करने से पूर्व प्रथम पेटी बंद की जायेगी, उसे सील किया जाएगा और उसे सुरक्षित रखा जायेगा जैसा कि उप नियम (3) में यथा उपबंधित है.

(5) इस नियम के पूर्वगामी उपबंध किसी मतदान केन्द्र के ऐसे पीठासीन अधिकारी को लागू नहीं होंगे जिसको संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी ने निर्देश जारी कर उपनियम (6) के अनुसार कार्यवाही करने के लिये निर्देश जारी किये हैं.

(6) किसी ऐसे मतदान केन्द्र में, जैसा कि उप नियम (5) के अधीन विनिर्दिष्ट किया जाये, पीठासीन अधिकारी, मतदान बंद होने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र –

(क) उस मतदान केन्द्र पर उपयोग में लाई गई मतपेटी या मतपेटियों में के समस्त मतपत्रों को, उनकी जांच या उसकी गणना किये बिना तथा मतपत्र की गोपनीयता का सम्यक् ध्यान रखते हुए उपस्थित मतदान अभिकर्ता को यह प्रदर्शित करने के पश्चात् कि थैला या लिफाफा (कवर) खाली है, कपड़े के थैले या क्लाथ लाइन कवर में अंतरित करेगा; और

(ख) उपस्थित मतदान अभिकर्ता को, प्रत्येक मतपेटी का निरीक्षण करने तथा उन्हें यह प्रदर्शित करने के लिये वह खाली रखी गई है, अनुज्ञात करेगा.

(7) उपस्थित मतदान केन्द्र का पीठासीन अधिकारी, मतदान बंद होने के पश्चात्, यथाशक्य शीघ्र, निम्न को पृथक् पैकटों में रखेगा और अपनी स्वयं की मुद्रा तथा ऐसे अभ्यर्थियों या अभिकर्ताओं की मुद्रा सहित, जैसा कि उनकी मुद्रा लगाने के लिये विनिश्चय किया जाए, सील करेगा :

(एक) निविदत्त मतपत्र;

(दो) बिना उपयोग किये मतपत्र;

(तीन) खराब तथा वापस किये गये मतपत्र;

(चार) निर्वचक नामावली की चिन्हित प्रति;

(पांच) निविदत्त मतदाताओं की सूची;

(छः) नियम 39 के उप नियम (2) में उल्लेखित विवरण या विवरणों सहित उन मतों की सूची, जिनके संबंध में चुनौती दी गई है;

(सात) उपयोग किये गये मतपत्रों के प्रतिपर्ण; और

(आठ) नियम 34 के अधीन मतदान प्रक्रिया के उल्लंघन के कारण रद्द किये गये मतपत्र.

(8) प्रत्येक पैकेट को क्रमांकित किया जाएगा तथा उसमें उसकी विषय वस्तु, निर्वाचन तथा मतदान केन्द्रों के विवरण की बाबत एक टिप्पणी होगा. जहां मतदान केन्द्र पर कोई मत अभिलिखित नहीं किया गया है, वहां पीठासीन अधिकारी प्ररूप 15 में विवरण सहित "निरंक" रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा.

43. **मतपत्रों, मतपेटियों, पैकटों आदि का लेखा** – (1) पैकटों के साथ पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपेटियों में मतपत्रों तथा अप्रयुक्त, खराब, वापिस किये गये तथा निविदित्त मतपत्रों की संख्या दर्शाते हुए प्ररूप 15 में दिया गया एक पृथक् विवरण संलग्न होगा. पीठासीन अधिकारी तब निर्वाचन अधिकारी को ऐसे स्थान पर निम्नलिखित परिदत्त करेगा या करवाएगा, जैसा कि निर्वाचन अधिकारी निर्देश दें:

(क) मतपेटियों या यथास्थिति, नियम 33 में निर्दिष्ट थैलियां (बेग्ज) या लिफाफे,

(ख) मतपत्रों का लेखा या लेखे,

(ग) नियम 42 में निर्दिष्ट सीलबंद पैकेट या सीलबंद पैकटों के सेट, और

(घ) मतदान में उपयोग में लाये गये समस्त अन्य कागज–पत्र.

(2) निर्वाचन अधिकारी, समस्त मतपेटियों, पैकट तथा अन्य कागज--पत्र के सुरक्षित परिवहन के लिये यथोचित इंतजाम करेगा और उनको तब तक सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा जब तक कि मतों की गिनती शुरू नहीं हो जाती है.

44. **मतपेटियों को खोलने की जांच तथा मतों की गणना** – (1) (क) मतगणना, इस निमित्त नियत किये गये दिन तथा स्थान और समय पर शुरू की जायेगी.

(ख) निर्वाचन अधिकारी, मतदान के लिये नियत की गई तारीख के कम से कम तीन दिन पूर्व या तारीखों के प्रथम दिन स्थान या स्थानों, जहां कि मतों की गिनती होनी है ओर वह तारीख तथा समय, जिसको गणना शुरू होगी तथा प्रत्येक अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को लिखित में उसकी सूचना देगा :

परंतु यदि निर्वाचन अधिकारी किसी कारण से यह पाता है कि ऐसा करना आवश्यक है तो वह इस प्रकार तारीख, समय तथा स्थान या स्थानों या उनमें से किसी को, प्रत्येक अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को इसकी लिखित सूचना देकर परिवर्तित कर सकेगा.

(ग) मतों की गणना निर्वाचन अधिकारी द्वारा या उसके पर्यवेक्षण में की जायेगी. निर्वाचन अधिकारी ऐसी संख्या में गणना सहायकों को नियुक्त करेगा जैसा कि वह मतों की गणना करने में अपनी सहायता के लिये आवश्यक समझे.

(घ) सिवाय ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के, जिन्हें निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना में उसकी सहायता के लिये नियुक्त किया है प्रत्येक अभ्यर्थी तथा प्रत्येक अभ्यर्थी का निर्वाचन अभिकर्ता और प्रत्येक अभ्यर्थी के एक प्रतिनिधि को जो अभ्यर्थी द्वारा लिखित में प्राधिकृत किया गया है उपस्थित होने का अधिकार होगा. कोई भी व्यक्ति जो किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसकी ओर से नियोजित किया गया है या कोई भी व्यक्ति, जो किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन से सम्बद्ध है मतों की गणना में सहायता के लिये नियुक्त नहीं किया जाएगा.

(2) (क) निर्वाचन अधिकारी, एक से अधिक मतदान केन्द्रों पर उपयोग की मतपेटी या मतपेटियों की एक साथ खोल सकेगा या खुलवायेगा तथा ऐसी मतपेटी या मतपेटियों में पाये गये मतपत्रों की कुल संख्या की गणना करेगा और प्रारूप 15 में मतपत्र के भाग–दो में लेखा अभिलिखित करेगा.

(ख) यथा पूर्वोक्त अभिलिखित ऐसे मतपत्रों की कुल संख्या और प्ररूप 15 के भाग एक की मद 3 में यथा दर्शित मतदाताओं को जारी किये गये मतपत्रों की कुल संख्या में से उसकी मद 4 में यथा दर्शित रद् किये गये मतपत्रों की संख्या और उसकी मद 5 में यथा दर्शित पत्रों की संख्या घटाकर आई संख्या के बीच के फर्क यदि कोई हो को भी प्ररूप 15 के भाग 2 में अभिलिखित किया जाएगा.

(ग) मतगणना के लिये किसी मतपेटी को खोलने से पूर्व, वहां उपस्थित मतगणना अभिकर्ताओं को पेपर सील या ऐसी अन्य सील का जो उस पर लगी हो तथा उनका समाधान करने के लिये कि मतपेटी, जैसी की वैसी दशा में है, निरीक्षण करने की अनुमति दी जाएगी.

(घ) निर्वाचन अधिकारी इस बात से स्वयं का समाधान करेगा कि किसी भी मतपेटी के साथ किसी भी प्रकार से वास्तव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है.

(ड.) यदि निर्वाचन अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि किसी मतपेटी के साथ वास्तव में कोई गड़बड़ी हुई है तो वह उस मतपेटी में अंतविष्ट मतपत्रों की गणना नहीं करेगा तथा उस मतदान केन्द्र के संबंध में नियम–49 में अधिकथित प्रक्रिया का पालन करेगा.

(3) निर्वाचन अधिकारी, यथासाध्य मतों की गणना निरंतर चालू रखेगा तथा किन्हीं आवश्यक अन्तरालों के दौरान, जिसके दौरान मतगणना स्थगित की जाए, निर्वाचन से संबंधित मतपत्रों, पैकेटों तथा अन्य दस्तावेजों को, उसकी स्वयं की मुद्रा तथा ऐसे अभ्यर्थियों या अभिकर्ताओं की मुद्रा, जैसा कि उन पर लगाने की वांछा की जाए, के अधीन रखेगा और उनकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिये पर्याप्त सावधानी रखवाएगा.

45. **गणना के लिये स्थान पर प्रवेश** – पीठासीन अधिकारी मतगणना के नियत स्थान पर निम्नलिखित को छोड़कर सभी व्यक्तियों का प्रवेश अपवर्जित करेगा –

(क) ऐसे व्यक्ति जो गणना पर्यवेक्षकों तथा गणना सहायकों के रूप में ज्ञात हों, जिन्हें वह गणना में अपनी सहायता के लिये नियुक्त करें.

(ख) सरकार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति;

(ग) निर्वाचन से संबंधित कर्तव्य पर उपस्थित लोक सेवक; और

(घ) अभ्यर्थी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता तथा प्रत्येक अभ्यर्थी का एक प्रतिनिधि जिसे अभ्यर्थियों द्वारा लिखित में गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया हो.

46. **मतपत्रों का रद्द किया जाना** – (1) ऐसे साधारण या विशेष निर्देशों के, यदि कोई हों, अध्यधीन रहते हुए, जैसे कि संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त दिये जाये, मतपत्रों की गणना मतदान केन्द्रवार की जायेगी.

(2) निर्वाचन अधिकारी मतपत्र को रद्द कर देगा –

(क) यदि उस पर कोई चिन्ह या लिखावट है जिससे निर्वाचक की पहचान हो सके; या

(ख) यदि उस पर कोई चिन्ह नहीं है जिससे मत उपदर्शित हो, उस पर और कहीं चिन्ह लगा है या मतपत्र में स्पष्टतः अभ्यर्थियों में से किसी अभ्यर्थी के चिन्ह के पास या इस प्रयोजन के लिये प्रदाय किये गये उपकरण से भिन्न किसी उपकरण से कोई चिन्ह लगा है; या

(ग) यदि उस पर एक से अधिक अभ्यर्थी के पक्ष में मतदान किया गया है; या

(घ) यदि उस पर मत उपदर्शित करते हुये कोई निशान ऐसी रीति में दिया गया है जो यह शंकास्पद बनाता हो कि किस अभ्यर्थी को मत दिया गया है; या

(ड.) यदि वह एक नकली मतपत्र है; या

(च) यदि वह ऐसा क्षतिग्रस्त या बिगड़े स्वरूप में है जिससे वास्तविक मतपत्र के रूप में उसकी पहचान न की जा सके; या

(छ) यदि उसका अनुक्रमांक या उसकी डिजाइन, यथास्थिति, उस मतपत्र के अनुक्रमांक या डिजाइन से भिन्न है जो विशिष्ट मतदान केन्द्र पर उपयोग के लिये प्राधिकृत किया गया है; या

(ज) यदि उस पर दोनों सुभेदक चिन्ह नहीं है तथा हस्ताक्षर नहीं है जो नियम 32 के उपनियम (2) के उपबंधों के अधीन होने चाहिए :

परन्तु, जहां निर्वाचन अधिकारी का समाधान हो जाता है कि खण्ड (छ) या खण्ड (ज) में वर्णित कोई ऐसी त्रुटि पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी की गलती या असफलता के कारण हुई है, जो मतपत्र केवल ऐसी त्रुटि के कारण निरस्त नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि मतपत्र केवल ऐसे आधार पर निरस्त नहीं किया जायेगा कि मत उपदर्शित करता हुआ निशान अस्पष्ट या एक से अधिकबार लगाया गया है, यदि उस तरीके से, जिससे मतपत्र पर निशान लगाया गया है, यह स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि किसी विशिष्ट अभ्यर्थी के लिये मत दिया गया है.

(3) निर्वाचन अधिकारी, उपनियम (1) के अधीन किसी मतपत्र को निरस्त करने से पूर्व उपस्थित प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को मतपत्र का निरीक्षण करने हेतु युक्ति–युक्त अवसर अनुज्ञात करेगा, किन्तु उसको इसे या अन्य मतपत्र का प्रयोग करने को अनुज्ञात नहीं करेगा.

(4) निर्वाचन अधिकारी, प्रत्येक मतपत्र पर जिसको वह निरस्त करता है, शब्द "निरस्त" तथा निरस्त करने का आधार संक्षिप्त रूप में या तो स्वयं के हाथ से या रबर स्टाम्प द्वारा पृष्ठांकित करेगा और ऐसे पृष्ठांकन पर आद्याक्षर करेगा.

(5) इन नियम के अधीन निरस्त किये गये समस्त मतपत्र एक साथ बांधें जायेंगे.

(6) प्रत्येक मतपत्र की गणना जो इस नियम के अधीन निरस्त नहीं किये गये हैं, एक विधिमान्य के रूप में की जायेगी :

परन्तु ऐसे कवर, जिनमें निविदत्त मतपत्र अन्तर्विष्ट हों, खोले नहीं जायेंगे और किसी ऐसे मतपत्र की गणना नहीं की जाएगी.

(7) किसी जल उपभोक्ता संथा में उपयोग की गई समस्त मतपेटियों में अन्तर्विष्ट समस्त मतपत्रों की गणना पूर्ण होने के पश्चात्, निर्वाचन अधिकारी, प्ररूप 16 में परिणाम–पत्रक (रिजल्ट शीट) में प्रविष्टियां करेगा तथा विशिष्टियों की उद्घोषणा करेगा.

(8) मतपत्र की विधिमान्यता के बारे में निर्वाचन अधिकारी का विनिश्चय केवल जांच के अधीन रहते हुये अंतिम होगा.

47. मतों की पुनर्गणना –

(1) नियम 46 के उपनियम (7) के अधीन की गई ऐसी उद्घोषणा के बाद, कोई अभ्यर्थी या उसकी अनुपस्थिति में उसका निर्वाचन अभिकर्ता या उसका कोई मतगणना अभिकर्ता, निर्वाचन अधिकारी को मतों की या तो पूर्णतः या भागतः पुनर्गणना करने के लिये उन आधारों की कथित करते हुये जिन पर वह ऐसी पुनर्गणना की मांग करे आवेदन कर सकेगा.

(2) ऐसे आवेदन किये जाने पर निर्वाचन अधिकारी, मामले को विनिश्चित करेगा तथा आवेदन को पूर्णतः या भागतः मंजूर कर सकेगा या उसे पूर्णतः निरस्त कर सकेगा, यदि उसे यह तुच्छ या अयुक्तियुक्त प्रतीत होता हो.

(3) उपनियम (2) के अधीन निर्वाचन अधिकारी का प्रत्येक विनिश्चय लिखित में होगा तथा उसके लिये कारण अन्तर्विष्ट होंगे.

(4) यदि निर्वाचन अधिकारी, मतों की पुर्नगणना या तो पूर्णतः या अंशतः अनुज्ञात करने का उपनियम (2) के अधीन विनिश्चय करता है तो वह –

(क) नियम 45 तथा 46 के अनुसार पुनर्गणना के लिये इंतजाम करेगा;

(ख) ऐसी पुनर्गणना के बाद प्ररूप 16 में परिणाम पत्रक में आवश्यक सीमा तक संशोधन करेगा;

(ग) उसके द्वारा इस प्रकार किए गये संशोधनों की उद्घोषणा करेगा.

(5) उपनियम (4) के अधीन प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा मतदान में प्राप्त मतों की कुल संख्या की उद्घोषणा कर दिये जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी, प्ररूप 16 में परिणाम पत्रक पूर्ण करेगा तथा उस पर हस्ताक्षर करेगा और उसके बाद और या द्वितीय पुनर्गणना के लिये आवेदन ग्रहण नहीं किये जाएंगे.

48. मत बराबर होना – यदि मतों की गणना पूर्ण होने के पश्चात् किन्हीं अभ्यर्थियों के बीच मत बराबर होना पाया जाता है तथा उनमें से कोई अभ्यर्थी एक मत की बढ़त से निर्वाचित घोषित हो सकता है, तो निर्वाचन अधिकारी उन अभ्यर्थियों के बीच लाट द्वारा तुरंत विनिश्चय करेगा मानों कि जिसको लाट निकालता है उसके अतिरिक्त मत प्राप्त किया था.

49. मतों की गणना के समय विघ्न – (1) यदि मतों की गणना पूर्ण होने के पूर्व किसी समय किसी मतदान केन्द्र या मतदान के लिये नियत स्थान पर उपयोग किये गये मतपत्र, निर्वाचन अधिकारी की अभिरक्षा से अविधिमान्यतः ले लिये जाएं या दुर्घटनावश या आशयपूर्वक नष्ट कर दिए जाए या खो जाएं अथवा इस सीमा तक क्षतिग्रस्त या बिगाढ़ दिये जाएं कि उस मतदान केन्द्र या स्थान पर मतदान का परिणाम अभिनिश्चित नहीं किया जा सके तो निर्वाचन अधिकारी मामले की रिपोर्ट संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को तत्काल करेगा.

(2) तदुपरांत संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी, समस्त तात्विक परिस्थितियों पर विचार करने के पश्चात् या तो :–

(क) मतों की गणना को रोकने का निदेश दे सकेगा, उस मतदान केन्द्र या स्थान के मतदान को शून्य घोषित कर सकेगा, उस मतदान केन्द्र या स्थान पर नए मतदान कराने के लिये दिन तथा समय नियत कर सकेगा तथा इस प्रकार नियत तारीख और नियत समय को ऐसी रीति में अधिसूचित करेगा, जैसा कि वह उचित समझे; या

(ख) यदि यह समाधान हो जाता है कि उस मतदान केन्द्र या स्थान पर नये मतदान का परिणाम, निर्वाचन के परिणाम को किसी तरीके से प्रभावित नहीं करेगा, निर्वाचन अधिकारी को ऐसे निर्देश जारी कर सकेगा, जैसा कि वह नर्वाचन को फिर से चालू करने तथा पूर्ण करने के लिये और उस निर्वाचन के जिसके संबंध में मतों की गणना हो गई है, आगे संचालन और पूर्ण करने के लिये समुचित समझे.

(3) इन नियमों तथा उसके अधीन बनाये गये किन्हीं नियमों या किए गए किन्हीं आदेशों के उपबंध किसी तथा प्रत्येक ऐसे नए मतदान को उसी प्रकार लागू होंगे, जैसे कि वह मूल मतदान को लागू होते है.

50. **उपयोग किये गये मत–पत्रों को सीलबंद करना** – (1) प्रत्येक अभ्यर्थी के विधिमान्य मतपत्र तथा निरस्त मतपत्र उसके बाद पृथक–पृथक बंडलों में बांधे जायेंगे और अलग–अलग बांधे गये बंडल, पृथक्–पृथक् पैकेट में होंगे जो निर्वाचन अधिकारी की मुद्रा सहित सीलबंद होंगे और ऐसे अभ्यर्थियों के, उनके निर्वाचन अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता चाहे तो उस पर उनकी मुद्रा लगा सकते है तथा इस प्रकार सीलबंद पैकटों पर निम्नलिखित विशिष्टियां अभिलिखित होंगे, अर्थात–

(क) मतदान केन्द्र का क्रमांक, वार्ड का क्रमांक/जल उपभोक्ता संथा/जन पंचायत का नाम; तथा

(ख) गणना की तिथि।

51. **मतपत्रों का कपड़े के थैले (बैग) में अंतरण** – नियम 45, 46 तथा 50 को उपबंध, जहां तक हो सके, मतपत्रों की गणना और उन मतों के संबंध में लागू होंगे जिनका मतपेटियों से कपड़े के थैलों में या क्लाथ लाइन कवर में अन्तरण नियम 42 के उपनियम (6) के अधीन किया जाएगा :

परंतु उक्त नियमों मे मतपेटी के संबंध में प्रत्येक निदेश का यह अर्थ लगाया जायेगा कि वह ऐसे थैले या लिफाफे के प्रति संदर्भ है जिसमें मतपेटी की अंतर्वस्तु अंतरित कर दी गई है.

52. **नए मतदान की दशा में मतों की गणना** – (1) जब नियम 57 के उपनियम (7) के अधीन तथा मतदान किया जाये तो निर्वाचन अधिकारी, उस मतदान के पूर्ण होने के पश्चात् ऐसी तारीख और समय तथा स्थान पर, जो कि उसके द्वारा इस निमित्त नियत किया जाए, और जिसके लिये अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को पूर्व में सूचना दे दी गई हो, मतों की गणना पुनः प्रारंभ करेगा;

(2) ऐसी और गणना में, जहां तक हो सके, नियम 43 और 50 के उपबंध लागू होंगे.

53. **परिणाम की घोषणा** – (1) नियम 48 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए जहां तक वे किसी विशिष्ट मामले में लागू होते हों, निर्वाचन अधिकारी :–

(क) प्ररूप 17 में ऐसे अभ्यर्थी की, जिसे कि सर्वाधिक वैध मत प्राप्त हों, (नियम 46 के अधीन निर्वाचित होना) घोषणा करेगा और उसकी हस्ताक्षरित प्रतियां संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी और जिला निर्वाचन प्राधिकारी को भेजेगा, और

(ख) प्ररूप 16 में निर्वाचन के परिणाम की प्रविष्टियां पूर्ण करेगा तथा उसकी हस्ताक्षरित प्रतियां संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी तथा जिला निर्वाचन प्राधिकारी को भेजेगा.

(2) प्ररूप 16 में परिणाम पत्रक (शीट) की प्रतियां, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को फीस का भुगतान करने पर, जो कि अन्य सरकारी अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियों के प्रदाय के लिए प्रभारित की जाती है, प्रदाय की जाएगी. प्ररूप 17 की प्रतियां भी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रति के लिए दो रूपये का भुगतान करने पर प्रदान की जायेगी, जिला निर्वाचन प्राधिकारी या निर्वाचन अधिकारी प्राप्त होने पर ऊपर निर्दिष्ट प्रमाणित प्रतियां जारी करेगा.

54. **निर्वाचन प्रमाण–पत्र का प्रदान करना** – यथास्थिति, नियम 20 के अधीन या नियम 55 के अधीन निर्वाचन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी को निर्वाचित घोषित किया जाने के पश्चात् निर्वाचन अधिकारी यथाशक्यशीघ्र, ऐसे अभ्यर्थी को प्ररूप 18 में निर्वाचन का प्रमाण–पत्र प्रदान करेगा तथा अभ्यर्थी से इसकी प्राप्ति की अभिस्वीकृति उसके द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित की हुई अभिप्राप्त करेगा और अभिस्वीकृति, रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को सूचित करते हुए जिला निर्वाचन प्राधिकारी को तत्काल भेजेगा.

55. **परिणाम का प्रकाशन** – निर्वाचन अधिकारी, संबंधित जल उपभोक्ता संथा के कार्यालय में सूचना पटल पर उसके द्वारा हस्ताक्षरित एक अधिसूचना सम्यक् रूप से निर्वाचित अभ्यर्थी का नाम कथित करते हुए प्रकाशित करेगा.

56. **मतपत्रों का निपटारा** – (1) संभागीय निर्वाचन अधिकारी, परिणामों की घोषणा के पश्चात् विवरणी (रिटर्न) की एक प्रति संबद्ध समक्ष प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा तथा संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को उन मतपत्रों का जिनकी गणना की हुई हो, जो निरस्त हों या निविदत्त हों, पैकेट सौंपेगा. यह पैकेट खोले नहीं जायेंगे और निर्वाचन संबंधी विवादों का विनिश्चय करने के लिये सक्षम प्राधिकारी के आदेशों के सिवाय, उनकी अन्वर्तस्तुओं का निरीक्षण या उन्हें पेश नहीं किया जायेगा.

(2) इस प्रकार प्राधिकृत कोई अधिकारी, पैकेट और मतदाता सूची की चिन्हित प्रतियां एक वर्ष के भीतर वापस करेगा और इसके पश्चात् जब तक कि निर्वाचन संबंधी विवादों का विनिश्चय करने वाले किसी सक्षम प्राधिकारी के आदेशों द्वारा अन्यथा निदेशित न किया जाये उन्हें नष्ट करवा देगा.

57. **आपात स्थितियों में मतदान का स्थगन** – (1) जहां किसी मतदान केन्द्र पर की कार्यवाहियां किसी बलवा अथवा खुली हिंसा या अन्य कारण से गंभीररूप से बाधित या अवरूद्ध हो या जहां बड़ी संख्या में निर्वाचक, किसी मतदान केन्द्र पर किसी दैवीय घटना, जैसे बाढ़ या अग्नि के कारण मतदान करने के लिये उपस्थित होने में असमर्थ हों वहां पीठासीन अधिकारी, जिला निर्वाचन प्राधिकारी के आदेशों की प्राप्ति के लंबित रहने तक मतदान रोकेगा. इस तथ्य की सूचना कि मतदान इस प्रकार रोक दिया गया है पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों पर उपस्थित व्यक्तियों को तुरंत दी जायेगी.

(2) जहां कोई पीठासीन अधिकारी, उपनियम (1) के अधीन किसी मतदान को रोकता है कि वह नियम 42 तथा 43 में अधिकथित प्रक्रिया का अनुपालन करेगा तथा परिस्थितियों की एक विस्तृत रिपोर्ट निर्वाचन अधिकारी को तुरंत भेजेगा जो उसे अपनी टिप्पणी के साथ, यदि कोई हो संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को तत्काल अग्रेषित करेगा.

(3) तदुपरांत संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी उस पर यह आदेश करेगा कि :—

(क) मतदान केन्द्र पर मतदान उतने घंटों के लिये चालू किया जाये जितने के लिए वह पूर्व अवसर पर नहीं हुआ था बशर्ते कि कम से कम 50 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत डाले हो; या

(ख) पूर्व अवसर पर मतदान केन्द्र पर की गई मतदान की कार्यवाही को अनदेखा किया जाये और से मतदान केन्द्र पर पूर्ण समय के लिये नया मतदान कराया जाये, जिसके लिये यह पूर्व अवसर पर लिया गया होता; और

(ग) इस उपनियम के अधीन संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा पारित किया गया कोई आदेश अंतिम होगा.

(4) उपनियम (3) के अधीन पारित किसी आदेश में :—

(क) निम्नलिखित के संबंध में विवरण होगा —

(एक) वह तारीख तथा वह समय, जिसके बीच यथास्थिति मतदान या नया मतदान किया जाएगा; और

(दो) वह तारीख जिसको कि तथा वह स्थान और समय जिस पर कि नियम 52 के अधीन निर्वाचन अधिकारी मतों की गणना प्रारंभ करेगा; और

(ख) निर्वाचन अधिकारी द्वारा, खंड (क) के अधीन मतदान की तारीख, स्थान तथा समय नियत करने की घोषणा का संबंधित मतदान क्षेत्र में व्यापक प्रचार, ऐसी रीति में, जैसा कि जिला निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा निर्देशित किया जाये, किया जाएगा.

(5) (क) जहां कोई आदेश उपनियम (3) के खंड (क) के अधीन मतदान के जारी रखने के लिये पारित किया जाये तो निर्वाचन अधिकारी नियम 29 के उपनियम (1) के अधीन नई कार्यवाही करेगा तथा उपनियम के अधीन नियुक्त किये गये पीठासीन अधिकारी को, इस नियम के उपनियम (2) के अधीन उसके द्वारा प्राप्त किये गये समस्त पैकेट वापिस कर देगा.

(ख) पीठासीन अधिकारी अनुवृत्ति मतदान प्रारंभ के ठीक पूर्व से व्यक्तियों की उपस्थित में, जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित हों, पैकेट खोलेगा और उपनियम (3) के खंड (क) के अधीन संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश में उसके लिये नियत किए गये समय पर ऐसा मतदान प्रारंभ करेगा.

(ग) अनुवृत्ति (कंटीन्यूएशन) मतदान में पीठासीन अधिकारी केवल ऐसे निर्वाचकों को मत देने के लिए अनुज्ञात करेगा जिन्होंने पूर्व अवसर पर मतदान नहीं किया हो.

(घ) निर्वाचन अधिकारी, ऐसे निर्वाचन में डाले गये मतों की गिनती तब तक नहीं करेगा जब तक कि ऐसा अनुवृत्ति मतदान या नया मतदान पूर्ण नहीं हो जाता.

(ङ) निर्वाचन अधिकारी ऐसे मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी को, जहां कि अनुवृत्ति मतदान होना है, सीलबंद पैकेट, जिसमें निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति अन्तर्विष्ट हो, मतपेटी तथा ऐसी अन्य सामग्री, जो कि मतदान के लिये अपेक्षित हो प्रदान करेगा.

(6) जहां उपनियम (3) के खंड (ख) के अधीन नए सिरे से मतदान कराने का कोई आदेश पारित किया जाता है वहां निर्वाचन अधिकारी, नियम 29 के उपनियम (1) के अधीन नए सिरे से कार्यवाही करेगा तथा इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सभी दृष्टि से, संबंधित मतदान केन्द्रों पर इस प्रकार नया मतदान कराया जायेगा मानों कि ऐसे मतदान केन्द्र पर वह प्रथम बार कराया जा रहा हो.

स्पष्टीकरण :– इस उपनियम के अधीन आने वाले मामलों में कोई नया नामनिर्देशन नहीं होगा.

(7) इस नियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी यदि उपनियम (3) के अधीन संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा आदेश पारित करने के पूर्व किसी भी समय या यथास्थिति से आदेश पारित किये जाने के पश्चात् किन्तु अनुवृत्ति मतदान प्रारंभ होने के पूर्व किसी भी समय किसी अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाती है तो निर्वाचन अधिकारी, अथ्यर्थी की मृत्यु के तथ्य से स्वयं का समाधान हो जाने पर, संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को उस तथ्य की सूचना देगा, निर्वाचन के संबंध में आगे की समस्त कार्यवाहिंयां रोक देगा और सभी दृष्टि से, निर्वाचन की ऐसी कार्यवाहियां नए सिरे से शुरू करेगा जैसी कि नए निर्वाचन के लिए की जाती है :

परन्तु शेष उन अभ्यथियों के मामले में, नए नामनिर्देशन की आवश्यकता नहीं होगी, जो कि मतदान रोके जाने के समय नामनिर्दिष्ट हो चुके थे.

58. **आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना.**– जल उपभोक्ता संथा के सदस्य या अध्यक्ष के पद को कोई आकस्मिक रिक्ति, ऐसी रिक्ति होने की तारीख से तीस दिन की कालावधि के भीतर, इन नियमों तथा उनके अधीन किये गये आदेशों के उपबंधों का अनुसरण करते हुए संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी करने पर भरी जायेगी.

59. **कतिपय मामलों में सरकार की शक्ति.**– यदि इन नियमों के निर्वाचन के संबंध मे, नियमों के अधीन की गई जांच से संसक्त से अन्यथा किसी भी निर्वाचन की विधिमान्यमता के बारे में विवादों का विनिश्चय करने के लिए या अधिनियम के उपबंधों को प्रभावशील करने में होने वाली किसी कठिनाई को दूर करने में कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो वह प्रश्न सरकार को निर्दिष्ट किया जायेगा जिसका विनिश्चय उस पर अंतिम होगा.

60. **कतिपय मामलों में तारीख आदि नियत करने की निर्वाचन अधिकारी की शक्ति** – इन नियमों के पूर्ववर्ती उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी सरकार या संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी विशिष्टतया किसी जल उपभोक्ता संथा के मामले में नामनिर्देशन फाइल किये जाने के पूर्व निर्वाचन अधिकारी को, निर्वाचन संबंधी कार्यवाही या उससे संबंधित सभी या उसके किसी भी चरण के लिये इन नियमों द्वारा इनके अधीन विनिर्दिष्ट या नियत्त की गई तारीखों से भिन्न तारीखें तथा कालावधि नियत करने के लिये, सशक्त कर सकेगा.

अध्याय – छः

प्रबंध समिति के सदस्य तथा वितरिका समिति के अध्यक्ष का निर्वाचन

इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट सदस्यों का निर्वाचन, धारा 7 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट वितरिका समिति के सदस्यों के विशेष सम्मिलन में अधिसूचित जनपद पंचायत के कार्यालय में किया जायेगा निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर या जिला निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत सरकार का कोई राजपत्रित अधिकारी होगा,

निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन के प्रयोजन के लिये मतदाता सूची संप्रदर्शित करेगा तथा उसे जनपद पंचायत के सूचना पटल पर, निर्वाचन के लिये सूचना के साथ प्रदर्शित करेगा.

निर्वाचन की सूचना, निर्वाचन की तारीख, स्थान तथा समय देते हुए प्ररूप 19 में हिंदी भाषा में संप्रदर्शित की जायेगी तथा निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट वितरिका समिति के सदस्यों को, अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (2) के अधीन सदस्यों के निर्वाचन की तारीख से कम से कम स्पष्ट दो दिन अग्रिम में भेजी जायेगी.

निर्वाचन मतदान द्वारा कराया जायेगा तथा एक दिन में संपन्न होगा. कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगाः–

(एक) नामनिर्देशनों की प्राप्ति – पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे तक

(दो) नामनिर्देशनों की जांच तथा नामनिर्देशनों की अंतिम सूची का प्रकाशन – 12.30 बजे से 1300 बजे तक

(तीन) नामनिर्देशनों की वापसी – 13.00 बजे से 13.30 बजे तक

(चार) निर्वाचन लड़ने वालों की अंतिम सूची का प्रकाशन – 14.00 बजे

(पांच) निर्वाचन की दशा में मतदान 15.00 बजे से – 17.00 बजे तक

(छः) मतगणना तथा परिणाम की घोषणा मतदान के तत्काल बाद,

परंतु नामनिर्देशन फाइल करने की प्रक्रिया नियम 13 से 19 के अनुसार होगी.

यदि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या एक से अधिक है तो मतदान कराया जायेगा, यदि केवल एक विधिमान्य नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थी है तो निर्वाचन अधिकारी ऐसे अभ्यर्थी को तत्काल प्ररूप 28 में सम्यक्रूप से निर्वाचित घोषित करेगा तथा उसे संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी तथा जिला निर्वाचन प्राधिकारी को भेजेगा.

निर्वाचन की दशा में मतपत्र, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम वर्णानुक्रम में प्ररूप 26 तथा 27 में हिंदी भाषा में तैयार किये जायेंगे जो अध्यक्ष तथा प्रबंध समिति के सदस्यों के पद के लिये पृथक् से तैयार किये जायेंगे तथा निर्वाचन, संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा यथा निर्देशित रूप में संचालित किया जाएगा.

67. मतदान की समाप्ति पर, निर्वाचन अधिकारी पृथक्–पृथक् रूप से, प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों का निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिये दिये गये मतों की गणना करने की तत्काल व्यवस्था करेगा तथा अभ्यर्थियों को निम्नानुसार प्ररूप 28 में निर्वाचित घोषित करेगा :–

(क) अभ्यर्थी जिसने अध्यक्ष पद के लिये दिये गये मतों में सबसे अधिक मत प्राप्त किए हैं, वितरिका समिति के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित ; तथा

(दो) अभ्यर्थी जिसने दिये गये मतों में अवरोही क्रम में सबसे अधिक मत प्राप्त किए है, वह उस वितरिका समिति की प्रबंध समिति के संख्या की सीमा तक प्रबंध समिति के सदस्य के पदों पर यथा निर्वाचित घोषित किया जायेगा.

68. दो अभ्यर्थियों के मध्य मतों की समानता की दशा में, निर्वाचन अधिकारी, सदस्यों की उपस्थिति में लाट निकालेगा तथा जिस अभ्यर्थी का नाम प्रथम निकलेगा, वह सम्यक्‌रूप से निर्वाचित घोषित किया जायेगा.

69. निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के तत्काल बाद निर्वाचन अधिकारी, सम्मिलन की कार्यवाहियों का एक अभिलेख तैयार करेगा तथा उसमें किये गये प्रत्येक सुधार पर अपने आद्यक्षर सहित अनुप्रमाणित कर हस्ताक्षर करेगा तथा कार्यवाहियों के उक्त अभिलेख को सम्मिलन में भाग लेने वाले सदस्यों की बहु संख्या द्वारा भी अनुप्रमाणित किया जावेगा. वह जनपद पंचायत के सूचना पट्ट पर भी एक सूचना अपने हस्ताक्षर से, अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (2) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में तथा वितरिका समिति के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित व्यक्ति का नाम कथित करते हुए प्रकाशित करेगा तथा ऐसी सूचना की एक प्रति संबंधित जिला निर्वाचन प्राधिकारी तथा संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को भेजेगा. इस सूचना की एक प्रति उस अभ्यर्थी को भी जो वितरिका समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित हुआ है दी जायेगी.

70. इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी निर्वाचन अधिकारी लिखित में अभिलिखित पर्याप्त कारणों से नियम 61 के अधीन बुलाए गए विशेष सम्मिलित की तारीख में, परिवर्तन का समय–समय पर निदेश दे सकेगा तथा जिला निर्वाचन प्राधिकारी तथा संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को सूचित करेगा.

71. अधिनियम की धारा 8 के उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट सदस्य के निर्वाचन के संचालन के लिये कोई सम्मिलन तब तक नहीं होगा जब तक कि वितरिका समिति के कम से कम आधे सदस्य, जो निर्वाचन में मतदान के हकदार हैं, उपस्थित नहीं होते.

अध्याय– सात

72. **प्रबंध समिति के सदस्य और परियोजना समिति के अध्यक्ष का निर्वाचन** – इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट सदस्यों का निर्वाचन धारा 10 की उपधारा (2) (3) (4) में विनिर्दिष्ट परियोजना समिति के सदस्यों के विशेष सम्मिलन में, अधिसूचित जनपद पंचायत के कार्यालय में होगा. निर्वाचन अधिकारी. कलेक्टर या जिला निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत सरकार का कोई राजपत्रित अधिकारी होगा.

73. निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन के प्रयोजन के लिये मतदाता सूची संप्रदर्शित करेगा तथा इसे जनपद पंचायत के सूचना पट्ट पर निर्वाचन के लिये सूचना के साथ प्रदर्शित करेगा.

74. निर्वाचन की सूचना, निर्वाचन की तारीख, स्थान तथा समय देते हुए प्ररूप 29 में हिन्दी भाषा में संप्रदर्शित की जायेगी और अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (2) (3) (4) में विनिर्दिष्ट परियोजना समिति के सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा, अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन सदस्यों के निर्वाचन की तारीख से कम से कम स्पष्ट दो दिन अग्रिम में दी जायेगी.

75. निर्वाचन गुप्त मतदान द्वारा किया जायेगा और एक ही दिन में सम्पन्न होगा. कार्यक्रम निम्नानुसार होगा :–

(एक) नामनिर्देशनों की प्राप्ति – पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे तक

(दो) नामनिर्देशनों की जांच तथा नामनिर्देशनों की अंतिम सूची का प्रकाशन 12.30 बजे से 13.00 बजे तक

(तीन) नामनिर्देशनों की वापसी – 13.00 बजे से 13.30 बजे तक

(चार) निर्वाचन लड़ने वालों की अंतिम सूची का प्रकाशन 14.00 बजे

(पांच) चुनाव की दशा में मतदान – 15.00 बजे से 17.00 बजे तक

(छह) मतों की गिनती तथा परिणाम की घोषणा – मतदान के तत्काल बाद,

परन्तु नामनिर्देशन फाइल करने की प्रक्रिया, निर्वाचन नियम के अध्याय 3 के नियम 17 से 25 के अनुसार होगी.

76. यदि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या एक से अधिक है तो मतदान कराया जायेगा. यदि एक ही विधिमान्य रूप से नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थी है तो निर्वाचन अधिकारी ऐसे अभ्यर्थी को तत्काल प्ररूप 36 में सम्यक्रूप से यथानिर्वाचित घोषित करेगा और एक प्रति संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी तथा जिला निर्वाचन प्राधिकारी को भेजेगा.

77. चुनाव की दशा में, प्रबंध समिति के **अध्यक्ष** और सदस्यों के पदों के लिए पृथक्–पृथक् रूप से, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के हिन्दी भाषा में वर्णक्रमानुसार नाम अन्तर्विष्ट करते हुए मतपत्र प्ररूप 36 तथा 37 में तैयार किये जायेंगे और निर्वाचन, इस प्रकार संचालित कराए जाएंगे, जैसा कि संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी विनिर्दिष्ट करें.

78. निर्वाचन प्राधिकारी पृथक् से प्रबंध समिति के **अध्यक्ष** तथा सदस्यों के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को दिये गये मतों की गणना की तुरन्त व्यवस्था करेगा तथा अभ्यर्थियों को निम्नानुसार प्ररूप 38 में यथानिर्वाचित घोषित करेगा :–

(एक) अभ्यर्थी जो अध्यक्ष के पद के लिये दिये गये मतों में सबसे अधिक मत प्राप्त करता है, परियोजना समिति के अध्यक्ष के पद पर यथानिर्वाचित; तथा

(दो) अभ्यर्थी जिसने दिये गये मतों में अवरोही क्रम में सबसे अधिक मत प्राप्त किए हैं, वह उस परियोजना समिति की प्रबंध समिति के स्ट्रेंथ की सीमा तक प्रबंध समिति के सदस्य के पद पर यथानिर्वाचित.

79. दो अभ्यर्थियों के बीच मतों के बराबर होने की दशा में, निर्वाचन अधिकारी, सदस्यों की उपस्थिति में लॉट निकालेगा तथा जिस अभ्यर्थी का नाम प्रथम निकलेगा, वह सम्यक्रूप से निर्वाचित घोषित किया जायेगा.

80. चुनाव के परिणाम घोषित करने के तुरंत बाद निर्वाचन अधिकारी, सम्मिलन की कार्यवाहियों का एक अभिलेख तैयार करेगा तथा उसमें किये गये प्रत्येक सुधार को अनुप्रमाणित करते हुए अपने आद्याक्षर सहित हस्ताक्षर करेगा और कार्यवाहियों के उक्त अभिलेख को सम्मिलन में भाग लेने वाले सदस्यों की बहुसंख्या द्वारा भी अनुप्रमाणित किया जायेगा. वह जनपद पंचायत के सूचना पटल पर अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन यथाविनिर्दिष्ट प्रबंध समिति के सदस्य तथा परियोजना समिति के **अध्यक्ष** के पद के लिए निर्वाचित व्यक्ति का नाम कथित करते हुए अपने द्वारा हस्ताक्षरित एक सूचना भी प्रकाशित करेगा तथा ऐसी सूचना की एक प्रति संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को भेजेगा. इस सूचना की एक प्रति ऐसे अभ्यर्थी को भी जो परियोजना समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया है, दी जायेगी.

81. इन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी निर्वाचन अधिकारी लिखित में अभिलिखित पर्याप्त कारणों से, नियम 61 के अधीन बुलाए गए जिसे सम्मिलिन की तारीख में परिवर्तन का समय–समय पर निदेश दे सकेगा और जिला निर्वाचन प्राधिकारी और संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी को सूचित करेगा.

82. अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट सदस्य के निर्वाचन के लिये कोई सम्मिलन तब तक नहीं होगा, जब तक कि परियोजना समिति के आधे सदस्य, जो निर्वाचन में मतदान के हकदार है, उपस्थित नहीं हों.

प्ररूप 1

[नियम 17 का उपनियम (2) देखिए]

जल उपभोक्ता संथा (संथाओं) के प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के निर्वाचन हेतु सूचना

जिला .... में

यह एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला .... में जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के निर्वाचन का संचालन निम्नानुसार किया जाएगा.

(1) नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये जाएंगे :–

(क) तारीख .... को

(ख) समय .... बजे से .... बजे तक.

(2) नाम निर्देशन पत्रों के जांच की तारीख ....

(3) अभ्यर्थिता वापस लेने की तारीख ....

(4) मतदान की तारीख ....

(5) निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना की तारीख ....

(6) परिणामों की घोषणा एवं प्रकाशन की तारीख ....

संभागीय निर्वाचन प्राधिकारी/ जिला निर्वाचन प्राधिकारी.

[नियम 17 का उपनियम (2) देखिए]

जल उपभोक्ता संथा .... के प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद के लिये निर्वाचन हेतु सूचना

एतदद्वारा यह सूचना दी जाती है कि –

1. जल उपभोक्ता संथा .... का प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के निर्वाचन हेतु निर्वाचन किया जाना है.
2. नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थी द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को, तारीख .... से .... तक 10.30 बजे (पूर्वान्ह) से 17.00 बजे तक परिदत्त किये जा सकते है.
3. नाम निर्देशन पत्र के प्ररूप पूर्वोक्त स्थान एवं समय पर प्राप्त किये जा सकते हैं.
4. नाम निर्देशन पत्रों की जांच .... (स्थान) पर तारीख .... को .... बजे की जाएगी.
5. अभ्यर्थी या उसके प्रस्तावक या निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा, अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता को .... कार्यालय में .... को 15.00 बजे के पूर्व प्रेषित की जा सकती है.
6. निर्वाचन कराये जाने की दशा में मतदान तारीख .... को .... 7.00 बजे से 13.00 बजे तक कराया जाएगा.
7. मतदान समाप्ति के पश्चात् मतगणना शुरू हो जाएगी और उसके पश्चात् परिणाम तुरन्त घोषित किये जाएंगे.

स्थान : ....

तारीख : ....

निर्वाचन अधिकारी.

प्ररूप 3

[नियम 19 का उपनियम (1) देखिए]

जल उपभोक्ता संथा ....

नाम निर्देशन–पत्र

1. जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य का नाम ....
2. .... प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का नाम या क्रम संख्या
3. अभ्यर्थी का पूरा नाम ....
4. पिता अथवा पति का नाम ....
5. अभ्यर्थी की निर्वाचन नामावली में क्रम संख्या ....
6. आयु ....
7. लिंग ....
8. वर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य) ....
9. (क) व्यवसाय ....
   (ख) स्थायी पता ....
   (ग) अस्थायी पता ....
10. प्रस्तावक का पूरा नाम ....
11. निर्वाचन नामावली में प्रस्तावक की क्रम संख्या ....
12. प्रस्तावक के हस्ताक्षर ....

अभ्यर्थी की घोषणा

मैं घोषणा करता हूं कि मैं निर्वाचन हेतु पात्र हूं एवं निर्वाचन में खड़ा होने का इच्छुक हूं तथा ऊपर दर्शाई गई मेरी आयु सही है.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर.

उपरोक्त घोषणा का मेरे .... (अधिकारी का नाम) समक्ष श्री .... द्वारा सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञान किया गया, जिसे मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं, जिसे श्री .... ग्राम .... द्वारा मेरे समाधानप्रद रूप में पहचाना गया.

ग्राम प्रशासनिक अधिकारी या अन्य किसी अधिकारी के हस्ताक्षर, जो मंडल राजस्व अधिकारी पद

निर्वाचन अधिकारी या अन्य प्राधिकृत व्यक्ति

पृष्ठांकन—अनुक्रमांक

यह नाम निर्देशन पत्र मुझे प्रस्तुत किया गया .... (व्यक्ति का नाम) .... स्थान, तारीख, तथा समय ....

तारीख : निर्वाचन अधिकारी या अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर.

नाम निर्देशन पत्र को स्वीकृत या अस्वीकृत किये जाने का अधिकारी का विनिश्चय.

मैंने इस नाम निर्देशन पत्र को नियम 8 के अनुसार समझा दिया है और नियमानुसार विनिश्चय करता हूं.

तारीख .... निर्वाचन अधिकारी.

नाम निर्देशन पत्र की प्राप्ति और जांच की सूचना

(नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को सौंपे जाने के लिये)

नाम निर्देशन पत्र की क्रम संख्या ....

जल उपभोक्ता संथा .... की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के निर्वाचन के लिए/प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक .... से (निर्वाचन हेतु) अभ्यर्थी .... का नाम निर्देशन पत्र मुझे .... स्थान, ... तारीख, ... समय, ... अभ्यर्थी/प्रस्तावक द्वारा परिदत्त किया गया.

सभी नाम निर्देशन पत्रों की जांच .... (तारीख) को .... (समय), ... स्थान पर की जाएगी.

तारीख : निर्वाचन अधिकारी या अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर.

प्ररूप 4

[नियम 22 देखिए]

जल उपभोक्ता संथा .... की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु .... (तारीख) को प्राप्त नाम निर्देशनों की सूची

नाम निर्देशन पत्र की क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	आयु	लिंग	जाति (अनु.जा./अ.ज.जा./अन्य पि.व./सा.)	व्यवसाय एवं पता	मतदाता सूची में अभ्यर्थी की क्रम संख्या	प्रस्तावक का नाम	प्रस्तावक का मतदाता सूची में क्रम संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

नाम निर्देशन पत्रों की जांच तारीख .... को पूर्वान्ह/अपरान्ह .... (स्थान) पर की जाएगी.

स्थान : ....

तारीख : ....

निर्वाचन अधिकारी
या अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर.

प्ररूप 5

[नियम 23 का उपनियम (5) देखिए]

विधिमान्य नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची

जिले का नाम.. प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र/जल उपभोक्ता संथा का नाम........ .... जल उपभोक्ता संथा.. की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य का निर्वाचन.

आबंटित क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	अभ्यर्थी का पता
1	2	3
1.		
2.		
3.		
4.		
आदि		

स्थान :– ....

तारीख :– ....

निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 6

[नियम 24 का उपनियम (1) देखिए]

नाम वापसी की सूचना

जल उपभोक्ता संथा.................... की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

प्रति,

निर्वाचन अधिकारी,

मैं .... उपर्युक्त निर्वाचन में विधिमान्यतः नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थी, एतद्द्वारा, सूचना देता हूं कि मैं अभ्यर्थिता वापस लेता हूं.

स्थान :– ....

तारीख :–.. अभ्यार्थी के हस्ताक्षर

यह सूचना मुझे मेरे कार्यालय में (नाम) श्री.. द्वारा (तारीख) .... को .... (समय) दी गई.

तारीख :–.. निर्वाचन अधिकारी

नाम वापसी हेतु सूचना के लिये प्राप्ति स्वीकृति

(सूचना देने वाले व्यक्ति को सौंपे जाने के लिये)

जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी श्री.. .... द्वारा मुझे अपनी अभ्यार्थिता की वापसी हेतु यह सूचना मेरे कार्यालय में भी .... द्वारा (तारीख)................................ को.. (समय) .... दी गई।

तारीख :–.. निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 7

[नियम 24 का उपनियम (2) देखिए]

अभ्यर्थिता की वापसी की सूचना

जल उपभोक्ता संथा...की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त निर्वाचन में निम्नलिखित विधिमान्य नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों ने आज उसकी/उनकी अभ्यर्थिता वापस ली.

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	आबंटित चिन्ह
(1)	(2)	(3)
1.		
2.		
3.		
4.		
आदि		

तारीख :–....................................... निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 8

[नियम 25 का उपनियम (1) देखिए]

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची

जल उपभोक्ता संथा............................ की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

क्रम संख्या (1)	अभ्यर्थी का नाम (2)	आबंटित/समनुदेशित चिन्ह (3)
1.		
2.		
3.		
4.		
आदि		

स्थान :– ....

तारीख :–...

निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 9´

[नियम 26 का उपनियम (2) देखिए]

निर्वाचन नियमों के नियम 20 (2) के अधीन निर्वाचन के परिणाम की घोषणा

निर्वाचन नियमों के नियम 20 (2) के अनुसार मैं घोषणा करता हूं कि निम्नलिखित अभ्यर्थी जल उपभोक्ता संथा .... की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद के लिये सम्यक् रूप से निर्वाचित हुआ.

नाम : ....

पता : ....

....

....

स्थान :– ....

तारीख :– .... निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 10

[नियम 28 का उपनियम (1) देखिए]

निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति

(दो प्रतियों में प्रस्तुत करें)

जल उपभोक्ता संथा.. की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

प्रति,

निर्वाचन अधिकारी,

मैं,.. उक्त निर्वाचन में जल उपभोक्ता संथा .... की प्रबंध समिति के अध्यक्ष के पद हेतु अभ्यर्थी, एतद्द्वारा श्री.......................... .... निवासी.. को आज तारीख से उक्त निर्वाचन हेतु अपना अभिकर्ता नियुक्त करता हूं.

स्थान :– ....

तारीख :–..

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

मैं, उक्त नियुक्ति को स्वीकार करता हूं.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

मैं, एतद्द्वारा उक्त नियुक्ति स्वीकार और अनुमोदित करता हूं.

स्थान :– ....

तारीख :–..

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 11

[नियम 28 का उपनियम (2) (ख) देखिए]

मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति

जल उपभोक्ता संथा................................ की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

मैं,..एक अभ्यर्थी/श्री.. जो उक्त निर्वाचन मैं अभ्यर्थी है, का चुनाव अभिकर्ता, एतद्द्वारा श्री.. को .... के मतदान हेतु नियत.. में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक .... पर उपस्थित होने हेतु मतदान अभिकर्ता के रूप में नियुक्त करता हूं

अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता
के हस्ताक्षर

मैं, एतद्द्वारा उक्त नियुक्ति स्वीकार और अनुमोदित करता हूं

स्थान :– ....

तारीख :–..

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 12

[नियम 28 का उपनियम (3)(ख) देखिए]

गणना अभिकर्ता की नियुक्ति

(दो प्रतियों में प्रस्तुत करें)

जल उपभोक्ता संथा.................................. की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

प्रति,

निर्वाचन अधिकारी,

मैं... एक अभ्यर्थी/श्री.. जो उक्त निर्वाचन में अभ्यर्थी है, का निर्वाचन अभिकर्ता, एतद्द्वारा, निम्नलिखित व्यक्तियों को .... (स्थान) पर मतगणना में उपस्थित रहने हेतु मेरे मतगणना अभिकर्ताओं के रूप में नियुक्त करता हूं.

क्रम संख्या	मतगणना अभिकर्ता का नाम	मतगणना अभिकर्ता का पता
(1)	(2)	(3)
1.		
2.		
3.		

अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता
के हस्ताक्षर

मैं/हम मतगणन्ना अभिकर्ता/अभिकर्ताओं के रूप में कार्य करने के लिए सहमत है.

अभिकर्ता के हस्ताक्षर

मैं, एतद्द्वारा उक्त नियुक्ति को स्वीकार और अनुमोदित करता हूं.

स्थान :– ....
तारीख :–..

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 13

[नियम 38 का उपनियम (2) देखिए]

निविदत्त मतपत्रों की सूची

मतदान केन्द्र क्रमांक................................ प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक..........................

जल उपभोक्ता संथा.................................. की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

क्रम संख्या	निर्वाचक का नाम	मतदाता सूची में क्रमांक, अनुभाग क्रमांक, जल उपभोक्ता संथा का नाम	निविदत्त मतपत्र का क्रमांक	निर्वाचक के हस्ताक्षर या मत निविदत्त करने वाले व्यक्ति के अंगूठे का निशान	मतपत्र का क्रमांक, जो उस व्यक्ति जो पूर्व में ही मतदान कर चुका हैं, प्रदाय किया गया है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

स्थान :– ....

तारीख :– ....

पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 14

[नियम 39 का उपनियम (2) (ग) देखिए]

चुनौती दिए गये मतों की सूची

मतदान केन्द्र क्रमांक.. प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक.........................

जल उपभोक्ता संथा.. की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

क्रम संख्या	जल उपभोक्ता संथा की मतदाता सूची में निर्वाचकों की संख्या/केन्द्र क्रमांक	निर्वाचक का नाम	चुनौती दिये गये व्यक्ति के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान एवं उसका पता	चुनौती देने वाले का नाम	पहचान करने वाले के यदि कोई हो तो हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान	मतदान अधिकारी का आदेश	निक्षेप का प्रतिदाय (रिफंड) प्राप्त होने पर चुनौतीकर्ता के हस्ताक्षर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

स्थान :– ....

तारीख :–.. पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 15

[नियम 42 का उपनियम (8) देखिए]

भाग — 1

मतपत्र लेखा

जल उपभोक्ता संथा.. की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

मतदान केन्द्र की क्रम संख्या तथा नाम

प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक..................................

जल उपभोक्ता संथा..

क्रम संख्या .... से .... तक

कुल संख्या...

---

1. प्राप्त मतपत्र ....
2. मतपत्र जो उपयोग में नही लाये गये ....

   (अर्थात जो मतदाताओं को प्रदाय नहीं किये गये)

   (क) मतदान अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित ....

   (ख) मतदान अधिकारी के हस्ताक्षरों के बिना ....

   *कुल (क + ख) ....
3. *मतदान केन्द्र पर उपयोग किये गये मतपत्र (1–2 = 3) ....
4. मतदान केन्द्र पर उपयोग किये गये मतपत्र जो मत पेटी में नहीं डाले गये......................

   (क) नियम 20 के अधीन मतदान प्रक्रिया के अतिक्रमण के कारण रद्द किये गये मतपत्र..................................

   (ख) अन्य कारणों से रद्द किये गये मतपत्र ....

   (ग) निविदत्त मतपत्रों के रूप में उपयोग किये गये मतपत्र ....

   *कुल (क + ख + ग) ....
5. *मतपेटी में पाये जाने वाले मतपत्र

   (3–4 = 5)

पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर

भाग – 2

गणना परिणाम

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	डाले गये वैध मतों की संख्या
(1)	(2)	(3)
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		
आदि		

दो – निरस्त किये गये मतपत्र

तीन – योग

क्या मद क्रमांक 3 के सामने दर्शाये गए मतपत्रों की कुल संख्या भाग–1 की मद क्रमांक 5 के सामने दर्शाये योग के अनुरूप है, अथवा इन दोनों योगों के बीच कोई फर्क जानकारी में आया है.

स्थान :– ....

तारीख* :–.. गणना पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर

स्थान :– ....

तारीख :–.. निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

ऐसे शब्दों को काट दिया जाए जो लागू न हों.

प्ररूप 16

[नियम 46 (7) तथा 53 (1) (ख) देखिए]

अंतिम परिणाम पत्रक

(मतदान-केन्द्र पर मतदान के परिणाम के अभिलेखन हेतु उपयोग किया जाए)

जल उपभोक्ता संथा..की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

क्रम संख्या	मतदान केन्द्र की क्रम संख्या	के पक्ष में डाले गए वैध मतों की संख्या				वैध मतों की कुल संख्या	निरस्त किये गये मतों की कुल संख्या	योग	निविदत्त मतों की संख्या
		(क)	(ख)	(ग)	(घ)				
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)

मतदान केंद्रों पर कुल दर्ज किये गये मतों की कुल संख्या..

डाक मतपत्र द्वारा दिये गये मतों की संख्या..

स्थान :– ....

तारीख :–...　　　　निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 17

[नियम 53 का उपनियम (1) (क) देखिए]

अंतिम परिणाम पत्रक

(जब किसी स्थान के लिये निर्वाचन होना हो, तब निर्वाचन में उपयोग के लिये)

निर्वाचन नियमों के नियम 53 के अधीन निर्वाचन के परिणाम की घोषणा

छत्तीसगढ़ सिंचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी निर्वाचन नियम, 2006 के नियम 53 के अनुसार

मैं, घोषित करता हूं कि निम्नलिखित अभ्यर्थी जल उपभोक्त संथा.. की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य पद हेतु सम्यक् रूप से निर्वाचित हुए.

जल उपभोक्ता संथा...: की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य

नाम...

पता...

....

हस्ताक्षर

निर्वाचन अधिकारी

ऐसे शब्दों को काट दिया जाए जो लागू न हों.

प्ररूप 18

[नियम 54 देखिए]

निर्वाचन प्रमाण पत्र

मैं, ... जल उपभोक्ता संथा.. के लिये निर्वाचन अधिकारी, एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि.. (दिवस) .... 200.............. को मैंने श्री.. को जल उपभोक्ता संथा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य पद हेतु सम्यक् रूप से निर्वाचित घोषित किया है और उसके प्रमाण स्वरूप मैंने उसे यह निर्वाचन प्रमाण–पत्र प्रदान किया है.

निर्वाचन अधिकारी

मुद्रा

प्ररूप 19

[नियम 63 तथा 64 देखिए]

सिंचाई प्रणाली की.............................. वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :–

1. सिंचाई प्रणाली की.. वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्यों को निर्वाचित करने हेतु निर्वाचन (तारीख) .... को किया जाएगा।
2. नाम निर्देशन पत्र किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा (तारीख) ....को पूर्वान्ह 11.00 से 12.00 अपरान्ह के मध्य (स्थान) .... पर अधोहस्ताक्षरकर्ता को परिदत्त या उसके समक्ष दाखिल किये जा सकते हैं.
3. नाम निर्देशन पत्र के प्ररूप, अधोहस्ताक्षरकर्ता से पूर्वोक्तानुसार दाखिल करने के लिये विनिर्दिष्ट समय से एक घंटा पूर्व प्राप्त किये जा सकते हैं.
4. नाम निर्देशन पत्रों की जांच (तारीख) .... को 12.30 बजे से 13.00 बजे के मध्य (स्थान) .... में की जाएगी.
5. किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अभ्यर्थिता की वापसी की सूचना (तारीख)........ .... को 13.00 बजे से 13.30 बजे के मध्य (स्थान) .... में दी जा सकती है.
6. निर्वाचन कराए जाने की स्थिति में मतदान (तारीख) .... को 15.00 बजे से 17.00 बजे के मध्य कराया जाएगा.
7. गणना, मतदान पूर्ण होने पर प्रारंभ की जाएगी और परिणाम उसके बाद तुरंत घोषित कर दिए जाएंगे.

स्थान :– ....

तारीख :–...

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 20

[नियम 19 का उपनियम (1) देखिए]

वितरिका समिति..

नाम निर्देशन–पत्र

1. पद का नाम ....
   (क) अध्यक्ष, प्रबंध समिति ....
   (ख) सदस्य, प्रबंध समिति ....
2. जल उपभोक्ता संस्था का नाम, जिसके लिये वह अध्यक्ष निर्वाचित हुआ है ....
3. अभ्यर्थी का पूरा नाम, उपनाम सहित ....
4. पिता या पति का नाम ....
5. आयु ....
6. लिंग ....
7. वर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य) ....
8. (क) व्यवसाय ....
   (ख) स्थायी पता ....
   (ग) अस्थायी पता ....
9. प्रस्तावक का पूरा नाम ....
10. जल उपभोक्ता संथा, ... जिसके लिये वह अध्यक्ष घोषित किया गया ....
11. प्रस्तावक का हस्ताक्षर ....

(पूरा नाम)

तारीख ....

अभ्यर्थी की घोषणा

मैं, घोषणा करता हूं, कि मैं पात्र हूं और निर्वाचन में खड़े होने का इच्छुक हूं.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पूरा नाम..........

यह नाम निर्देशन पत्र मुझे..........(व्यक्ति) द्वारा (स्थान).......... में तारीख.......... और समय.......... प्रस्तुत किया गया.

निर्वाचन अधिकारी या

अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत या अस्वीकृत करने वाले निर्वाचन अधिकारी का विनिश्चय

मैंने, इस नाम निर्देशन पत्र की जांच की और निम्नानुसार विनिश्चिय करता हूं.

तारीख : .... निर्वाचन अधिकारी

नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु पावती और जांच हेतु सूचना

(नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को दी जाए)

नाम निर्देशन पत्र की क्रम संख्या.. वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के निर्वाचन के लिये अभ्यर्थी श्री.. का नाम निर्देशन पत्र मुझे .... अभ्यर्थी/प्रस्तावक द्वारा... (तारीख)......................................(समय).................. .... को दिया गया.

सभी नाम निर्देशन पत्रों की जांच (तारीख)................................. को ....(समय) .... स्थान..................................... में की जाएगी.

तारीख.. निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 21

[नियम 22 देखिए]

.... वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद के लिये

तारीख ....

को प्राप्त नाम निर्देशनों की सूची

नाम निर्देशन पत्र की क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	जल उपभोक्ता संथा का नाम	व्यवसाय एवं पता	मतदाता सूची में क्रम संख्या	प्रस्तावक का नाम	प्रस्ताव जल की उपभोक्ता संथा का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

नाम निर्देशन पत्रों की जांच तारीख .... को 12.30 बजे से 13.00 बजे के बीच .... (स्थान) में की जाएगी.

स्थान :–..

तारीख :–...

निर्वाचन अधिकारी या
अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

प्ररूप 22

[नियम 23 (5) देखिए]

जांच के पश्चात् वैध नाम निर्देशनों की सूची

वितरिका समिति का नाम...

.... **वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य का निर्वाचन**

आबंटित अनुक्रमांक	अभ्यर्थी का नाम	जल उपभोक्ता संथा का नाम जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है
(1)	(2)	(3)
1		
2		
3		
4		
5		
आदि		

स्थान :– ....

तारीख :–..

निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 23

[नियम 24 का उपनियम (1) देखिए]

अभ्यर्थी द्वारा दी गई नाम वापसी की सूचना

.... वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

मैं, ... उपरोक्त निर्वाचन में विधिमान्यतः नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थी के रूप में एतद्द्वारा, सूचना देता हूं कि मैं अपनी अभ्यर्थिता वापस लेता हूं.

स्थान :– ....

तारीख :–.. अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

यह सूचना मुझे मेरे कार्यालय में श्री .... (नाम) द्वारा तारीख.................. .... को (स्थान) .... में परिदत्त की.

तारीख :–.. निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 24

[नियम 24 का उपनियम (2) देखिए]

अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी को प्रज्ञापित करने वाली सूचना

.... **वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त निर्वाचन के लिये निम्नलिखित विधिमान्य नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों ने आज उसकी/उनकी अभ्यर्थिता वापस ले ली है.

आबंटित क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	वह तारीख जिसको नाम वापसी की सूचना परिदत्त की गई
(1)	(2)	(3)
1		
2		
3		
4		
5		
आदि		

स्थान :– ....

तारीख :–..

निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 25

[नियम 25 (1) देखिए]

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची

.... वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

आबंटित क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम
(1)	(2)
1	
2	
3	
4	
5	
आदि	

स्थान :– ....

तारीख :– ....

निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 26

[नियम 66 देखिए]

मतपत्र

.... वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष के पद हेतु मतपत्र

मतदाता की क्रम संख्या .... हस्ताक्षर/–

पंजीयन क्रमांक.. अंगूठा निशान.

.... वितरिका समिति

प्रबंध समिति के अध्यक्ष के पद हेतु मदपत्र ....

पंजीयन क्रमांक......................

	अभ्यर्थी का नाम हिंदी में वर्ण क्रमानुसार	खाने में दिये गये स्थान में सिर्फ एक नाम के सामने (√) चिन्ह लगाये
1	नाम	☐
2	नाम	☐
3	नाम	☐
4	नाम	☐
5	नाम	☐
6	नाम	☐

1. वितरिका समिति का नाम ....
2. मतदान की तारीख ....
3. मतदान का स्थान ....

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 27

[नियम 66 देखिए]

मतपत्र

.... वितरिका समिति

प्रबंध समिति का सदस्य..

मतदाता की क्रम संख्या..

पंजीयन .... क्रमांक ....

हस्ताक्षर / अंगूठा निशान

.... वितरिका समिति

सदस्य/प्रबंध समिति ....

पंजीयन क्रमांक...

अभ्यर्थी का नाम हिंदी में वर्ण क्रमानुसार		खाने में दिये गये स्थान में उतने अभ्यर्थियों के सामने (√) चिन्ह लगाये जितनी प्रबंध समिति में पदों की संख्या हो.
1	नाम	☐
2	नाम	☐
3	नाम	☐
4	नाम	☐
5	नाम	☐
6	नाम	☐

1. वितरिका समिति का नाम ....
2. मतदान की तारीख ....
3. मतदान का स्थान ....

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 28

[नियम 26 का उपनियम (2) तथा नियम 67 देखिए]

निर्वाचन के परिणाम की घोषणा

नियम 62 के अनुसार, मैं, घोषणा करता हूं कि निम्नलिखित अभ्यर्थी.. वितरिका समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य पद हेतु, सम्यक् रूप से, निर्वाचित किये गये.

नाम :..

पता..

स्थान ....

तारीख ....

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 29

[नियम 74 देखिए]

.... सिंचाई प्रणाली की................................ परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष /सदस्य के पद हेतु निर्वाचन सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि –

1. .... सिंचाई प्रणाली की .... परियोजना समिति की प्रबंध समिति के संभावित/सदस्यों को निर्वाचित करने हेतु निर्वाचन (तारीख) .... को कराया जायेगा.
2. नामनिर्देशन–पत्र किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा (तारीख) .... को (स्थान).. पर पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे के मध्य अधोहस्ताक्षरकर्ता को परिदत्त या उसके समक्ष दाखिल किये जा सकते है.
3. नाम निर्देशन पत्र के प्ररूप अधोहस्ताक्षरकर्ता से पूर्वोक्तानुसार दाखिल करने के लिए विनिर्दिष्ट समय से एक घंटा पूर्व प्राप्त किये जा सकते हैं.
4. नाम निर्देशन पत्रों की जांच हेतु (तारीख) .... को .... (स्थान) 12.30 अपरान्ह से 13.00 अपरान्ह के मध्य की जाएगी.
5. अभ्यर्थी द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अभ्यर्थिता की वापसी की सूचना तारीख .... को (स्थान) .... में अपरान्ह 13.00 बजे से अपरान्ह 13.30 बजे के मध्य दी जा सकती है.
6. निर्वाचन कराये जाने की स्थिति में ....मतदान तारीख .... को अपरान्ह 15.00 बजे से अपरान्ह 17.00 बजे के मध्य कराया जाएगा.
7. गणना, मतदान पूर्ण होने के पश्चात् प्रारंभ की जाएगी एवं परिणाम उसके बाद तुरंत घोषित कर दिये जाएंगे.

स्थान ....

तारीख ....

निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 30

[नियम 19 (1) देखिए]

परियोजना समिति..................................

नाम निर्देशन – पत्र

1. कार्यालय का नाम ....
   (क) प्रबंध समिति का **अध्यक्ष** ....
   (ख) प्रबंध समिति का सदस्य...
2. वितरिका समिति का नाम, जिसके लिये वह अध्यक्ष निर्वाचित हुआ है.................. ....
3. अभ्यर्थी का पूरा नाम, उपनाम सहित..
4. पिता अथवा पति का नाम ....
5. आयु ....
6. लिंग ....
7 जाति (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य) ....
8. (क) व्यवसाय ....
   (ख) स्थायी पता ....
   (ग) अस्थायी पता ....
9. प्रस्तावक का पूरा नाम ....
10. जल उपभोक्ता संथा .... जिसके लिये
    बह अध्यक्ष घोषित किया गया ....
11. प्रस्तावक का हस्ताक्षर...

(नाम बड़े अक्षरों में)

तारीख...............................

अभ्यर्थी की घोषणा

मैं घोषणा करता हूं कि मैं पात्र हूं एवं निर्वाचन में खड़ा होना चाहता हूं.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

(नाम बड़े अक्षरों में)

यह नाम निर्देशन–पत्र मुझे श्री .... (व्यक्ति) द्वारा तारीख .... को (स्थान) .... में .... समय .... बजे प्रस्तुत किया गया.

निर्वाचन अधिकारी या अन्य
प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

निर्वाचन अधिकारी का निर्देशन–पत्र को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का विनिश्चिय

मैंने इस नाम निर्देशन–पत्र का परीक्षण किया है तथा निम्नानुसार विनिश्चिय करता हूं ....

....

तारीख .... निर्वाचन अधिकारी

नाम निर्देशन–पत्र के लिये पावती और जांच हेतु सूचना

(नाम निर्देशन–पत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को प्रदाय करने के लिए)

नाम निर्देशन–पत्र का क्रम संख्या ....

श्री .... का ....परियोजना समिति की प्रबंध समिति के **अध्यक्ष**/सदस्य .... के निर्वाचन हेतु, अभ्यर्थी का नाम निर्देशन–पत्र मुझे (तारीख) .... को (समय) .... अभ्यर्थी/प्रस्तावक .... द्वारा दिया गया.

सभी नाम निर्देशन–पत्रों की जांच तारीख .... को (समय) .... (स्थान).. पर की जाएगी.

तारीख .... निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 31

[नियम 22 देखिए]

.... परियोजन समिति के अध्यक्ष /सदस्य पद के लिये

तारीख .... को प्राप्त नाम निर्देशनों की सूची

नाम निर्देशन पत्र की क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	वितरिका समिति का नाम	व्यवसाय एवं पता	मतदाता सूची में क्रम संख्या	प्रस्तावक का नाम	प्रस्ताव की वितरिका समिति का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

सभी नाम निर्देशन पत्रों की जांच की तारीख .... को 12.30 बजे अपरान्ह से 13.00 बजे अपरान्ह के मध्य .... (स्थान) में की जाएगी.

स्थान :- ....

तारीख :- ....

निर्वाचन अधिकारी या

अन्य प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

प्ररूप 32

[नियम 23 का उपनियम (5) देखिए]

जांच के पश्चात् वैध नाम निर्देशनों की सूची

परियोजना समिति का नाम ....

परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य का निर्वाचन

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	जल वितरिका समिति का नाम, जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है
(1)	(2)	(3)
1		
2		
3		
4		
5		
आदि		

स्थान :– ....

तारीख :–..

निर्वाचन अधिकारी

प्ररूप 33

[नियम 24 का उपनियम (1) देखिए]

अभ्यर्थी द्वारा दी गई अभ्यर्थीता वापसी की सूचना

....परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष /सदस्य हेतु निर्वाचन

मैं, ... उपर्युक्त निर्वाचन में विधिमान्य रूप से नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थी .... एतद्द्वारा, सूचना देता हूं कि मैं .... अभ्यर्थिता वापस लेता हूं.

स्थान :– ....

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

तारीख :–..

यह सूचना मुझे मेरे कार्यालय में श्री .... (नाम) द्वारा तारीख .... को (समय) .... दी गई.

स्थान :– ....

निर्वाचन अधिकारी

तारीख :–..

प्ररूप 34

[नियम 24 का उपनियम (2) देखिए]

अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी को प्रज्ञापित करने वाली सूचना

.....................................परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सदस्य हेतु निर्वाचन

निम्नलिखित वैधानिक रूप से नाम निर्देशित अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों के इस निर्वाचन हेतु उसकी/उनकी अभ्यर्थिता आज वापस लेते हैं.

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त निर्वाचन में निम्नलिखित विधिमान्यतः नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थी/अभ्यिर्थियों ने आज अपनी अभ्यिर्थिता वापस ली है.

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम	वह तारीख जिसको नाम वापसी की सूचना परिदत्त की गई
(1)	(2)	(3)
1		
2		
3		
4		
5		
आदि		

स्थान :– ....

तारीख :–...

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 35

[नियम 25 का उपनियम (1) देखिए]

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची

.................................परियोजना समिति की प्रबंध समिति के अध्यक्ष /सदस्य के पद हेतु निर्वाचन

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम
(1)	(2)
1	
2	
3	
4	
5	
आदि	

स्थान :- ....

तारीख :-...

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 36

[नियम 76 देखिए]

मतपत्र

....परियोजना समिति/प्रबंध समिति के अध्यक्ष के लिए मतपत्र

मतदाता की क्रम संख्या.................................

पंजीयन क्रमांक.. हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान

.... परियोजना समिति/प्रबंध समिति के अध्यक्ष के लिए मतपत्र

पंजीयन क्रमांक...................................

पंजीयन क्रमांक...................................

	अभ्यर्थी का नाम हिंदी में वर्ण क्रमानुसार	खाने में दिये गये स्थान में केवल एक नाम के सामने (√) चिन्ह लगाये
1	नाम	☐
2	नाम	☐
3	नाम	☐
4	नाम	☐
5	नाम	☐
6	नाम	☐

1. परियोजना समिति का नाम ....
2. मतदान की तारीख ....
3. मतदान का स्थान ....

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 37

[नियम 76 देखिए]

मतपत्र

....परियोजना समिति

प्रबंध समिति का सदस्य ....

मतदाता की क्रम संख्या ....

पंजीयन .... क्रमांक ....

हस्ताक्षर/
अंगूठा निशान

.... परियोजना समिति

प्रबंध समिति का सदस्य ....

पंजीयन क्रमांक..

अभ्यर्थी का नाम हिंदी में वर्ण क्रमानुसार		खाने में दिये गये स्थान में उतने अभ्यर्थियों के सामने (√) चिन्ह लगाये जितनी प्रबंध समिति में पदों की संख्या हो.
1	नाम	☐
2	नाम	☐
3	नाम	☐
4	नाम	☐
5	नाम	☐
6	नाम	☐

1. परियोजना समिति का नाम ....
2. मतदान की तारीख ....
3. मतदान का स्थान ....

निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप 38

[नियम 26 का उपनियम (2) तथा 78 देखिए]

निर्वाचन नियमों के नियम 73 के अधीन निर्वाचन परिणाम की घोषणा

निर्वाचन नियम के नियम 73 के अनुसार, मैं, घोषणा करता हूं कि निम्नलिखित अभ्यर्थी परियोजना समिति की प्रबंध समिति के **अध्यक्ष** /सदस्य पद हेतु, सम्यक रूप से, निर्वाचित हो गया है/हो गये है.

नाम : ....

पता : ....

स्थान :– ....

तारीख :–.. निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

"CHHATTISGARH SINCHAI PRABANDHAN ME KRISHKON KI BHAGIDARI NIRVACHAN NIYAM, 2006 "

TABLE OF CONTENTS

Sections:-

CHAPTER-I

1. Short title and commencement

2. Definitions

CHAPTER-II

ADMINISTRATIVE MACHINERY FOR THE CONDUCT OF ELECTIONS

3. Authorities for the Conduct of elections

4. District Election Authority

5. Election Officer

6. Assistant Election Officers

7. Assistant Election Officer to perform functions of the Election Officer

8. Election Officer to act in the manner provided

9. Polling Stations

10. Presiding Officers and Polling Officers

CHAPTER III

RESERVATION OF TERRITORIAL CONSTITUENCIES AND IN FARMERS ORGANISATION

11. Powers of Collector to determine reserved seats for Territorial Constituencies -

12. Reservation in Distributory Committee and Project Committee-

CHAPTER IV

ELECTORAL ROLL FOR THE WATER USERS ASSOCIATION

13. Electoral Roll For The Water Users Association

14. Language of the Roll

15. Preparation of copies of rolls

16. Sale of electoral rolls and custody of rolls

CHAPTER-V

ELECTION OF MEMBER OF THE MANAGING COMMITTEE AND PRESIDENT OF WATER USERS' ASSOCIATION

17. Public Notice of Election

18. Special Election Programme

19. Nomination of Candidates

20. Presentation of Nomination Paper and Requirements of Valid Nomination

21. Security Deposits

22. Publication of Nominations

23. Scrutiny of Nomination Papers

24. Withdrawal of Candidature

25. Publication of list of contesting candidates

26. Declaration of Result of Uncontested Candidate

27. Death of Candidate Before poll

28. Appointment of agents

29. Voting

30. Right to vote

31. Arrangements of polling station
31-A. Preparation of ballot boxes

32. Form of ballot paper.-

33. Issue of Ballot Papers

34. Maintenance of Secrecy of voting by Electors and Voting Procedure

35. Blind and Infirm Voters

36. Facilities to Women Electors

37. Identification of Electors

38. Tendered Votes

39. Challenging of Identity

40. Safeguards against Impersonation

